

- ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल - 12



- पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी - 12



- कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे - 13



- संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकते हैं मैच- 14


आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.17
सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी उपरांत 09:41 त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 16 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 209, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे पीएनजी उपभोक्ता

- सरकार ने लगाई रोक, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) का कनेक्शन रखने वाले वाले परिवारों के लिए सब्सिडी वाला एलपीजी कनेक्शन रखने या लेने पर रोक लगा दी है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति में संकट के चलते क्षेत्र के नियामक ने शहर गैस वितरण कंपनियों से अपने पीएनजी ढांचे का विस्तार तेजी से करने को कहा है, जिससे रसोई गैस की आपूर्ति पर दबाव कम किया जा सके।

इसके तहत अब पीएनजी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए अपने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर करना जरूरी हो गया है। संशोधित आदेश में



कहा गया है, वितरक उन उपभोक्ताओं को भरा गैस सिलेंडर नहीं देंगे, जिनके पास पहले से एलपीजी कनेक्शन हैं। इस कदम का मकसद उन घरों के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देना है जिनके पास पाइप के जरिये गैस की आपूर्ति की सुविधा नहीं है।

## ईरान ने सऊदी अरब सहित अन्य खाड़ी देशों पर मिसाइल-ड्रोन दागे

- पहली बार ईरान ने दी खुली धमकी, यूएई के लोगों से तीन बंदरगाह खाली करने को कहा

काहिरा, एजेंसी

ईरान ने हमलों का दायरा और व्यापक करने की धमकी दिए जाने के बीच इजराइल और फारस की खाड़ी के आसपास के पड़ोसी देशों पर हमले किए। इस संघर्ष के कारण वैश्विक विमानन सेवाएं अस्त-व्यस्त हो गई हैं, तेल निर्यात बाधित हुआ है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में वृद्धि हुई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें आशा है कि तेल व गैस के निर्यात पर निर्भर देश हॉर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा के लिए अपने युद्धपोत भेजेंगे। हालांकि रविवार तक किसी भी देश ने इसके लिए प्रतिबद्धता नहीं जताई, लेकिन कुछ देशों ने कहा कि वे इस पर विचार कर रहे हैं। इजराइल ने कहा कि उसने रविवार को भी ईरान पर हमले जारी रखे। बहरीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने रविवार को अपने निवासियों को चेतावनी दी कि वे उनकी ओर आ रहीं मिसाइल रोकने की दिशा में कदम उठा रहे हैं। इससे पहले, ईरान ने लोगों से संयुक्त अरब अमीरात के तीन बंदरगाहों को खाली करने का आग्रह किया था। यह पहली बार है जब ईरान ने किसी पड़ोसी देश की गैर-अमेरिकी परिसंपत्तियों पर हमले की खुले तौर पर धमकी दी। ईरान ने कोई साक्ष्य दिए बिना कहा कि अमेरिका ने ईरान के तेल निर्यात के मुख्य टर्मिनल वाले खार्ग द्वीप पर हमला करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में बंदरगाहों, डॉक और ठिकानों का इस्तेमाल किया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका ने संयुक्त अरब अमीरात से खार्ग और अबू मूसा द्वीपों पर हमले किए। उन्होंने कहा कि यह स्थिति खतरनाक है और ईरान कोशिश करेगा कि 'वहां किसी भी आबादी वाले इलाके पर हमला न किया जाए।



ईरानी हमले के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणाली ने मिसाइलों को रोकने के लिए गोलीबारी की।

### भारत का टैंकर यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद सुरक्षित निकला

नई दिल्ली। तेल टर्मिनल पर हमले के बावजूद यूएई के फुजैराह से तेल भरने के बाद भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का एक टैंकर सुरक्षित निकल गया है। सरकार ने रविवार एक अद्यतन सूचना में कहा कि वह पश्चिम एशिया में स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और स्थिर ईंधन आपूर्ति और समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। जग लाडकी नाम का यह जहाज, जिसमें लगभग 80,800 टन मुरबन कच्चा तेल है, फुजैराह से भारतीय समय के अनुसार 10 .30 बजे निकला और इस पर सवार सभी सदस्य सुरक्षित हैं, और अब यह भारत के लिए रवाना हो गया है। 'जग लाडकी' चौथा भारतीय ध्वजवाहक जहाज है जो युद्ध क्षेत्र से बिना किसी नुकसान के बाहर निकला है।

## ब्रीफ न्यूज

### रैपर बादशाह को जान से मारने की धमकी, 'टटीरी' पर विवाद बढ़ा

चंडीगढ़। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के कथित सहयोगियों से जुड़ी एक अपुष्ट पोस्ट रविवार को सोशल मीडिया पर सामने आई, जिसमें रैपर-संगीतकार बादशाह को जान से मारने की धमकी दी गई है। बादशाह के नाम से लोकप्रिय आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया अपने नए हरियाणवी गीत 'टटीरी' के जारी होने के बाद विवादों में घिर गए हैं। गीत के अश्लील बोल और अनुचित दृश्यों को लेकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है और राज्य महिला आयोग ने उन्हें तलब किया है। फेसबुक पर सामने आई कथित पोस्ट में आरोप लगाया गया कि रैपर ने हरियाणा की संस्कृति को खराब करने की कोशिश की है।

### करूर भगदड़ : सीबीआई ने टीवीके के प्रमुख विजय से सात घंटे पूछताछ की

नई दिल्ली। सीबीआई ने पिछले साल तमिलनाडु के करूर में टीवीके की रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत के मामले में रविवार को यहां अपने मुख्यालय में पार्टी के प्रमुख और अभिनेता विजय से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय पूछताछ और अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शाम करीब छह बजे एजेंसी के मुख्यालय से रवाना हुए। विजय से तीसरी बार पूछताछ की गई है।

## पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु व असम समेत 5 राज्यों में चुनाव घोषित, नतीजे 4 मई को

### चुनाव आयोग ने तारीखों का किया एलान, 23 और 29 अप्रैल को बंगाल में होगी वोटिंग

- तमिलनाडु में 23 अप्रैल, असम और केरल-पुडुचेरी में 9 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की। सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बंगाल में दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को मतदान होगा। कुमार ने बताया कि केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 824 सीटों पर मतगणना चार मई को होगी। चुनाव हिंसा या प्रलोभन से मुक्त होने चाहिए और आयोग किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। कुमार के साथ दो निर्वाचन आयुक्त - सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, शुद्ध मतदाता सूची हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है, किसी भी पात्र मतदाता को हटाया नहीं जाना चाहिए और किसी भी अपात्र मतदाता को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, गोवा, कर्नाटक, नगालैंड, त्रिपुरा की पांच सीटों पर उपचुनाव 9 अप्रैल को होंगे जबकि गुजरात व महाराष्ट्र की तीन सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे।





नई दिल्ली में चुनाव के बारे में घोषणा करते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

### राज्यों में विधानसभा की संख्या

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 234 |
| प. बंगाल | 294 |
| केरल | 140 |
| असम | 126 |
| पुडुचेरी | 33 |

### चुनाव के लिए 824 निर्वाचन क्षेत्र तय, 17.4 करोड़ मतदाता डालेंगे वोट

पांच राज्य विधानसभाओं के 824 निर्वाचन क्षेत्रों के चुनावों में कुल 17 .4 करोड़ मतदाता मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2 .19 लाख मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जहां 25 लाख चुनाव अधिकारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के कुल मतदाताओं की संख्या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा की जनसंख्या के बराबर है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि 20 देशों के चुनाव निकायों के प्रतिनिधि भारत के लोकतंत्र के उत्सव का अनुभव प्राप्त करने के लिए चुनाव वाले राज्यों का दौरा करेंगे। कुमार ने बताया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में प्रति मतदान केंद्र पर मतदाताओं की औसत संख्या 750-900 है। एसआईआर के दौरान अच्छा काम करने के लिए बीएलओ को बधाई भी दी। बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर तैनात पीठासीन अधिकारी हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत अपलोड करेंगे।

### चुनावी राज्यों में कई मतदान केंद्र होंगे अनूठे

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,500 से कम मतदाताओं वाले तीन मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए निर्वाचन आयोग की टीम को बक्सा बाघ अभयारण्य की पहाड़ियों से होकर गुजरना होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। कुमार ने विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित करने के लिए यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए असम, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों तथा पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित अनूठे मतदान केंद्रों पर प्रकाश डाला। सीईसी ने कहा, मतदान टीम असम के माजुली से नौका और सड़क मार्ग से 50-60 किलोमीटर की कठिन यात्रा करती हैं, ब्रह्मपुत्र नदी को पार करती हैं और अंत में ट्रैक्टर से 248 मतदाताओं वाले सुदूर धनेखाना मतदान केंद्र पहुंचती हैं।

## आस्था-जाति व संप्रदाय पर अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं : मुख्यमंत्री

- उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा विवाद पर सीएम सख्त, सभी भर्ती बोर्डों को कड़े निर्देश, कहा- आपत्तिजनक प्रश्न बनाने वालों को करें प्रतिबंधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र से जुड़े विवाद पर सख्त रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ या संप्रदाय की आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

योगी ने प्रश्नपत्र के एक सवाल में अवसर के अनुसार बदल जाने वाले विकल्प में पंडित शब्द देने के मामले का संज्ञान लेते हुए रविवार को राजस्थान रवाना होने से पहले उच्चाधिकारी की बैठक की। सभी भर्ती बोर्डों के चेयरपर्सन को निर्देश दिया है कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरती जाए। उन्होंने कहा, पेपर सेटर्स को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए कि ऐसी कोई भी सामग्री प्रश्नपत्र में शामिल न हो, जिससे किसी की धार्मिक या सामाजिक भावनाएं आहत हों। योगी ने कहा कि जिन पेपर सेटर्स का इस प्रकार के विवादित प्रश्नों से जुड़ा रिकॉर्ड रहा है, उन्हें तत्काल प्रतिबंधित (ब्लैकलिस्ट) किया जाए। साथ ही यह प्रावधान पेपर सेटर्स के साथ किए जाने वाले एमओयू का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



### प्रमुख निर्देश

- भर्ती परीक्षाओं में आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी पूरी तरह प्रतिबंधित
- सभी भर्ती बोर्ड पेपर सेटर्स को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें
- विवादित प्रश्न बनाने वाले हैबिचुअल ऑफेंडर्स को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए
- प्रावधान को पेपर सेटर्स के एमओयू में शामिल किया जाए

## कई जिलों में तेज आंधी-बारिश बिजली गिरने से 2 की गई जान



बरेली के मीरगंज में आंधी-बारिश के बाद बिछी गेहूं की फसल।

- 35 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी, फसलों के नुकसान की चिंता
- हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या समेत करीब 15 शहरों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई, जबकि लखनऊ और आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी के साथ आंधी चली। मौसम में आए इस बदलाव के बीच आकाशीय बिजली गिरने से सीतापुर और हरदोई में दो लोगों की मौत हो गई। सीतापुर के बिसवां क्षेत्र के झउवा खुर्द गांव में घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठी दो महिलाओं पर बिजली गिर गई। इसमें 55 वर्षीय विमला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

वहीं हरदोई के अरवल क्षेत्र के खैरुद्दीनपुर गांव में खेत में काम कर रहे किसान अवधेश सिंह पर बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई और उनके दो बेटे झुलस गए। हाथरस में बारिश के दौरान एक कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिर गई, जिससे अंदर रखी करीब 10 हजार बोरी आलू मलबे में दब गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और कई जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। सोमवार को वाराणसी, प्रतापगढ़ समेत 40 से अधिक जिलों में बादलों की आवाजाही, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना जताई गई है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

### योगी ने पश्चिमी यूपी में बारिश से फसल नुकसान की रिपोर्ट मांगी

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा के बाद किसानों की फसलों को संभावित नुकसान की जानकारी भी ली। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे फील्ड में जाकर किसानों से संवाद करें और फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राहत आयुक्त फील्ड के अधिकारियों से सीधा समन्वय बनाए रखें और नुकसान का आकलन प्राप्त होने के बाद समयबद्ध तरीके से मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत मिल सके।

## इच्छामृत्युः हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु के फैसले के बाद गाजियाबाद के हरीश राणा को शनिवार को एम्स में शिफ्ट किया गया है। जहां उन्हें पैलिएटिव केयर विभाग में रखा गया है। एम्स के डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। हरीश को पैलिएटिव केयर विभाग में भर्ती करने के बाद डॉक्टरों की टीम ने उनके हेल्थ का परीक्षण करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि इस विभाग में हरीश का पेन मैनेजमेंट किया जाएगा। साथ ही उन्हें कोई भी लाइफ सपोर्ट नहीं दिया जाएगा। धीरे-धीरे लाइफ सपोर्ट को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। एक्सपर्ट के अनुसार, इस तरह के मामले में पहले कमिटी मरीज का असेसमेंट किया जाता है।

उसके दर्द को कंट्रोल करेगी, ताकि मरीज को किसी भी प्रकार का दर्द न हो। इसलिए इस प्रोसेस में थोड़ा समय लगने की संभावना है। ऐसा नहीं है कि मरीज एडमिट होगा और दूसरे दिन पैसिव यूथेनेशिया दिया जाएगा।



- इच्छा मृत्यु के लिए एम्स के पैलिएटिव केयर में किया गया शिफ्ट

## नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 7 लोगों की मौत

- मनोकामना मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हादसा, 7 घायल

काठमांडू। नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस खाई में गिर गई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह घटना शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में हुई। पुलिस के अनुसार, बस मनकामना मंदिर से लौट रही थी तभी गोरखा जिले में सड़क से नीचे गिर गई।

गोरखा जिले के जिला यातायात पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज आर्यल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं और ये सभी भारतीय नागरिक हैं। जिला पुलिस कार्यालय प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार, पीड़ितों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामलिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलारसी (60) के रूप में की गई है। सात अन्य घायल यात्रियों को बचा लिया गया है और उनका आंबुखैरेनी के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इलेक्ट्रिक बस का चालक बाल-बाल बच गया, जबकि सहायक घायल हो गया।

**संज्ञान** — गंगा के पुनर्जीवन और संरक्षण के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन का रिकॉर्ड मांगा, पूछा-अवैध निर्माण हटाने को क्या कदम उठाए

## गंगा किनारे अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, केंद्र से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष कोर्ट ने केंद्र को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माणों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों को रिकॉर्ड पर रखने को कहा।

कोर्ट ने कहा, उपरोक्त अधिसूचना के बेहतर व प्रभावी कार्यान्वयन में प्राधिकरण (स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन प्राधिकरण) के सामने कौन-कौन सी बाधाएं या रुकावटें आ रही हैं? पीठ ने कहा, उपर्युक्त सभी राज्यों से होकर बहने वाली गंगा नदी की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नदी के मैदानी क्षेत्र और किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमणों से मुक्त हों, प्राधिकरण क्या कदम उठाने का इरादा रखता है? कोर्ट ने गंगा बेसिन के कई राज्यों को नोटिस जारी किया और कहा कि इस मुद्दे पर व्यक्तिगत मामलों से परे व्यापक जांच की आवश्यकता है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष कोर्ट पटना निवासी अशोक सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें उन्होंने एनजीटी के 30 जून, 2020 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में पर्यावरण की दृष्टि से बाढ़ के मैदानी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ याचिका खारिज कर दी गई थी।





### नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना मुख्य मुद्दा

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर 2016 की अधिसूचना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत जारी की गई थी, जिसका उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तय करना है। इसमें नदी के पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, प्रदूषण को रोकना और नदी के किनारों तथा फ्लडप्लेन की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। कोर्ट ने कहा कि लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुए इन प्रावधानों की प्रभावशीलता की समीक्षा जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और बिहार सरकार को अगली सुनवाई से पहले अपडेटेड रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल 2026 को होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 हजार का इनामी डकैत गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने डकैती और लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अयोध्या के पूराकलंदर इलाके से पकड़ा गया। उसके खिलाफ दो वर्ष पूर्व डकैती व लूट का मामला दर्ज था। तभी से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टीएसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी प्रखर रावत उर्फ प्रखर कुमार उर्फ टेनिस है। उसे टीम ने जनौरा स्थित भीमसेन पैलेस के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पूराकलंदर के पुरवा टोनिया, पोस्ट डाभासेमर का रहने वाला है। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, पूराकलंदर इलाके में 2025 में हुए लूट और डकैती से जुड़े मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब चार वर्ष पहले वह नशे का आदी हो गया। पैसों की कमी होने पर दोस्तों के साथ चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल होने लगा।



प्रखर रावत

### इनामी गैंगस्टर को एसटीएफ ने दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने शनिवार देर रात को 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ ने यह कार्रवाई कानपुर-इटावा हाइवे स्थित कानपुर देहात के रनिया इलाके में की। आरोपी के खिलाफ चंदौली में गोवध निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ के एएसपी लाल प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कौसर अली उर्फ पहू कौशांबी के कोखराज स्थित पुरानी बाजार भरवारी का रहने वाला है। उसके खिलाफ चंदौली के सैयदराजा थाने में 2023 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मामला दर्ज है। एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि कौसर अली नेशनल हाइवे-2 पर रनिया स्थित एडविल्स प्रा. लि. मयूर बनस्पति मिल के पास मौजूद था। टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका एक गिरोह है, जो यूपी, हरियाणा, पंजाब और बिहार से गोवंशीय पशुओं की तस्करी कर असम और पश्चिम बंगाल भेजता है। वर्ष 2023 में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद वह बिहार, हरियाणा, मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में छिपकर रह रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी था। उसके खिलाफ कुर्की की भी कार्रवाई की जा चुकी है।



कौसर अली

### सरस महोत्सव में महिलाओं को सौंपे चेक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज में आयोजित 'सरस महोत्सव' के दूसरे दिन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को करोड़ों रुपये के चेक वितरित किए और उनके स्टालों का निरीक्षण कर उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। महोत्सव में उप मुख्यमंत्री ने रविवार को विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीब, किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है और ऐसे आयोजन स्थानीय हुनर को मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांसद विनोद कुमार विंद सूंम समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# देश की नींव कमजोर कर रही जाति की राजनीति: योगी

## चित्तौड़गढ़ में आयोजित 'जौहर श्रद्धांजलि समारोह' में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा- मेरे दादा गुरु इसी भूमि से गए थे गोरखपुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद फैलाने वालों को चित्तौड़गढ़ की धरती से आगाह किया कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति फिर से गुलामी की तरफ धकेल रही है। इससे बचने के लिए हमें एकजुटता के भाव से बढ़ना होगा।

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ किले में रविवार को आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। उन्होंने पंजाब के पूर्व राज्यपाल वीपी सिंह की पुस्तक का विमोचन भी किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां सुनाईं कि, "मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का-वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का। पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर, जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर, क्रूर।" मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें कुछ नहीं करना है, वे जातिवाद के आधार पर सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का पाप कर रहे हैं। जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया था, इसलिए देश कमजोर हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरभूमि चित्तौड़गढ़ को देखकर मुझे यूपी के साहित्यकार श्याम नारायण पांडेय की रचना हल्दीघाटी की पंक्तियां याद आती हैं – "एकलिंग का आसन है, इस पर न किसी का शासन है..."। खिलजी के नाम पर भारत में आज कोई नमूना दिखाई नहीं देता। बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का अतापता नहीं है, लेकिन महाराणा प्रताप की वंशावली महाराजा साहब मंच पर उपस्थित हैं।

रानी पद्मिनी की वंशावली सैकड़ों वर्ष बाद आज भी है। सनातन की मर्यादा सदैव अमर है और रहेगी।

- बाबर, औरंगजेब और अकबर के खानदान का पता नहीं, महाराणा के वंशज मंच पर

### नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता

सीएम योगी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था।



चित्तौड़गढ़ किले में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह में हवन-पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े

योगी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि समारोह प्रेरित कर रहा है कि आने वाले समय में किसी बेटी-बहन को उस दौर से न गुजरना पड़े। 1303, 1535 और 1568 में तीन बड़े जौहर यहां देखने को मिले। शत्रु हमेशा धोखे से ही वीरों का मुकाबला कर पाए। आमने-सामने की लड़ाई में वे कहीं नहीं टिके। माता सीता ने धरती मां से कहा था कि अगर मेरा सतीत्व अखंड है तो मुझे अपनी गोद में समाहित करो। माता सीता का जो संकल्प था, वही संकल्प धर्म जौहर के नाम पर महारानी पद्मिनी ने यहां दिखाया था। यह संकल्प नारी गरिमा का प्रतीक था। यह भारत माता को विधर्मियों से मुक्त करने का संकल्प था।





बच्चे के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

### ... और पूरी हो गई स्कूली बच्चे की इच्छा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे बच्चे को मंच पर बुलाया और उसके मोबाइल से सेल्फी ली। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में थे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया।

# सत्ता की मास्टर चाबी जरूरी : मायावती

## कांशीराम जयंती पर बसपा से जुड़ने का किया आह्वान, अन्य पार्टियों को बताया अवसरवादी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने बहुजन समाज के लोगों से पार्टी से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वे सच्चे, ईमानदार और मिशनरी अंबेडकरवादी बनें। कहा कि सत्ता की "मास्टर चाबी" हासिल करके ही संविधान में बहुजनों के हित, कल्याण और उत्थान के लिए दिए गए अधिकारों को जमीन पर लागू किया जा सकता है। इससे समाज के कमजोर वर्गों को गरीबी और मजबूरी से मुक्ति मिल सकेगी और उन्हें बेहतर जीवन मिलेगा।

बसपा प्रमुख ने रविवार को पार्टी संस्थापक काशीराम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा, कांशीराम ने बीआर आंबेडकर की विचारधारा और आंदोलन को पूरे देश में आगे बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। पार्टी की ओर से मायावती के जारी बयान में कहा गया कि कांशीराम के "सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति" के आंदोलन को मजबूत बनाने और चुनावी सफलता हासिल करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही दावा किया कि बहुजन समाज के हितों के लिए वही "असली पार्टी और आंदोलन" है। पार्टी ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी समेत अन्य विरोधी दलों की कथनी और करनी में अंतर है, जिससे बहुजन समाज की एकता और सत्ता प्राप्ति के मिशन को नुकसान होता है।



लखनऊ : मान्यवर श्री कांशीराम जी स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देने भारी संख्या में पहुंचे बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की जयंती, दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** बामसेफ, डीएस-4 और बसपा के संस्थापक काशीराम की 92वीं जयंती रविवार को लखनऊ के आलमबाग स्थित मान्यवर काशीराम मेमोरियल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि समारोह में बुद्ध वंदना के बाद अतिथियों द्वारा भन्तेगणों को चीवर दान दिया गया। कार्यक्रम में बसपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने कांशीराम साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री ज्ञान चरण दिनकर, सूरज सिंह जाटव, एमएलसी नौशाद अली समेत डॉ. विजय प्रताप समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे ।

### कांशीराम ने वंचितों और शोषितों को किया संगठित : तनुज पुनिया

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र.अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष और बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि कांशीराम ने समाज के वंचित, शोषित और दलित वर्गों को संगठित कर उन्हें राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। सांसद रविवार को बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की जयंती के अवसर पर कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ.अमरनाथ पासवान व मनीश हिन्दवी समेत पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# बहुजन समाज के लिए कांशीराम ने जीवन भर किया संघर्ष : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने प्रदेशभर में मनाई कांशीराम की 92वीं जयंती

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रविवार को सपा कार्यालयों में बहुजन नेता कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जारी संदेश में कहा कि कांशीराम एक प्रमुख भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे, जिन्होंने बहुजन समाज को सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर दलित समाज में आत्मसम्मान की भावना जगाई और उन्हें राजनीति में सम्मानजनक भागीदारी दिलाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि कांशीराम और मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में हुए गठबंधन से राज्य में साझा सरकार बनी थी। प्रदेश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्गों के बीच नए संबंध बने। यही नहीं, सपा ने कांशीराम को इटावा से लोकसभा पहुंचाने का काम किया और उन्हें हमेशा सम्मान दिया।



सपा मुख्यालय पर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते पार्टी नेता।



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

### कांशीराम जयंती पर कांग्रेस ने लगाए चिकित्सा शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन नेता काशीराम की जयंती के अवसर पर उप्र. कांग्रेस के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में 'स्वास्थ्य सृजन अभियान' के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। लखनऊ के दुबग्गा स्थित काशी राम कालोनी में संपन्न चिकित्सा शिविर का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कांशीराम की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किये।

# बीसी सखी योजना में देश में अव्वल रहा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और गांवों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में उत्तर प्रदेश की बीसी सखी योजना देश में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला के अनुसार, प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 40 हजार महिलाएं गांवों में बिजनेस कॉरेस्पांडेंट सखी (बीसी सखी) के रूप में कार्य कर रही हैं। ये महिलाएं माइक्रो एटीएम और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से कैश निकासी, जमा, आधार आधारित भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाएं ग्रामीणों तक पहुंचा रही हैं। इस योजना के माध्यम से अधिकांश बीसी सखियां औसतन 10 से 15 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं, जबकि कई महिलाएं कमीशन के जरिए 40 से 50 हजार रुपये तक कमा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय जुड़ रहा है। बीसी सखी योजना में प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को गांवों में तैनात किया जाता है, जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं घर के पास ही उपलब्ध हो रही हैं।

### विवादित प्रश्न पर मंत्री ने जताई आपत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कड़ा ऐतराज जताया है। मंत्री ने कहा कि प्रश्न के विकल्प में "पण्डित" शब्द का शामिल होना न केवल अनुचित है, बल्कि इसका कोई औचित्य भी नहीं है। उच्च शिक्षा मंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखते हुए बताया कि इस प्रकार के प्रश्न और विकल्प सामाजिक समरसता को प्रभावित कर सकते हैं और किसी विशेष जाति, वर्ग या परंपरा की भावनाओं को आहत करते हैं। उन्होंने इसे पेपर सेटर की जानबूझकर की गई असंवेदनशील हरकत बताया और दोषी की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# फूड लाइसेंस के नवीनीकरण की बाध्यता खत्म

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एफएसएसएआई में अब स्वतः पंजीकृत माने जाएंगे स्ट्रीट वेंडर
- छोटे खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत, एक अप्रैल से लागू होंगे नए प्रावधान

**अमृत विचार:** खाद्य कारोबारियों, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। नए प्रावधानों के तहत अब हर साल खाद्य लाइसेंस का नवीनीकरण कराना अनिवार्य नहीं होगा। नियमों का गजट प्रकाशन हो चुका है और इन्हें एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

नए नियमों के अनुसार, नगर निगम या स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत पंजीकृत ठेले-खोमचे और फेरीवाले स्वतः ही एफएसएसएआई में पंजीकृत माने जाएंगे। इससे छोटे दुकानदारों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को दोबारा पंजीकरण कराने और लंबी कागजी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि सभी खाद्य कारोबारियों के लिए स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य रहेगा।

नए प्रावधानों के तहत छोटे खुदरा विक्रेता, स्ट्रीट फूड विक्रेता, अस्थायी स्टॉल संचालक, फूड ट्रक संचालक और कुटीर स्तर के खाद्य उद्योग भी इस व्यवस्था में शामिल होंगे। जरूरी दस्तावेज पूरे होने पर अब पंजीकरण प्रमाणपत्र तुरंत जारी किया जा सकेगा। यदि कोई कारोबारी वार्षिक शुल्क या खाद्य सुरक्षा अनुपालन से जुड़ा रिटर्न जमा नहीं करता है तो उसका लाइसेंस या पंजीकरण स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके अलावा खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अब जोखिम आधारित प्रणाली के तहत किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर थर्ड पार्टी से फूड सेफ्टी ऑडिट भी कराया जा सकेगा। पहले 12 लाख रुपये सालाना टर्नओवर तक के कारोबारियों को पंजीकरण मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसी तरह पहले 5 करोड़ रुपये तक के कारोबारियों को राज्य स्तर से लाइसेंस मिलता था और इससे अधिक टर्नओवर पर केंद्र से लाइसेंस लेना पड़ता था। अब यह सीमा बढ़ाकर 50 करोड़ रुपये कर दी गई है। जिन कारोबारियों के लाइसेंस या पंजीकरण की वैधता 31 मार्च तक है, उन्हें फिलहाल नवीनीकरण कराना होगा। इसके बाद नए नियम पूरी तरह लागू हो जाएंगे।

### नए नियम

- पंजीकरण की टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़
- राज्य लाइसेंस की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़
- जोखिम आधारित निरीक्षण प्रणाली लागू

**एसआई भर्ती परीक्षा** | दो दिन व चार पालियों में कुल 10 .77 लाख ने दी परीक्षा, ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही नहीं किया डाउनलोड

# परीक्षा से 4 .98 लाख अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दूसरे दिन रविवार को 5,45,721 अभ्यर्थी ही पहुंचे परीक्षा देने

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा 14 व 15 मार्च को आयोजित की गई थी। परीक्षा प्रदेश के 75 जिलों के 1090 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। दो दिन के अंदर चार पालियों में आयोजित परीक्षा में कुल 68.33 प्रतिशत अभ्यर्थी यानी कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। करीब 4,98,357 ने परीक्षा छोड़ दी। इसमें ढाई लाख ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। रविवार को दोनों पालियों में 7,87,880 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 5,45,721 ही पहुंचे। कड़ी सुरक्षा में परीक्षा सकुशल संपन्न करा दी गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित एसआई व समकक्ष भर्ती परीक्षा का आयोजन शनिवार व रविवार को किया गया। बोर्ड ने कुल उपनिरीक्षक व समकक्ष 4,543 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था। इसके लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिन पदों पर भर्ती होनी है, उनमें उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के 4,242, महिला प्लाटून कमांडर (पीएसी बटालियन) के 106, पुरुष प्लाटून कमांडर के 135 तथा पुरुष प्लाटून कमांडर (उप्र विशेष सुरक्षा बल) के 60 पद शामिल हैं। बोर्ड ने अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए दो दिन में चार पलियों में आयोजित की थी। कुल 15,75,760 अभ्यर्थियों में कुल 10,77,403 अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। इसमें बोर्ड की सख्ती व सुरक्षा को देखते हुए 4,98,357 ने छोड़ी परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड के अधिकारी के मुताबिक इसमें से करीब 2,49,179 अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र ही डाउनलोड नहीं किया था। पहले दिन 14 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,939 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। इनमें 2,63,839 ने परीक्षा दी। जबकि दूसरी पाली में कुल 3,93,941 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी और 2,67,843 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। 15 मार्च को पहली पाली में कुल 3,93,940 अभ्यर्थियों में 2,70,803 ही परीक्षा केंद्र पहुंचे। जबकि दूसरी पाली में 3,93,940 में 2,74,918 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान लगभग 16 हजार सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रही। पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड ने हुसैनगंज कोतवाली में सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स, टेलीग्राम, व्हाट्सएप व यू-ट्यूब पर भ्रामक सूचना फैलाकर धन उगाही व ठगी करने वालों के विरुद्ध सात से अधिक मुकदमे भी दर्ज कराए। एसटीएफ इन मामलों में कई आरोपियों की तलाश कर रही है।





# जून तक पूरा होगा बुद्धवनम पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती में बन रहा पार्क अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की सतत पर्यटन नीति के तहत जनपद श्रावस्ती में विकसित किया जा रहा बुद्धवनम पार्क इस वर्ष जून के अंत तक पूरा होने की संभावना है। परियोजना के पूरा होने से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है और यह स्थल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

श्रावस्ती विश्व में बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक माना जाता है। यहां श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान सहित कई देशों से बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप इस क्षेत्र को बौद्ध पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। परियोजना के तहत पार्क के लैंडस्केप क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाओं का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। धर्मचक्र से संबंधित आठ संरचनाओं के आरसीसी फाउंडेशन तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा म्यूरल वॉल के लिए आरसीसी स्ट्रक्चर बन चुका है, जिस पर सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। सेंटर पाथ-वे और स्टेप गैलरी के लिए ब्रिक वर्क का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है।



### विकसित हो रहीं आधुनिक सुविधाएं

पार्क में आने वाले पर्यटकों को बौद्ध धर्म और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देने के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर बनाया जा रहा है। इसके कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही पर्यटकों के ठहरने के लिए डॉर्मेट्री का निर्माण अंतिम चरण में है, जहां आंतरिक प्लास्टर और फ्लोरिंग का कार्य चल रहा है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर



विक्रय केन्द्र : नारायण प्लाजा, 51/7 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555


# राष्ट्रपति की तीसरी अयोध्या यात्रा से जुड़ेगा एक और अध्याय

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



श्रीरामलला का दर्शन-पूजन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। (फाइल फोटो)

- वीवीआईपी मूवमेंट का नया मानक गढ़ रही रामनगरी

**अमृत विचार** : राष्ट्रपति की तीसरी अयोध्या यात्रा से रामनगरी की गरिमा में एक और अध्याय जुड़ेगा। अयोध्या वीवीआईपी मूवमेंट का मानक गढ़ रही है। विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ कई वीवीआईपी मेहमान अब तक अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन और सरयू के जल का आचमन कर चुके हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या पहुंच रही हैं। वह यहां श्रीराम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना में शामिल होंगी। इसके साथ ही कई अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगी। वह लगभग तीन से चार घंटे अयोध्या में बिताएंगी। यह उनकी दूसरी यात्रा है। इसके पहले वह रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक मई 2024 को अयोध्या आई थी। उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया। मां सरयू की आरती में भाग लिया था। इसके पहले राष्ट्रपति रहते रामनाथ कोविंद 29 अगस्त 2021 को विशेष ट्रेन से अयोध्या आकर दर्शन किया था। पूर्व राष्ट्रपति के रूप में कोविंद ने परिवार के साथ 17-18 मई 2024 को परिवार के साथ राम लला का दर्शन पूजन किया था। इसके साथ ही तत्कालीन उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी राम मंदिर में दर्शन करने आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक चार बार अयोध्या पहुंचे। पांच जनवरी 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए, 30 दिसंबर 2023 को अयोध्या एयरपोर्ट के उद्घाटन, 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, पांच मई 2024 को रामलला के दर्शन के बाद रोड शो करने पहुंचे थे। रामलला के दरबार में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे अपनी पत्नी के साथ पांच सितंबर 2025 को अयोध्या पहुंचे थे। 12 सितंबर 2025 को मारीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए तो उन्होंने यहां पहुंचकर राम लला का दर्शन पूजन किया। नेपाल की पूर्व उपप्रधानमंत्री सुजाता कोइराला पांच जून 2025 को अयोध्या पहुंची थी। उन्होंने यहां राम लला का दर्शन पूजन किया, अयोध्या भ्रमण किया। इसके साथ श्री लंका सहित अन्य देशों के भी राजनयिक यहां पहुंच आ चुके हैं।

विदेश राष्ट्राध्यक्षों और देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के कई दौरों के साथ ही देश के विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के लोगों ने यहां पहुंच रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। खासतौर से भाजपा शासित उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्यपाल अयोध्या पहुंचे हैं। 22 जनवरी 2024 के बाद अयोध्या में वीवीआईपी मूवमेंट का जो दौर शुरू किया। वह अब नए मानक गढ़ने की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रपति का प्रस्तावित दौरा उसे और प्रगाढ़ करेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए अयोध्या आने वाली की संख्या करोड़ों में हो गई तो वीवीआईपी और वीआईपी दर्शन के आंकड़े भी करोड़ की दहलीज की ओर बढ़ गए हैं। अब तक इनकी संख्या भी लाखों में हो गई है।

### कभी आंदोलनों के शहर से अध्यात्म का संदेश

साल 80 के दशक से नई सदी के दूसरे दशक तक जिस अयोध्या को पूरी दुनिया में आंदोलनों के शहर के रूप में देखा जाने लगा था। उसमें बदलाव हो गया है। दुनिया भर के लोगों आकर्षण बढ़ गया। यह अब अपनी आध्यात्मिक आभा को बिखेरने लगी है। देश के अंदर से विदेश तक के लोगों में अयोध्या के प्रति आकर्षण है। आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। जो एक बार अयोध्या आ जाता है भले थोड़ी दुश्वारियां झेलनी पड़े लेकिन वह बार-बार आने की बात कहता है।

## टीवी सीरियल के कलाकारों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार:** राम मंदिर निर्माण होने के बाद से फिल्म जगत की कई चर्चित हस्तियों को भी अयोध्या नगरी पसंद आने लगी है। इसी क्रम में रविवार को लोकप्रिय धारावाहिक में किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सोमा राठौड़ अयोध्या पहुंचीं। उनके साथ फिल्म अभिनेता किशोर भानुशाली भी मौजूद रहे। इसके अलावा मशहूर अभिनेता प्रेम चोपड़ा के हमशक्ल के रूप में पहचाने जाने वाले विश्वजीत सोनी, कॉमेडियन नवीन प्रभाकर और अभिनेत्री दिव्या भी रामलला के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचीं। सभी कलाकारों ने रामलला के दरबार में माथा टेककर देश की खुशहाली और शांति की कामना की।

# 11 बजे होगा राष्ट्रपति का आगमन लिफ्ट से पहुंचेंगी द्वितीय तल पर

## 19 को तीसरे मंदिर के तीसरे गर्भगृह में करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

सत्य प्रकाश, अयोध्या।

**अमृत विचार** : रामनगरी में एक बार फिर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 19 मार्च को श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना होने जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वह पश्चिम दिशा में लगी लिफ्ट से राम मंदिर के द्वितीय तल पर पहुंचेंगी। वहां गर्भगृह में श्रीराम यंत्र की स्थापना करेंगी। इसके बाद राम दरबार और भूतल पर रामलला की आरती में शामिल होंगी।

राम मंदिर की परिधि में बने परकोटे के पश्चिम दिशा में मंदिर को जोड़ते हुए एक ब्रिज का निर्माण किया गया है, जिसमें दो लिफ्ट लगी हैं। 19 मार्च को राम मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र की स्थापना करने के लिए वह सुबह 11 बजे राम जन्मभूमि परिसर पहुंचेगी। लगभग तीन घंटे के अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल होंगी। अतिथियों को संबोधित भी करेंगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर यह अत्यंत पवित्र दिवस है। श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व कांची कामकोटि पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज ने एक शोभायात्रा के रूप में अयोध्या भेजा था। उसी समय से श्रीराम यंत्र की गर्भगृह में नित्य पूजा हो रही है। वर्तमान में यह श्रीराम यंत्र राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार के सम्मुख स्थित है। इसकी पूजा होती है। 18 मार्च को यह यंत्र द्वितीय तल पर पहुंच जाएगा। इस अवसर पर आध्यात्मिक शक्ति केरल की निवासी पूज्य माता अमृतानंदमयी अम्मा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। वह अपने 1000 भक्तों को लेकर रिजर्व ट्रेन से अयोध्या पहुंच रही है। इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेनपटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।



राम मंदिर में स्थापित होने वाले श्री राम यंत्र की तस्वीर।

**कार्यक्रम में शामिल होने को माता अमृतानंदमयी 1000 भक्तों को लेकर ट्रेन से पहुंचेंगी अयोध्या**

### सात हजार लोग कार्यक्रम में होंगे शामिल

राम मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने ने के लिए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के 300 प्रमुख संतों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा दोनों प्रदेश से मंदिर निर्माण के लिए धन संग्रह में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 3500 कार्यकर्ता 18 मार्च को अयोध्या पहुंच जाएंगे। 19 मार्च को कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त मंदिर निर्माण का कार्य एलएंडटी की ओर से किया गया। टाटा इसके सलाहकार रहे। मंदिर के डिजाइन आर्किटेक्ट सोनपुरा का परिवार है। इस कार्य के लिए एलएंडटी ने लगभग 300 कंपनियों का सहयोग लिया है। ऐसे सभी कंपनियों से लोगों को आमंत्रित किया गया है। अनुमान है कि 7000 से अधिक लोग इस कार्यक्रम शामिल होंगे।

### मोबाइल और अंगरक्षक के बिना अतिथियों को मिलेगा प्रवेश

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में 19 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों के लिए नियमावली लागू की गई है। ट्रस्ट के मुताबिक सिख समुदाय के लोगों को कानूनन अनुमन्य छोटी कृपाण रखने की अनुमति होती है। इसलिए अगर सिख धर्म के श्रद्धालु आते हैं तो उन्हें कृपाण ले जाने की अनुमति रहेगी। बाकी अन्य किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र और मोबाइल मन्दिर परिसर में नहीं ले जाए जा सकेंगे। न ही अंगरक्षकों का प्रवेश होगा। महासचिव चंपतराय ने कहा है कि सभी आमंत्रितों को नाम से प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे, जिस पर कोड नंबर होंगे। कार्यक्रम स्थल पर पानी व अन्य संसाधन का प्रबंध रहेगा। चूंकि यह चैत्र नवरात्र का पहला दिन है, इसलिए अतिथियों के लिए फलाहारी भोजन की विशेष व्यवस्था की गई है। आम श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन सामान्य रूप से जारी रहेंगे।

### मंदिर की सजावट व व्यवस्था पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार की है। मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट और व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राम मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले हजारों कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का भी अवसर प्रदान करेगा। अयोध्या में यह पल पूरे देश के लिए आस्था और गौरव का क्षण साबित होगा।

## जिले में तेज हवा के साथ हुई बूंदाबांदी

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिले में रविवार की भोर के समय हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे किसान मायूस हो गए। रात में आसमान में बादलों की उपस्थिति के कारण लोगों को तेज बारिश की उम्मीद थी। हालांकि दिन में सूर्य और बादलों के बीच लुका-छिपी का खेल जारी है, जिससे धूप भी निकली और बादल भी छाए रहे। किसान अपनी तैयार हो रही फसल को लेकर चिंतित हैं। उन्हें आशंका है कि यदि तेज बारिश होती है, तो उनकी फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मिश्रा ने बताया कि आगामी 24 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है, लेकिन वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है।



कांशीराम की जयंती पर पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धा-सुमन अर्पित करते सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

## काशीराम के सपनों को साकार करेगी सपा : अवधेश

**अयोध्या, अमृत विचार** : सामाजिक न्याय के प्रणेता काशीराम की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी में श्रद्धा और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा काशीराम के सपनों को समाजवादी पार्टी साकार करने का काम करेगी। अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि कांशीराम ज ने हाशिये पर खड़े समाज को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कांशीराम जी का जीवन सामाजिक परिवर्तन और समानता के लिए समर्पित रहा। पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा ने कहा काशीराम ने निरंतर संघर्ष किया। संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीशम ने किया। छोटे लाल यादव, बलराम मौर्य, राम अचल यादव, महिला सभा की जिला अध्यक्ष सरोज यादव व अन्य उपस्थित थे।

## परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा आज से, प्रश्न पत्रों का पता नहीं

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों में सोमवार से वार्षिक परीक्षा शुरू हो रही है। सुबह नौ बजे से आयोजित परीक्षा को लेकर रविवार देर शाम तक स्कूलों को प्रश्न पत्रों का वितरण नहीं हुआ है। शिक्षकों के पसीने छूट रहे हैं कि सोमवार से कैसे परीक्षा सम्पादित करायेंगे। यह हाल तब है जब बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक परीक्षा को लेकर सभी तैयारियों का दावा किया गया था। बताया जा रहा है कि परीक्षा प्रश्नपत्र बीआरसी कार्यालयों से विद्यालयों को अब तक नहीं प्राप्त कराये जा सके हैं। जबकि गत वर्षों तक परीक्षा प्रारंभ होने से एक या दो दिन पूर्व विद्यालयों को सील्ड पैक प्रश्नपत्र उपलब्ध करा दिए जाते थे। ऐसी स्थिति में विद्यालय प्रबन्धन असमंजस की स्थिति में हैं। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह इसे लापरवाही की पराकाष्ठा बताते हुए कहते हैं कि यह जिम्मेदारों की घोर लापरवाही व अकर्मण्यता है,जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि अभी जानकारी नहीं है, खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई थी। तत्काल पूछा और पता कराया जा रहा है।

## वंदे भारत की चपेट में आई युवती, पैर कटा, हालत गंभीर

**मवई ,अयोध्या। अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर खेत जा रही एक युवती वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उसका एक पैर कट गया। पुलिसकर्मी ने तत्परता दिखाते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। पटरंगा गांव निवासी 20 वर्षीय काजल पुत्री रामदीन कोरी अपनी मां के साथ खेत में सरसों काटने जा रही थी। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय वह तेज रफ्तार से गुजर रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आ गई। टक्कर लगने से उसका एक पैर कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कांस्टेबल विशाल यादव ने घायल युवती को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसएचओ शशिकांत यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### यूजीसी पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत :स्वामी आनंद

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** शांभवी कर्नाटक पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप ने यूजीसी कानून 2026 का कड़ा विरोध करते हुए कहा है कि इस देश में जनता सर्वोपरि है और सुप्रीम कोर्ट से भी बड़ी जनता होती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से यूजीसी पर बड़ी राहत मिली है। यूजीसी कानून एक सोची-समझी राजनीतिक चाल बताते हुए कहा कि यह केवल वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा है। आरोप लगाया कि ऐसी नीतियों के जरिए सवर्ण समाज को कमजोर करने की कोशिश हो रही है।

### कस्तूरबा विद्यालय के पास मिला शव

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पीछे स्थित आम के बाग में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फंदे से लटकता मिला। मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष के बीच बताई जा रही है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रुदौली संजय मौर्य व भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुदौली संजय मौर्य व सीओ आशीष निगम ने बताया कि आम की डाल से मफलर के सहारे युवक ने आत्महत्या की है। मृतक की शिनाख्त नही हो पाई है।

### कांग्रेस से विकास भवन का घेराव 17 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 17 मार्च को विकास भवन का घेराव किया जाएगा। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला ने प्रेस को दी। बताया कि केंद्र और राज्य में सत्तारूढ़ मजदूर विरोधी भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अतर्गत कार्य करने वाले लगभग एक करोड़ मजदूर परिवारों को उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया है।

### बाबा श्याम की निशान शोभायात्रा कल

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार** : श्रीश्याम भक्ति मंडल रुदौली के तत्वावधान में आगामी 17 मार्च को श्रीरामलीला मैदान में 6वां श्रीश्याम महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव के प्रथम चरण में निशान यात्रा प्रात : 8 बजे राम लीला मैदान से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए पुन : रामलीला मैदान पहुंचेगी, जहां संध्या में भव्य भजन का कार्यक्रम होगा। महोत्सव में बाबा श्याम की अलौकिक दरबार मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। भक्ति मंडल के नीलमणि अग्रवाल ने बताया कि निशान उठाने वाले श्याम प्रेमियों को प्रात : 7 :30 बजे रामलीला मैदान में एकत्रित होना होगा। बाबा श्याम की सवारी के लिए भव्य रथ तैयार हो चुका है। भजन संध्या में दिल्ली की गायिका गुनगुन दुबे और कलकत्ता के गायक निहाल ठकरान सुंदर भजनों का रसपान कराएंगे।

### श्रीमद्भागवत कथा से सफल होते हैं पुण्य

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र के सटैला पातूपुर में आयोजित की जा रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा प्रवाचक आचार्य राहुल पंडित महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण व माता रुकमिणी विवाह का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने से सभी पुण्य सफल हो जाते हैं और पाप नष्ट हो जाते है। मुख्य यजमान शेषनारायण वर्मा, प्रियंका वर्मा, बीडीसी राहुल दुबे, रामबहादुर वर्मा, सतीश चन्द्र सहित अन्य श्रोता मौजूद रहे।

# भाजपा का मंडल प्रशिक्षण शिविर सोमवार से

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी महानगर से मंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार से शुरू होगा। 16 व 17 मार्च को देवकाली मंडल और 17 व 18 मार्च को करियप्पा मंडल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा।

रविवार को सर्किट हाउस में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण टोली के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस दौरान प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों, विषयों और कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नगर विधायक ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं के वैचारिक और संगठनात्मक विकास के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति और जनसेवा से जुड़े विषयों की जानकारी दी जाती है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मंडल स्तर पर होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, प्रतिमा शुक्ला, दिव्य प्रकाश तिवारी, शुभम्द श्रीवास्तव, हेमंत जायसवाल, रवि सोनकर, प्रांशु अग्रवाल, दीपक पाण्डेय, मधुकर आनंद, दिनेश कन्नौजिया, अमल गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सर्किट हाउस में बैठक करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य।

# ग्रामीणों ने दी विधानसभा चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी

बीकापुर, अयोध्या



रेलवे अंडरपास को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

- अंडरपास निर्माण के लिए ग्रामीणों ने किया रेलवे ट्रैक के निकट प्रदर्शन

अमृत विचार : अयोध्या कैंट प्रयागराज रेलखंड पर स्थित गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के मरुई सहाय सिंह के पास रेल ट्रैक से गुजरने वाली सड़क मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग पर आवागमन के लिए रेल फाटक समपार अथवा अंडरपास का निर्माण कराया जाने का मुद्दा एक बार फिर तूल पकड़ रहा है। दशकों से लंबित मांग पूरी न होने पर रविवार को सुबह ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। आसपास गांव के महिलाओं बच्चों और लोगों ने रेल ट्रैक के किनारे इकट्ठा होकर आक्रोश जताते हुए अपनी मांगों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया।

मांग पूरी न होने की दशा में आने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान का भी बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नए सिरे से रेल फाटक निर्माण समिति बनाकर आंदोलन करने का भी निर्णय पारित हुआ। बताया गया कि रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली सड़क आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के लोगों के लिए रास्ता है जो शेरपुर पारा बाजार में प्रयागराज हाईवे से जुड़ती है। वर्तमान में रेलवे क्रासिंग के दोनों साइड में रेल विभाग द्वारा बड़े बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं। जिससे आवागमन बाधित और असुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों को करीब 5 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करके खजुरहट, कोछा अथवा बनकट के रास्ते से बीकापुर मुख्यालय के लिए निकलना पड़ता है। सतीश पाठक, सभापति पाण्डेय, आलोक यादव, मुकेश दुबे, सुभाष यादव , धनंजय यादव, समाजसेवी अमित तिवारी, रियासत अली समेत बड़ी संख्या लोग शामिल रहे।

# अयोध्या में हुआ उद्योगपति झुनझुनवाला का अंतिम संस्कार

मसौधा, अयोध्या

- रात में फैक्ट्री लाया गया पार्थिव शरीर, अंतिम दर्शन को उमड़े लोग, निकली शव यात्रा
- बड़े बेटे आदित्य झुनझुनवाला ने दी मुखाग्नि

**अमृत विचार:** इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन, फिक्की, ऐसोचेम लखनऊ सहित कई व्यावसायिक संगठनों के अध्यक्ष रह चुके चीनी मिल मसौधा के मालिक लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला का अंतिम संस्कार रविवार को अयोध्या के राम घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे आदित्य झुनझुनवाला ने दी। इस दौरान उद्योग राजनीति जगत से जुड़े लोगों के साथ समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बता दें कि स्व. लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला के पार्थिव शरीर को शनिवार की रात लगभग साढ़े 11 बजे फैक्ट्री लाया गया। यहां आम लोगों के अंतिम दर्शन के लिए शव उनके फैक्ट्री परिसर स्थित आवास में रखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। बताया गया कि बीते सप्ताह इन्हें दिल का दौरा पड़ने से लखनऊ स्थित वेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। शनिवार देर शाम करीब सात साढ़े सात बजे उन्होंने अंतिम सांस ले ली।

रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे शव यात्रा अयोध्या सरयू तट स्थित रामघाट के लिए रवाना हुई। चीनी मिल परिसर में सैकड़ों कर्मचारियों सहित किसानों ने पुष्पवर्षा कर अंतिम विदाई दी। शव यात्रा में झुनझुनवाला परिवार के संबंधी कोलकाता, दिल्ली और दो अन्य प्रांतों से आए विभिन्न उद्योगपति, अयोध्या जिले के विभिन्न उद्योगों से जुड़े उद्योगपतियों के अलावा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, केएम शुगर मिल के अधिशासी निदेशक सुभाष चंद्र अग्रवाल, कार्मिक प्रबंधक व वरिष्ठ अधिकारी विवेकानंद मिश्र, नित्यानंद मिश्रा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, जिपं सदस्य कमला प्रसाद बागी, देवेंद्र सिंह, गन्ना समिति के चेयरमैन संतोष सिंह, ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा सहित दर्जनों ग्राम प्रधान व सैकड़ों गन्ना किसान शामिल रहे। अयोध्या स्थित रामघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि स्व. झुनझुनवाला के बड़े बेटे आदित्य झुनझुनवाला ने दी। स्व. झुनझुनवाला अपने पीछे पत्नी नैना झुनझुनवाला (76), तीन बेटियों में मीनाक्षी मोदी, वर्षा गोयनका और शिल्पा और दो बेटों में आदित्य कुमार झुनझुनवाला व संजय कुमार झुनझुनवाला का भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



केएम शुगर मिल परिसर से निकली स्व. झुनझुनवाला की शवयात्रा।

# नगर निगम के खिलाफ धरने पर बैठे महंत मुरली दास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर निगम अयोध्या जोन कार्यालय के सामने स्थित जलकल विभाग परिसर में हनुमान गढ़ी के नागा साधुओं के साथ निर्वाणी अनी अखाड़ा के महंत मुरली दास, हरिद्वारी पट्टी के महंत राजेश दास के पहुंचकर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया।

महंत मुरलीदास ने बताया कि यह जमीन पारंपरिक रूप से हनुमानगढ़ी की रही है और पांच-छह दशक पूर्व इस कार्यालय के लिए तत्कालीन महंत ने मात्र एक छोटा सा भवन किराए पर दिया था, किंतु किराया देना तो दूर की बात नगर निगम अब 40 बिस्वा के संपूर्ण परिसर पर निर्माण करा रहा है। इस परिसर का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। महंत ने दावा किया कि न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी दे रखा है। धरना देने मौके पर पहुंचे नागा साधुओं ने ओवर हेड टैंक का निर्माण कर रहे एक दर्जन से अधिक श्रमिकों को डांट कर भाग दिया। करीब चार घंटा तक चले धरना का समापन नगर निगम की जलकल इकाई के सहायक अभियंता अवधेश चौधरी के आश्वासन पर हुआ। धरना में पुजारी रमेश दास, महंत कृष्णकुमारदास, संत मनीराम पहलवान, आनंद दास समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# मेडिकल कॉलेज के छात्र का फोड़ा सिर, रैगिंग की आशंका

## बीएससी नर्सिंग के छात्र की शिकायत पर दर्ज हुई रिपोर्ट ■ सीनियर छात्रों पर आरोप, मेडिकल कॉलेज प्रशासन बेखबर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के बीएससी नर्सिंग के छात्र के साथ सीनियर छात्रों से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सीनियर्स ने अज्ञात लोगों के साथ मिलकर छात्र को बुरी तरह से पीटा। हमले में जूनियर छात्र का सिर फट गया। मामले में रैगिंग की आशंका जताई जा रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रशासन घटना के कारणों की जानकारी से अंजान है।


पीठ पर लगी चोट दिखाता पीड़ित छात्र।

महाराजगंज जिले के पीड़ित छात्र की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक शनिवार की दोपहर कॉलेज में उसके दो दोस्तों से एक सीनियर छात्र की बहस हो गई। मामला अध्यापकों से सुलझा दिया गया। शाम को पीड़ित छात्र दुकान पर बैठकर अकेले चाय पी रहा था। इस दौरान दोपहर में बहस करने वाला सीनियर छात्र एक साथी और सात-आठ अज्ञात लोगों के साथ आया। लाठी-डंडों व रॉड से लैस सभी लोगों ने छात्र पर हमला कर दिया। हमले में छात्र के पूरे शरीर में चोट आई है। सिर फट गया।

आरोप है कि जाते-जाते छात्रों ने जान से मारने की धमकी भी दी। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि घटना कॉलेज परिसर के बाहर किसी चाय की दुकान पर हुई थी। पीड़ित व्यक्ति के दोस्त से आरोपियों का विवाद हुआ था। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

### एप्रन की बटन बंद को लेकर हुआ था विवाद

बीएससी नर्सिंग के छात्रों में हुए विवाद में रैगिंग किए जाने की बातें सामने आ रही हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों छात्रों को सीनियर छात्र ने चौथी मंजिल के सेमिनार हॉल के पास एप्रन की बटन बंद कर चलने के लिए कहा था। इस बात को लेकर दोनों जूनियर छात्र व सीनियर छात्र में बहसबाजी हुई थी। दोनों छात्रों ने मामले की शिकायत कॉलेज में रिसर्च देख रहे एक अध्यापक से की थी। यही बात सीनियर छात्रों को नागवार गुजरी और उन्होंने देख लेने की धमकी दे डाली थी। सूत्रों की मानें तो लाठी-डंडों से लैस सीनियर छात्र शाम को उन्हीं दो छात्रों को ढूंढते हुए कॉलेज परिसर में पराग कैंटीन के पास पहुंचे थे। पीड़ित उन्हीं दो छात्रों का दोस्त था। हमलावरों ने आव देखा न ताव पीड़ित छात्र को ही पीटना शुरू कर दिया।

> मुझे घटना की जानकारी है, लेकिन कारण नहीं पता। हालांकि छात्रों के अभिभावकों को सोमवार को तलब किया गया है।
> – डॉ. प्रतिभा गुप्ता, इंचार्ज, नर्सिंग कॉलेज

## 181 परीक्षा केंद्रों पर 1519 बुजुर्गों ने दी साक्षरता परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सभी विकास खंडों में रविवार को एक दिवसीय मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 5 बजे तक चली। जिसमें कुल 181 परीक्षा केंद्रों पर 1519 बुजुर्ग परीक्षार्थियों ने यह मूल्यांकन परीक्षा दी कुल 181 परीक्षा केंद्रों की स्थापना की गई थी, जहां 1519 परीक्षार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी साक्षरता एवं संख्यात्मक क्षमता का मूल्यांकन कराया। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के उन नागरिकों को सशक्त बनाना है, जिन्हें औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीमद्भागवत महापुराण भारतीय संस्कृति की आत्मा : आचार्य ज्ञानचंद्र



**पूराबाजार, अमृत विचार :** राजेपुर गांव में गोसाईंगंज विधायक अभय सिंह के आवास पर चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य ज्ञानचंद्र द्विवेदी महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भारतीय संस्कृति की आत्मा कहा जाए तो इसमें कोई अत्युक्ति नहीं क्योंकि इसकी अभिव्यक्ति महर्षि व्यास की लेखनी की चरम परिणति है। कहा कि श्रीमद्भागवत का आश्रय लिया जाए तो सब कुछ प्राप्त हो सकता है। भागवत सुनकर किसी फल की कामना नहीं करनी चाहिए अपितु श्रीमद्भागवत श्रवण करना ही सबसे बड़ा फल है। मुख्य यजमान भगवान बक्स सिंह, आशा सिंह, चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व जिपं अध्यक्ष हमीरपुर जितेंद्र मिश्र पूर्व राज्य मंत्री इंदु प्रकाश मिश्रा, व्यवसायी अनुराग अग्रवाल व नीरज सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी आदि थे।

### एसएमसी अध्यक्ष व प्रधानाध्यापक के प्रशिक्षण में दिए टिप्स

**अयोध्या, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र बीकापुर पर विद्यालय प्रबंध समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापक और एसएमसी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने प्रतिभाग किया। अनिल कुमार प्रजापति और विजयलक्ष्मी सिंह ने एसएमसी अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक को प्रशिक्षण प्रदान किया। करीब 135 प्रधानाध्यापक और एसएमसी अध्यक्ष शामिल हुए। एआरपी गौतम तिवारी और सदाशिव मौर्य ने विभाग द्वारा चलाई जा रही शैक्षिक बिंदुओं की जानकारी दी। प्रियकांत पांडेय, अनिल कुमार सिंह, अनूप दुबे, वाई एन पाण्डेय, विद्या यादव, केके सिंह, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, ईश्वरचन्द्र, सुनीता भार्गव, इंद्रभान सिंह, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### पुरानी पुलिस चौकी के स्थान पर बनेगा जिम हाउस



**पूराबाजार, अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लाक के जलालुद्दीन नगर में स्थित पुरानी पुलिस चौकी के स्थान पर बच्चों और युवाओं के लिए आधुनिक जिम हाउस का निर्माण कराया जाएगा। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने इसके लिए प्रस्ताव स्वीकृत कर शासन को भेज दिया है। विधायक गुप्ता ने बताया कि जल्द ही इस परियोजना के लिए धन भी स्वीकृत कर दिया जाएगा। जिससे निर्माण कार्य शुरू कराया जा सकेगा। विधायक गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस जिम हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। जिम हाउस बनने से क्षेत्र के युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। नगर विधायक के इस प्रयास के लिए ब्लॉक प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह, गुरु प्रसाद सिंह, अवधेश सिंह मुन्ना, पूर्व प्रधान राज नारायण सिंह, ने स्वागत किया।

### ग्राम पंचायत परानापुर के प्रधान का निधन


अयोध्या प्रसाद वर्मा (फाइल फोटो)

**बड़गांव, अमृत विचार :** सोहावल ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत परानापुर के प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा (70) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा सरल स्वभाव, मिलनसार, व्यक्तित्व, और समाज के लिए समर्पण भावना के लिए एक अलग पहचान थी। प्रधान के पुत्र आशीष वर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह पिता कहीं निकलने वाले थे इसी बीच पेट में दर्द हुआ। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। इसी बीच को बेहोश हो गए। डॉक्टरों ने मृत हो जाने की पुष्टि की। प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अमरीश पांडे, गिरिजेश त्रिपाठी, प्रधान नदीम मलिक, प्रधान राजेश प्रताप सिंह, अखिलेश सोनी, प्रधान मनोज सिंह, विष्णु आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।


परीक्षा केंद्र से एसआई की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

### पुलिस उपनिरीक्षक की 2221 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से आयोजित की गई पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा के दूसरे दिन 2221 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा के लिए दूसरे दिन 12 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली में 4080 के सापेक्ष 2959 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। 1121 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में 4080 के सापेक्ष 2980 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 11 सौ अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों में 2221 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को लेकर केंद्र पर सुरक्षा के तगड़े इंतजाम रहे। सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती रही। अधिकारियों ने नकलविहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए केंद्रों का भ्रमण किया। डीएम निखिल टी. फुंडे और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

## घर के अंदर लटका मिला महिला ग्राम प्रधान का शव

मसौधा, अयोध्या।

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के चांदपुर कैल छतिरवा गांव में 35 वर्षीय मौजूदा महिला ग्राम प्रधान का शव घर के अंदर कमरे में छत में लगे कुंडे के सहारे गले में रस्सी का फंदा लगा लटकता हुआ पाया गया। घटना को लेकर गांव व क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा है। हालांकि पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

छतिरवा मजरे चांदपुर कैल की दलित महिला सीमा रावत ग्राम प्रधान हैं। इनके पति कर्मवीर रावत की लगभग आठ साल पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। इनका कार्यकाल भी ग्रामीणों के मुताबिक सराहनीय रहा है। मृतका सीमा रावत के ससुर नंदलाल परिवार के मुखिया थे। जिनकी मेहनत की बदौलत समूचा परिवार खुशहाल था। सीमा रावत दो बच्चों की मां थीं। एक पुत्री लगभग 12 साल की और बेटा करीब आठ साल का है। ग्रामीणों के मुताबिक रोज की भांति रविवार सुबह उनके ससुर नंदलाल रावत खेत की ओर टहलने गए हुए थे।

बच्चों से सीमा रावत के बारे में खोजबीन कराई तो पता चला कि वह घर के अंदर कमरे की छत में लगे कुंड के सहारे गले में फंदा लगा सीमा रावत का शव लटक रहा था। प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि प्रथम दृश्यटया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## श्रद्धा के साथ मनाई गई काशीराम की जयंती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कांग्रेस कार्यालय भवन में मान्यवर काशीराम की जयंती मनाई गई। नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें उनके सामाजिक संघर्षों और विचारों पर चर्चा की गई।

महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि मान्यवर काशीराम जी ने सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामसागर रावत ने कहा कि काशीराम जी ने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को संगठित कर उन्हें सम्मान और अधिकार की लड़ाई लड़ने की ताकत दी। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि काशीराम जी का पूरा जीवन सामाजिक जागरूकता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा ने कहा कि मान्यवर काशीराम जी ने समाज में समानता, भाईचारा और अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी। अध्यक्षता अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष और संचालन वरिष्ठ नेता रामभोर रावत ने की। कार्यक्रम में पीसीसी उग्रसेन मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव, राम अवध पासी आदि मौजूद रहे।


कमला नेहरू भवन में कांशीराम की जयंती पर चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस के पदाधिकारी। अमृत विचार

● कहा- उनके विचार आज भी प्रासंगिक

### पुलिस के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कुमारगंज पुलिस ने गल्ला व्यापारियों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस लाइन स्थित कार्यालय पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया गिरफ्तार किए गए आरोपी जितेंद्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम नौसहरा गोंडा पुलिस के नाम पर थाना कुमारगंज में एक गल्ला व्यापारी से 9 क्विंटल से अधिक सरसों बेचने के नाम पर 50 हजार नगद लेकर आने पर सरसों देने की बात कह कर उसे थाने के सामने तक लाया। इसके बाद फरार हो गया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी को प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज संतोष कुमार ने उप निरीक्षक विमल कुमार यादव तथा अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 23000 रुपए नगद, घटना में प्रयुक्त बाइक फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई, पुलिस का टाइप मोबाइल फोन और आधा दर्जन से अधिक फर्जी नंबर प्लेट बरामद किए हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।


विधायक रामचंद्र यादव के साथ रक्तदान करते रक्तदाता। अमृत विचार

### रक्तदान के साथ मना विधायक का जन्मदिन

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधायक रामचंद्र यादव का जन्मदिन सेवा और जनसहभागिता के साथ धूमधाम से मनाया गया। आयोजन श्री कृष्णा आर टी एस कॉलेज नरौली में किया गया। रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में लगभग 111 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। रक्तदाताओं में विकास मिश्रा, अनुप शुक्ला, शशि यादव, विजय यादव, दीपक यादव, मोनू तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकार पूजा कौशल सिंगर ने अवधी गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाजपा नेता तेज तिवारी, निर्मल शर्मा, कुलदीप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### वृद्ध महिलाओं की सेवा, फल व मिष्ठान वितरण

**अयोध्या, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की जिला इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सेवा पखवारे तहत रविवार को श्री राम जानकी माई बाड़ा आश्रम रामघाट में वृद्धों की सेवा की। महिलाओं को फल एवं मिष्ठान वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वृद्धावस्था आश्रम की प्रमुख कृष्णादासी और अन्य वृद्ध महिलाओं के साथ परिषद की उपाध्यक्ष अनीता पाठक ने वृद्ध महिलाओं को फल एवं मिष्ठान वितरित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि मातृशक्ति ही सबसे बड़ी शक्ति है, इसके बगैर सब कुछ अधूरा है। कार्यक्रम में महामंत्री रत्नेश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, अधिवक्ता प्रदीप तिवारी, सुरभि त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी आदि थे।

## फर्जी बैनामा से जमीन हड़पने के मामले में दर्ज करें केस

अयोध्या कार्यालय

● मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** फर्जी बैनामा के जरिए जमीन हड़पने के प्रयास का गंभीर मामला सामने आया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय ने मामले में मनोरमा सिंह बनाम मुरारी सिंह यादव एवं अन्य मामले में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। यह आदेश 6 मार्च 2026 को पारित हुआ। अदालत ने पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

मामले के अनुसार पीड़ित मनोरमा सिंह नाका हनुमानगढ़ी की निवासी हैं। आरोप लगाया कि उनके स्वर्गीय पति राजकुमार सिंह ने 30 सितंबर 1963 को संपत्ति का बैनामा लिया था। उन्होंने कभी भी किसी को यह जमीन बेची नहीं। आरोप है कि विपक्षी मुरारी सिंह यादव ने गाटा संख्या 670 का नगर पालिका के नाम पर एक के बाद एक पांच फर्जी बैनामा करा दिए। इनमें संपत्ति की चौहद्दी गलत तरीके से बाहर नगर पालिका वाली दिखाई गई, जो मनोरमा के मकान से करीब दो किलोमीटर दूर है। मनोरमा ने थाने और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपजिलाधिकारी सदर से दो बार जांच आख्या मंगाई गई। दोनों रिपोर्ट अस्पष्ट रहीं। जांच में कहा गया कि दोनों गाटों 670 मि एएनपी और 129 बीएनपी पर आबादी है, स्थलीय स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। अदालत ने थाना प्रभारी कोतवाली नगर को तुरंत मुकदमा दर्ज कर तीन दिन के अंदर अदालत को सूचित करने का आदेश पारित किया है।

## प्रशिक्षण में किसानों को दिए गए उन्नत व आधुनिक खेती के सुझाव

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में संचालित मिशन एकीकृत एवं औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत ग्राम खानपुर, जनपद बाराबंकी में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण हुआ।


कृषि विवि में किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते कृषि वैज्ञानिक।

परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक विधियों से मसाला फसलों की खेती करने से उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होती है। सह-मुख्य अन्वेषक डॉ. आशीष कुमार सिंह ने सब्जी फसलों की उन्नत खेती, बेहतर बीज चयन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार मौर्य ने सब्जी फसलों में लगने वाले प्रमुख कीटों की पहचान और उनके समन्वित प्रबंधन के प्रभावी उपाय बताए। वहीं डॉ. संजीव सिंह ने सब्जी एवं मसाला फसलों की जैविक खेती पर व्याख्यान देते हुए रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग और जैविक तरीकों को अपनाने के लाभ बताए। डॉ. हितेश कुमार ने जैविक खेती के साथ-साथ कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

### जीर्णोद्धार रुकवाया, जान से मारने की धमकी

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में वर्षों पूर्व बने मंदिर के नवीनीकरण कार्य को दबंगों के द्वारा रोकने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत की है। मामला ग्राम पंचायत सोनौरागाऊपुर मजरे बाबा का पूरा का है। चिंतामणि पाठक पुत्र राम अकबाल ने बताया घर के सामने 40 वर्ष पुराना मंदिर बना हुआ था। जीर्णोद्धार के लिए काम शुरू किया था। आरोप है कि गांव के ही लल्लन पाठक, विजय पाठक, रामतीर्थ पाठक व अजय पाठक एक जुट पहुंच कर गाली गलौज देते हुए मंदिर के निर्माण कार्य को करने से रोक दिया। अजय पाठक ने अपनी लाइसेंसी बंदूक निकालकर जान से मारने की धमकी भी दिया। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। उचित कार्रवाई की जाएगी।

परेशानी | करीब 45 स्कूलों को दी जानी है 7 करोड़ 57 लाख की धनराशि

## गरीब बच्चों की फीस क्षतिपूर्ति धनराशि विभाग ने अटकाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत गरीब और वंचित बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने की सरकारी व्यवस्था में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। शासन द्वारा निजी स्कूलों को गरीब बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति के लिए 7 करोड़ 57 लाख रुपये की धनराशि भेज दी गई थी, लेकिन संबंधित विभाग इस राशि को दबाकर बैठा हुआ है। खंड शिक्षा अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह पैसा अभी तक स्कूलों तक नहीं पहुंच पाया है।



आरटीई अधिनियम के तहत निजी मान्यता प्राप्त 45 स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। इन बच्चों की फीस, स्टेशनरी और अन्य खर्च सरकार द्वारा स्कूलों को प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाते हैं। इस मामले में शासन ने निर्धारित राशि जारी कर दी, लेकिन विभागीय स्तर पर फाइलें लंबित पड़ी हैं। स्कूल प्रबंधनों का कहना है कि लंबे समय से प्रतिपूर्ति नहीं मिलने से वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

यदि मार्च माह तक यह राशि स्कूलों को नहीं दी गई, तो कई निजी स्कूल आरटीई के तहत प्रवेशित गरीब बच्चों के नाम काटने की चेतावनी दे रहे हैं। इससे हजारों बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, क्योंकि स्कूल फीस न मिलने पर बच्चों को पढ़ाई से वंचित कर सकते हैं या अतिरिक्त शुल्क मांग सकते हैं

जो नियमों का सीधा उल्लंघन होगा। अभिभावक और शिक्षा कार्यकर्ता विभागीय अधिकारियों पर सवाल उठा रहे हैं कि केंद्र से आई राशि को क्यों रोका जा रहा है। स्थानीय स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारियों की निष्क्रियता से स्थिति बिगड़ती जा रही है। शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष मनोज पांडेय ने बताया ऐसी लापरवाही गरीब बच्चों के साथ अन्याय है और तत्काल जांच व कार्रवाई जरूरी है। यदि समय रहते राशि वितरित नहीं हुई तो स्कूलों का आरटीई से असहयोग बढ़ सकता है, जिससे अधिनियम का प्रभाव कमजोर होगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि धनराशि रोकी नहीं गई है, स्कूलों द्वारा प्रवेश का विवरण दिए जाने के बाद निर्गत की जाएगी।

स्मृति शेष

## पिता की विरासत को करीने से सहेजा एलके झुनझुनवाला ने

मसौधा, अयोध्या

● स्वतंत्रता के साथ जिले का पहला उद्योग समूह झुनझुनवाला ग्रुप

● किसानों की समृद्धि में केएम शुगर मिल का रहा बड़ा योगदान

**अमृत विचार:** झुनझुनवाला उद्योग समूह देश की स्वतंत्रता के साथ जिले का शायद पहला उद्योग समूह है। जिसने चीनी मिल लगाई और किसानों को कैश क्राप का रास्ता साफ किया। यहां के किसानों की समृद्धि में इसका बड़ा योगदान रहा है। खासतौर से अब तक की दो पीढियों ने किसानों का ख्याल रखा। लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला ने पिता की विरासत को करीने से सहेजा और अगली पीढ़ी को सौंप दिया।


लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला (फाइल फोटो)

आसपास के किसान, उनके करीबी और मिल के अधिशाषी अधिकारी एससी अग्रवाल बताते हैं कि 24 अगस्त 1942 को राजस्थान के झुंझुनू जिले में जन्मे लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला का व्यावसायिक जीवन संघर्षों से जुड़ा रहा है। इन्होंने जनहित में तो बहुत सारे कार्य किए। साथ ही साथ इनकी सोच में खेती किसानी से जुड़े किसानों की तरक्की के सपने भी हर समय तैरते रहते थे। यही वजह रही कि एलके झुनझुनवाला अंग्रेजी हुकूमत के दौरान अपने पिता सेठ द्वारिका दास के साथ 1945 में अयोध्या पहुंचे थे। तभी इनके पिता सेठ द्वारकादास ने 1945 में शुगर मिल की स्थापना के उद्देश्य से मसौधा रेलवे स्टेशन के निकट जमीन खरीदी। इसके कुछ महीने बाद चीनी मिल मसौधा का निर्माण शुरू हुआ। लगभग दो साल बाद चीनी मिल का पहली गन्ना खरीद और पेराई सत्र दिसंबर 1947 में शुरू हुई।

एलके झुनझुनवाला ने अपने पिता के जीवित रहने के दौरान 1975 से चीनी मिल मसौधा में पिता सेठ द्वारिका दास के साथ कार्यों में हाथ बंटाना शुरू कर दिया था। सन् 1980 के आसपास पिता सेठ द्वारिका दास के देहांत के बाद इन्होंने चीनी मिल मोतीनगर मसौधा का कार्यभार स्वयं संभाला। लगभग 85 वर्षीय झुनझुनवाला ने अपने व्यावसायिक जीवन में केएम शुगर मिल मसौधा, केएम डिस्टलरी प्लांट, पार्टिकल बोर्ड फैक्ट्री, स्टील उद्योग फैक्ट्री, झुनझुनवाला मेडिकल कॉलेज, झुनझुनवाला महिला डिग्री कॉलेज सहित कई व्यावसायिक व शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना कर खेती किसानी से जुड़े लोगों के हित में भी बहुत सारे कार्य किए। फैक्ट्री देखने के दौरान किसान उनसे बहुत आसानी से और करीब से मिल सकता था। उसके लिए कोई पाबंदी नहीं थी। किसानों के लिए सड़के और पुलिसा बनवाई जिससे गन्ना मिल पहुंच सके।

### कहते हैं किसान

1- बड़े गन्ना व जिपं सदस्य कमला प्रसाद बागी बताते हैं कि लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला गन्ना किसानों के बड़े हितैषी थे। उन्होंने किसानों के दर्द को समझा और जब भी किसी ने किसी काम के लिए उनके सामने अर्जी लगाई तो उन्होंने उसकी हर संभव मदद की।

2- पड़ोस के किसान नेता व कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा कहते हैं कि वह हमेशा गन्ना किसान की तरक्की के बारे में चर्चा करते थे। पूछते थे कि गन्ना किसान खुशहाल है कि नहीं। नई-नई प्रजातियां लाते, किसानों देते, नि:शुल्क फैक्ट्री के साधन से गन्ने की रोपाई कराते, बेहतर उत्पादन के लिए दवाइयां का छिड़काव भी स्वयं कराते थे। निगरानी के लिए टीमें गठित कर खेतों में भेजते थे।

3- मिल के प्रतिष्ठित 75 वर्षीय गन्ना किसान पारस नाथ वर्मा मायूस हैं। कहा कि लालाजी का निधन जिले भर के गन्ना किसानों की क्षति है। इसकी भरपाई अब इसलिए संभव नहीं है कि उनकी किसानों के प्रति वैचारिक व प्रगति की सोंच के व्यक्ति अब कम नजर आते हैं। किसानों को गहरा आघात लगा है। किसानों की तरक्की में केएम शुगर मिल का बड़ा योगदान है।

4- चीनी मिल के करीबी व बड़े गन्ना किसान पूराबाजार के शारदा सिंह कहते हैं कि बड़े दुख की बात है कि लाला जी आज हमारे नहीं रहे। वह दिन याद आता है कि जब हम बहुत छोटे थे तब भी गन्ना किसानों का बहुत ही आदर सम्मान करते थे। हर समय गन्ने के उत्पादन के बढ़ाने की ही बात करते थे। उन्हीं की वजह से आज हम गन्ने की खेती से आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। उनका निधन जिले का ही नहीं। गोंडा बस्ती अंबेडकरनगर के गन्ना किसानों की अपूरणीय क्षति है।

# गंगा वारियर्स और हिंडन टाइटन की शानदार जीत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 के रविवार को खेले गए लीग मुकाबलों में गंगा वारियर्स और हिंडन टाइटन ने शानदार जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए। एडीएम गजेंद्र कुमार व आरएसओ वाराणसी विमला सिंह ने अभिषेक और अमित को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया।

डाभासेमर स्थित डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के क्रिकेट स्टेडियम में पहले मुकाबले में चंबल चार्जर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 120 रन बनाए। टीम की ओर से अमित ने 32, आदित्य ने 27 और अंकुर ने 21 रन का योगदान दिया। हिंडन टाइटन के आकाश, अभिनव और ऋतिक ने तीन-तीन विकेट लेकर चंबल की पारी समेट दी।



एपीएल टी-20 मुकाबले में अपनी गेंदबाजी का हुनर दिखाता गेंदबाज।

- एपीएल टी-20 : अभिषेक और अमित मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिंडन टाइटन की टीम ने 18.1 ओवर में चार विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कुशाग्र ने 40 और हर्षित ने 36 रन की अहम पारी खेली। चंबल चार्जर्स की ओर से सौरभ, अभिषेक और विशाल ने एक-एक विकेट लिया। दूसरे मुकाबले में बेतवा ब्लास्टर्स ने निर्धारित ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए। राहुल ने 28 जबकि मुरारी और सुधांशु ने 25-25 रन बनाए। गंगा वारियर्स के ध्रुव ने तीन विकेट चटकाए, जबकि विशाल, युवराज, शोएब और अनुज ने दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में गंगा वारियर्स ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 9.4 ओवर में ही दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। शिवम ने 61 और अभिषेक ने 33 रन की बेहतरीन पारी खेली। इस दौरान डीसीए के जिला सचिव उमेर अहमद, आयोजन संयुक्त सचिव बाल किशन निषाद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



सांसद अवधेश प्रसाद के आवास पर आयोजित रोजा इफ्तार में शामिल लोग। अमृत विचार

## सांसद के रोजा इफ्तार में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

**अयोध्या, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से रविवार को सहादतगंज स्थित सांसद आवास पर रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने शिरकत कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा रमज़ान का पवित्र महीना त्याग, संयम, सेवा और इंसानियत का संदेश देता है। मौलाना शादाब साहब नायब पेश इमाम टाटशाह ने नमाज़ अदा कराई। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां, पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, अजीत प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि : कमलेश



नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का स्वागत करते भाजपा नेता।

**पूराबाजार, अमृत विचार :** कार्यकर्ताओं का सम्मान हमारा परम कर्तव्य है। यह विचार रविवार को कोडरी चौराहे पर स्थित एक पैलेस में भाजपा कार्यकर्ताओं से आयोजित सम्मान समारोह में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों पर पैनी नजर रखें, जिससे सभी पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। विधायक प्रतिनिधि अमल गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ होता है और कार्यकर्ताओं का मनोबल सदैव बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में जिपं सदस्य देवता प्रसाद पटेल, पूर्व जिपं सदस्य शंभूनाथ सिंह दीपू, महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा, महामंत्री शैलेंद्र कोरी, अरविंद सिंह सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पशुपालकों के संवर्धन के लिए सरकार गंभीर : विधायक




पशु आरोग्य मेले कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता। अमृत विचार

**बीकापुर, अयोध्या । अमृत विचार :** विकास खंड मसौधा अंतर्गत ग्राम पलिया गोवा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा शिविर एवं पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने गौ पूजन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। कहा कि सरकार पशुपालकों के संवर्धन और उनकी आय बढ़ाने के लिए गंभीर है और कई योजनाएं चला रही है। संचालन डॉ. विवेक कुमार शुक्ल ने किया।

# डॉ. वीरेंद्र को मिला बेस्ट पब्लिकेशन अवार्ड



कार्यक्रम के दौरान अवार्ड प्राप्त करते डॉ. वीरेंद्र वर्मा। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. वीरेंद्र वर्मा को आरएसएसडीआई यूपीकॉन 2026 के दौरान उन्हें बेस्ट पब्लिकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मानित करने वालों में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मार्तोलिया, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, डॉ. नर सिंह वर्मा, डॉ. अजोये तिवारी व डॉ. सुनील बंसल सहित अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल रहे। आरएसएसडीआई यूपीकॉन आयोजन सचिव डॉ. वीरेन्द्र वर्मा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. आनंद शुक्ला, ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. साकेत गुप्ता, आर्थो विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद आर्या व अन्य ने उन्हें बधाई दी है।

# दुआओं के साथ मस्जिदों में तरावीह मुकम्मल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** पवित्र रमजान के दौरान मुस्लिम समुदाय ने बड़ी धार्मिक उत्साह के साथ इबादत की। कई मस्जिदों में तरावीह की नमाज मुकम्मल की गई, जिसमें हाफिजों और कारीयों ने कलाम-ए-पाक की तिलावत के साथ पूरा किया। कई जगहों पर रोजा इफ्तार के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

कादरी जामा मस्जिद नियावा में हज़रत हाफिज कारी मोहम्मद सलाउद्दीन ने कलाम-ए-पाक मुकम्मल किया। मौके पर हाफिज मोहम्मद जाबिर कुरैशी (मोअज्जिन), हाफिज मौलाना मोहम्मद शाहिद जामाई, मोहम्मद अनवर कुरैशी, नावेद आलम खान आदि मौजूद रहे। खंदारी बाजार मस्जिद इमाम-ए-आजम में हाफिज इशहाक ने 25 रोजे तरावीह मुकम्मल की। नमाज तरावीह के बाद नात-ख्वानी हुई, इसके साथ कारी जमीर की तकरीर और दुआ की गई। मुख्य इंतजाम अंजुमन के रूमी जकी खान, अशद खान, राशिद खान, खलीक मास्टर, उबैद उल्लाह खान मौजूद रहे। सुभाष नगर मस्जिद बिलाल सुभाष नगर मस्जिद बिलाल, रिकाबगंज शेर वाली कोठी मस्जिद मुकेरी टोला, मस्जिद बलरामपुर सराय के इमाम हाफ़िज़ तय्यब के पुत्र हाफिज अब्दुल्ला ने 25 रोजा तरावीह मुकम्मल की। वजीरगंज मस्जिद वजीरगंज मस्जिद एक मिनारा में हाफिज कारी अब्दुल वहिद ने तरावीह के दौरान कलाम-ए-पाक मुकम्मल किया। मौके पर मस्जिद इंतजामिया एक मिनारा मस्जिद के इमाम हाफिज मुनव्वर, असलम खान, शाहबाज, नवाब खान, सैफ खान, आमिर खान, अब्दुल रहीम, अर्श, फैज़ खान आदि मौजूद रहे।



एक मस्जिद में तरावीह की नमाज मुक्कमल होने के दौरान मौजूद रोजेदार।

# बिना दहेज के शादी कर पेश की सादगी की मिसाल

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिले में एक शादी सादगी की मिसाल बन गई है जहां शादियों के सीजन में दहेज और फिजूलखर्ची की होड़ लगातार बढ़ती हुई देखी जा रही है। वहीं जिले के कप्तानगंज थानाक्षेत्र के लखमीपुर गांव के रहने वाले रविंद्र यादव और उनकी महाविद्यालय की प्रबंधक पत्नी गीता यादव ने समाज के सामने एक सराहनीय मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने बेटे की शादी में मात्र 101 रुपये का कन्यादान लेकर शादी की रस्मे सम्पूर्ण कराई हैं। उन्होंने ये शादी पूरी सादगी से संपन्न की और दहेज संस्कृति पर बड़ा संदेश दिया।



बिना दहेज के शादी में परिणय सूत्र में बंधे वर-वधू।

जानकारी के मुताबिक कप्तानगंज थानाक्षेत्र के लखमीपुर गांव के रहने वाले रविंद्र यादव ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। उनकी पत्नी गीता देवी मां चनरमी देवी पीजी कॉलेज की प्रबंधक हैं। उनके बेटे भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद अध्यापन का कार्य करते हैं। 12 मार्च को उनके बेटे की बारात अंबेडकर नगर के मालीपुर के पास बीवीपुर भूसौली गांव मे रमेश यादव के गई। जहां पर आदित्य यादव और रेखा यादव की विवाह रस्में मात्र 101 कन्यादान लेकर संपन्न की गईं। ग्राम पंचायत अधिकारी रविंद्र यादव ने कहा कि जिस तरह से समाज मे शादी में फिजूलखर्ची होती है उसकी कोई जरूरत नहीं है. समाज को दहेज रूपी बुराई से बाहर लाने के लिए किसी को तो पहल करनी ही होगी। पैसे के दिखावे में उड़ाने के बजाय इसे बच्चों की शिक्षा और अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए। जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए और गरीब बेटियों की शादी करवानी चाहिए। इससे लोगों को सहूलियत मिल सके।

प्रबंधक गीता यादव ने बताया कि उनका बेटा आदित्य यादव भी इस दहेज प्रथा के खिलाफ है। शुरू से ही उसका भी यही मन था कि जिस जगह उसकी शादी होगी तो वो बिना दहेज के उस घर की बेटी को अपनी बहू के रूप में स्वीकार करेगा। इस फिजूलखर्ची के खिलाफ व युवाओं में और लोगों को भी जागरूक करेगा ताकि समाज को एक सही दिशा मिले। उनकी इस सोच की पूरे क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। अतरौलिया के लोकप्रिय विधायक डा. संग्राम यादव ने भी इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए नासूर है। ऐसे कार्यों से समाज में चेतना बढ़ेगी और लोग दहेज जैसी कुप्रथा को दूर भगाएंगे।

## आग से सरसों की फसल जलकर राख

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर में एक किसान की खेत में रखी तैयार सरसों की फसल और कंडे जला दिए गए। अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाने से किसान की सालभर की मेहनत जलकर राख हो गई। पीडि़त किसान ने पुलिस में मामले की शिकायत किया है। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के बालाघाट के पास हुई। उसमापुर निवासी किसान अशोक कुमार ने बताया कि उनके खेत में सरसों की फसल बोई थी। फसल पकने के बाद उसे काटकर खेत में रखा गया था, जिसकी दौहराही की तैयारी चल रही थी। उसी खेत में कंडे भी लगाए गए थे। रात के समय अज्ञात लोगों ने सरसों की फसल और कंडों में आग लगा दी।

# सरकारी भवन पर लोगों का कब्जा

- नेवारी दुराजपुर विरतियां में वर्षों पूर्व बना था पंचायत भवन
- भवन नगर पंचायत जहांगीरगंज में शामिल होने के बाद से उपेक्षा का है शिकार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के नगर पंचायत जहांगीरगंज क्षेत्र में लाखों रुपए की लागत से निर्मित एक सरकारी भवन देखरेख के अभाव में अवैध कब्जे का शिकार हो गया है। नेवारी दुराजपुर विरतियां में वर्षों पूर्व पंचायत भवन के रूप में स्थापित यह भवन नगर पंचायत जहांगीरगंज में शामिल होने के बाद से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण इस सरकारी भवन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। कब्जेदारों ने भवन के एक-दो कमरों को निजी आवास के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जबकि अन्य कमरों को तबेले में बदल दिया गया है। जहां पर पालतू जानवर बांधकर रखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कई बार विपरीत परिस्थितियों में इन जानवरों को कमरों में ताला लगाकर भी रखा जाता है। जिनमें सरकारी भवन के भीतर पशुओं को बांधे जाने की स्थिति स्पष्ट दिखाई दे रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा भवन की देखरेख और साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। परिणाम स्वरूप यह सरकारी संपत्ति धीरे-धीरे अवैध कब्जेदारों के कब्जे में चली गई और अब उसका उपयोग निजी आवास और तबेले के रूप में किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराकर सरकारी भवन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए और उसे उसके मूल उद्देश्य के लिए उपयोग में लाया जाए।



सरकारी भवन पर हुआ अवैध कब्जा।

# सड़क जाम करने में 25 नामजद और कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम सिरसिया ओझानगर के पास हुए भीषण सडक़ हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने राजेसुल्तानपुर चौक पर जाम लगाया था। मामले में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि उपनिरीक्षक अर्जुन यादव की तहरीर पर पुलिस ने 25 नामजद और लगभग 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया है कि किसी व्यक्ति द्वारा गलत अफवाह फैलाई गई कि दोनों युवकों की मौत के लिए डायल.112 वाहन जिम्मेदार है। इस सूचना के बाद सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण और परिजन राजेसुल्तानपुर चौक पर पहुंच गए और सडक़ जाम कर आवागमन बाधित कर दिया था। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस और पीएसी मौके पर तैनात कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्यामदेव, एसडीएम आलापुर और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया और कई लोगों को थाने ले जाकर मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अक्षय कुमार पटेल ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। वहीं पीडि़त पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एलपीजी की है पर्याप्त उपलब्धता : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में एलपीजी गैस की सुगम उपलब्धता और एलपीजी की वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आइओसीएल के कुल 44 एजेंसियां हैं, जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरण का कार्य किया जा रहा है।

बता दें कि जनपद में 14 हजार से अधिक एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है। प्रतिदिन लगभग 5000 गैस सिलेंडर की खपत हो रही है। इस प्रकार जनपद में पर्याप्त गैस सिलेंडर उपलब्ध है, आम जनमानस को इस संबंध में धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जनपद में उपभोक्ताओं को सुगमता से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने और इससे संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसमें आठ-आठ घंटे के दो शिफ्ट प्रथम शिफ्ट पूर्वाह्न 6 बजे से अपराह्न 2 बजे तक ज्योतिमां कनिष्ठ सहायक मोबाइल नंबर 7355654363 तथा अपराह्न 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक अमित कुमार चौबे कनिष्ठ सहायक मोबाइल नंबर 8787066712 में कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक वितरण केंद्र पर पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की गई है। साथ ही सभी एजेंसियों को ओटीपी के माध्यम से होम डिलीवरी के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के वितरण पर रोग लगी है, जिसके वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में फ्यूलवुड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि फ्यूल वुड की सुगमता से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनपद में 80 क्रियाशील आरा मशीनों और 34 अड्डों को चिन्हित किया गया है, जहां पर लगभग 2500 कुंतल से अधिक फ्यूल वुड उपलब्ध है। जहां से वैवाहिक कार्यक्रमों, दाह संस्कार, तेरहवीं एवं अन्य अनुष्ठानों, कार्यक्रमों के लिए जन सामान्य सुगमता से फ्यूलवुड प्राप्त कर सकते हैं।



कलेक्ट्रेट सभागार में एलपीजी गैस की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते डीएम अनुपम शुक्ला।

## नीलगाय के शिकार के मामले में मुकदमा दर्ज

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र में एक नीलगाय के अवैध शिकार का मामला सामने आया है। इस संबंध में वन विभाग की तहरीर पर एक व्यक्ति सहित अज्ञात आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि वन दरोगा शिताषु स्वरूप श्रीवास्तव को सूचना मिली थी कि ग्राम सुल्तानपुर तप्पा हवेली कम्हरिया घाट के पास नदी किनारे एक नर नीलगाय मृत अवस्था में पाई गई है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नीलगाय की गर्दन पर धारदार हथियार से कटने का निशान मिला, जिससे उसकी मौत होने का अनुमान है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ में कम्हरिया निवासी मो. कुनमुन पुत्र शोहर अली और कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नीलगाय का शिकार किए जाने का पता चला। वन दरोगा शिताषु स्वरूप श्रीवास्तव की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मो. कुनमुन और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और अन्य संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों की निखरेगी प्रतिभाएं

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के प्रतियोगी विद्यार्थियों के लिए योगी सरकार 345 ग्राम पंचायतों में आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करा रही है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने तथा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सभी डिजिटल लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से शैक्षणिक पुस्तकें, ई-कंटेंट और डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इन लाइब्रेरी में हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा, कंप्यूटर, बैठने की व्यवस्था तथा आधुनिक फर्नीचर सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि छात्र-छात्राएं एक बेहतर अध्ययन वातावरण में अपनी तैयारी कर सकें। उन्होंने बताया कि इन सभी लाइब्रेरियों में नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, सामान्य ज्ञान सामग्री, संदर्भ ग्रंथ तथा दैनिक समाचार पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रत्येक डिजिटल लाइब्रेरी को आधुनिक शैक्षणिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला, केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के बाजिदपुर निवासी राम सरवन ने अपनी बेटी को दहेज के लिए प्रताडि़त कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। राम सरवन ने बताया कि उनकी बेटी का विवाह बीते 5 जून 2025 को जौनपुर के शाहगंज थाना क्षेत्र के मलहज गांव निवासी प्रद्युम्न से हआ था। आरोप है कि विवाह में दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। पति प्रद्युम्न, उसके पिता कैलाश, भाई सनी और मां उर्मिला ने शहर में जमीन खरीदने के लिए अतिरिक्त 20 लाख रुपए की मांग किया। विवाहिता ने बताया कि उसके पिता पहले ही कर्ज लेकर शादी कर चुके हैं और अब और पैसे नहीं दे सकते, जिस पर सभी आरोपी नाराज हो गए। राम सरवन के अनुसार 2 अगस्त 2025 की रात सभी आरोपियों ने मिलकर विवाहिता को गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद पीडि़ता अपने मायके पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। राम सरवन ने बताया कि जब उनकी बेटी मायके आई तो उसके पास कोई सामान या गहने नहीं थे, क्योंकि ससुराल पक्ष ने सभी जेवर और सामान अपने पास रख लिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष अब अपने बेटे की दूसरी शादी करने की तैयारी कर रहा है।

**जयंती** | सपा कार्यालय रामनगर में धूमधाम से मनाई गई सामाजिक परिवर्तन के महानायक कांशीराम की जयंती, सपाईयों ने कांशीराम के योगदान को किया याद

# कांशीराम ने वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए किया संघर्ष : त्रिभुवन

न्यौरी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कांशीराम की जयंती जनपद में धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिला कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं अकबरपुर विधानसभा कार्यालय स्थित भानमती उत्सव वाटिका में पूर्व मंत्री राम अचल राजभर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आलापुर के रामनगर कार्यालय में विधायक त्रिभुवन दत्त की अध्यक्षता में भी कार्यक्रम का आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



रामनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सपा विधायक त्रिभुवन दत्त और मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

सपा कार्यालय रामनगर में सामाजिक परिवर्तन के महानायक मान्यवर कांशीराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान समाज सुधारक बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव व आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने दलितों, पिछड़ों, शोषितों और अल्पसंख्यकों सहित समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उनके मिशन को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम चाहते तो अपना जीवन आराम से व्यतीत कर सकते थे, लेकिन उन्होंने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष का रास्ता चुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक और समाजसेवी मोहित राम ने की। कहा कि समाज में व्याप्त सामाजिक दूरी को समाप्त करने के लिए हमें मान्यवर कांशीराम के विचारों को अपनाते हुए समाज के लिए समय देना होगा। कार्यक्रम का संचालन राम प्यारे निषाद ने किया।

## जयंती पर याद किए गए कांशीराम

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के जलालपुर विधानसभा क्षेत्र में सपा कार्यकर्ताओं ने बहुजन समाज के नेता कांशीराम की जयंती मनाई। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कांशीराम के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया। उन्होंने कांशीराम के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जलालपुर के पूर्व विधायक सुभाष राय, विधानसभा अध्यक्ष अखिलेश यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष पप्पू वर्मा, बड़ागांव के पूर्व प्रधान सुरेश वर्मा सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने कांशीराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# जमीनी विवाद में घर में घुसकर हमला, 6 लोग घायल

## दबंगों की फायरिंग से मचा हड़कंप, लापरवाही बरतने पर अखंडनगर थानाध्यक्ष निलंबित, सीओ भी आए जांच के दायरे में

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अखंडनगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर रविवार को दबंगों ने एक घर पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों और असलहों से लैस हमलावरों ने घर में घुसकर मारपीट की और फायरिंग भी की। घटना में छह लोग घायल हो गए, जिनमें एक को गोली लगने की बात सामने आई है। सभी घायलों को इलाज के लिए अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अखंडनगर थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीओ कादीपुर की भी जांच का आदेश दिया है।

बताया जा रहा है कि कल्याणपुर गांव निवासी सुरेश यादव का अपने पट्टीदारों संजीत यादव, आनंद यादव समेत अन्य लोगों से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। आरोप है कि शनिवार को भी विपक्षी पक्ष पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह के साथ मौके पर पहुंचा था और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया था। इस संबंध में सुरेश यादव ने अखंडनगर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को आरोपित पक्ष दोबारा बड़ी संख्या में लोगों के साथ गांव पहुंचा और सुरेश यादव के घर में घुसकर हमला कर दिया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई और कई राउंड फायरिंग की गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करने पहुंचीं एसपी चारू निगम। ● अमृत विचार

हमले में विपुल यादव (16) पुत्र सुरेश यादव, सोभावती (50) पत्नी चंद्रजीत यादव, कमलेश (42) पुत्र सुरेश यादव, रोशनी (25) पुत्री चंद्रजीत, संजय यादव (31) पुत्र चंद्रजीत यादव और प्रैंकुर यादव (12) पुत्र चंद्रजीत यादव घायल हो गए। सभी घायलों को पहले स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक चारु निगम सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर अखंडनगर थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

इसके साथ ही क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम और थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने के संबंध में जांच के आदेश दिए गए हैं। इस मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह को सौंपी गई है, जो दोनों अधिकारियों की भूमिका की जांच कर रिपोर्ट देंगे। जांच के बाद प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### यूथ नेशनल में छत्तीसगढ़ से खेलेंगे शाहिद



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के भुलकी गांव निवासी वॉलीबॉल खिलाड़ी शाहिद का चयन उड़ीसा के भुवनेश्वर स्थित कीट यूनिवर्सिटी में 15 से 20 मार्च के बीच होने वाली यूथ नेशनल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। शाहिद का चयन 2022 में साई हॉस्टल छत्तीसगढ़ में हुआ था और वह चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेल चुके हैं। उनके पिता अनवर अली भी वॉलीबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं। चयन पर वॉलीबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, जिला सचिव एसएन सिंह, उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, रविन्द्र सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामेंद्र सिंह राणा, दिनेश तिवारी, मुशीद, मुनेंद्र मिश्र, अजय सिंह फौजी, सर्वेश सिंह, साधू, रणधीर सिंह, कोच प्रदीप यादव, सैयद नूर अली आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीरामचरितमानस कथा में कैकेयी के त्याग का किया वर्णन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुस्तफाबाद सरैया बाजार में आयोजित पंच दिवसीय श्रीरामचरितमानस कथा के प्रथम दिन पं. पंकज शास्त्री ने कैकेयी के त्याग को रामकथा की मूल प्रवृत्ति बताया। बाल व्यास संपूर्णानंद महाराज ने हनुमान चरित्र का वर्णन किया। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। आयोजक मनोज पांडे सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बरवारीपुर में विद्यालयों का संयुक्त वार्षिकोत्सव

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बरवारीपुर में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का संयुक्त वार्षिकोत्सव आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. इंदुशेखर उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि धीरेन्द्र प्रताप सिंह रहे। बच्चों ने गीत व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। ग्राम प्रधान बेंचूराम प्रजापति ने मेधावी छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया।

### शिक्षा सामाजिक समरसता का आधारः सांसद

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ब्राहिमपुर नसदपुर गांव में आयोजित होली मिलन समारोह में राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि शिक्षा सामाजिक समरसता का आधार है। उन्होंने दिल्ली के शिक्षा मॉडल की चर्चा करते हुए उसे उत्तर प्रदेश में लागू करने की जरूरत बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम एडवोकेट ने की।

# छात्रों को सेवाभाव अपनाने का दिया संदेश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आचार्य चाणक्य महाविद्यालय महमूदपुर सेमरी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का समापन समारोह रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के उप प्रबंधक डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी रहे।

समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ समाज सेवा की भावना को प्रबल करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने और सेवा भाव को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी शिवमणि दुबे और डॉ. शरद पाठक मौजूद रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.पी. पांडे ने भी छात्रों को सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर व्यवस्था प्रभारी इंद्रेश तिवारी, बीएड विभागाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, दीपक वर्मा, राजकुमार दुबे, शिवकुमार यादव सहित सभी प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं मौजूद रहीं।



विशेष शिविर के समापन पर शिविरार्थियों को सेवा भाव की दी गई सीख।

● राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. ओम प्रकाश पांडेय 'बजरंगी' ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस बृजेश मिश्रा (पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अमहट) और विशिष्ट अतिथि के रूप में सौरभ पांडेय उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण बृजेश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा और अनुशासन की भावना विकसित करती है। प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान, महिला स्वास्थ्य, योग-ध्यान, साइबर सुरक्षा और मेडिकल कैंप जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# हत्या का आरोप लगाकर अंत्येष्टि से इंकार

संवाददाता, सुलतानपुर

● शनिवार को नहर में मिला था शव अधिकारियों के समझाने पर माने

**अमृत विचारः** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भरखरे गांव में नहर से शव मिलने के बाद रविवार को परिजनों ने हंगामा करते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाते हुए उसकी गिरफ्तारी और आर्थिक सहायता की मांग की। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों के समझाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए।

भरखरे गांव निवासी 55 वर्षीय समर बहादुर पुत्र लालता प्रसाद का शव शनिवार सुबह गांव के पास स्थित नहर में मिला था। शव से कुछ दूरी पर एक टूटा हुआ मोबाइल फोन और शराब की टूटी बोतल भी बरामद हुई थी। सूचना मिलने पर शिवगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिजनों के अनुसार समर बहादुर शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे बीड़ी-माचिस लेने के लिए दुकान जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। शनिवार सुबह नहर में उनका शव मिलने की सूचना मिली। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर पहुंचा। रविवार सुबह परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने नहर के पुल पर शराब के नशे में समर बहादुर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक के भाई रामराज ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही परिवार को आवास, खेती के लिए जमीन, मृतक की पत्नी को पेंशन और आर्थिक सहायता देने की मांग की। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर और प्रभारी तहसीलदार लंभुआ प्रांजल त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उचित कार्रवाई और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन मान गए और गांव में ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले में अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर रही है।

# जंगल गई महिला की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह गांव के पास जंगल की ओर गई थीं, जहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी भदैंया ले गए, लेकिन इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान वजूपुर (निषाद बस्ती) निवासी 55 वर्षीय फूलमती पत्नी पुन्नीलाल निषाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम वह गांव के समीप जंगल की तरफ गई थीं। इसी दौरान उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। सूचना मिलते ही परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदैया ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। कुछ लोगों ने सर्पदंश की आशंका जताई, जबकि परिजनों का कहना है कि महिला की मौत हार्ट अटैक से हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। हालांकि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। महिला की मौत से उनके बेटों सुरेश, सुभाष, कपिल तथा बेटियों रेखा और विनती का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के पति पुन्नीलाल मुंबई में मछली पकड़ने का काम करते हैं, जिसके कारण वह तुरंत घर नहीं पहुंच सके। देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। देहात कोतवाल ने बताया कि परिजनों ने बीमारी से मौत होने की बात कही और पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, जिसके बाद पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# सकरदे घाट पर हो रहा अवैध बालू खनन

● जहां एक ओर सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है तो वहीं पर्यावरण को भी पहुंच रही है क्षति

करौंदीकला, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में गोमती नदी के सकरदे घाट और अमिलिया घाट पर अवैध बालू खनन का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि बालू माफिया दिन-रात ट्रैक्टरों से नदी से बालू निकालकर उसे आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना नंबर वाले ट्रैक्टरों से बालू की ढुलाई की जा रही है और कई जगहों पर इसे स्टोर कर निर्माण कार्यों में सप्लाई किया जा रहा है। तेज रफ्तार से चलने वाले इन ट्रैक्टरों के कारण कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

ग्रामीणों के अनुसार रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर नदी से बालू निकाल रहे हैं, लेकिन खनन विभाग की ओर से केवल औपचारिक कार्रवाई की जा रही है। रविवार को भी सकरदे घाट पर ट्रैक्टरों से बालू खनन होते देखा गया, जिससे लोगों में आक्रोश है।

उप जिलाधिकारी उत्तम तिवारी ने बताया कि अवैध खनन की सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाती है और सभी थानाध्यक्षों को भी खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।



बिना नंबर के ट्रैक्टर से धड़ल्ले से नदी में हो रहा खनन।

### नाली निर्माण का मलबा सड़क पर छोड़ने से हादसा

**लंभुआ, सुलतानपुर अमृत विचार :** नगर पंचायत लंभुआ में नाली निर्माण के बाद सड़क पर छोड़े गए मलवे के कारण रविवार को सड़क हादसा हो गया। ट्रक की टक्कर से चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कुछ राहगीर भी चोटिल हो गए। कस्बे में ईओ आवास, सीओ आवास, प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, बैंकिंग संस्थानों और कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने नाली निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण के बाद निकला मलवा कई दिनों से सड़क पर फैला पड़ा है, जिससे आधे से अधिक रास्ता बाधित हो गया है। रविवार को इसी कारण एक चारपहिया वाहन ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन चालक संजय सिंह ने बताया कि बाइक सवार भी इस मलवे के कारण गिरकर घायल हो रहे हैं। पीड़ित संजय सिंह ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, शिक्षिका पत्नी गंभीर

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** वाराणसी फोरलेन पर शनिवार शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी शिक्षिका पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान कोतवाली नगर के शास्त्री नगर मोहल्ला निवासी सुशील गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी उर्मिला गुप्ता को लंभुआ स्थित एक प्राइवेट स्कूल से लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। उर्मिला गुप्ता स्कूल में शिक्षिका है। बताया जाता है कि वाराणसी फोरलेन पर अभियाकला मोड़ से पुराने हाईवे की ओर मुड़ते समय पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दंपती बाइक सहित डिवाइडर पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सुशील गुप्ता को मृत घोषित कर दिया, जबकि उर्मिला गुप्ता का उपचार चल रहा है। सुशील गुप्ता ओम नगर में बेकरी की दुकान चलाते थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। देहात कोतवाल धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 596 पीएम व 142 सीएम आवास अधूरे

● निर्माण कार्य में सुस्ती पर परियोजना निदेशक ने खंड विकास अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत 738 आवास अब भी अधूरे पड़े हैं। वर्ष 2017 से 2025 तक प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1,30,098 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 1,29,502 का निर्माण पूर्ण हो चुका है, लेकिन 14 विकास खंडों में अब भी 596 आवास अधूरे हैं।इनमें 140 आवास निर्माणाधीन हैं जबकि 80 भूमि विवाद के कारण शुरू नहीं हो पाए तो 29 लाभार्थी भूमिहीन हैं, जबकि दो लाभार्थी पहली किस्त लेने के बाद पलायन कर गए, जिनसे धनवापसी के निर्देश दिए गए हैं।इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों में 142 अब भी अधूरे हैं, जिनमें से 60 का निर्माण विभिन्न कारणों से शुरू ही नहीं हुआ। परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों को स्थलीय जांच कर रिपोर्ट देने और लापरवाह लाभार्थियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**ब्लाकवार प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण की स्थिति**

| क्रमांक | विकास खंड | पूर्ण आवास | अपूर्ण आवास |
|---|---|---|---|
| 1 | अखंडनगर | 9210 | 40 |
| 2 | बल्दीराय | 11316 | 46 |
| 3 | भदैयां | 7606 | 33 |
| 4 | धनपतगंज | 12612 | 116 |
| 5 | दोस्तपुर | 8935 | 21 |
| 6 | दूबेपुर | 10616 | 52 |
| 7 | जयसिंहपुर | 11834 | 46 |
| 8 | कादीपुर | 7314 | 36 |
| 9 | करौंदीकला | 5478 | 26 |
| 10 | कूरेभार | 10988 | 60 |
| 11 | कुड़वार | 9845 | 18 |
| 12 | लंभुआ | 9309 | 62 |
| 13 | मोतिगरपुर | 6313 | 20 |
| 14 | पीपी कमैचा | 8126 | 20 |

# सच्चा मित्र वही जो संकट में न भूले

● बल्दीराय के ग्राम पूरे नेवल दरियापुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का सातवां दिन

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पूरे नेवल दरियापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक रस का सागर में गोते लगाए। राजस्थान के कोटा से पधारी प्रसिद्ध कथा व्यास पूजा बैरागी ने भगवान की लीलाओं का सजीव वर्णन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।



कथा व्यास पूजा बैरागी

व्यास पूजा बैरागी ने संक्षिप्त रामकथा के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को प्रेरणा दी। इसके पश्चात भागवत कथा के अंतर्गत उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के अनन्य प्रेम की मार्मिक कथा सुनाई। सुदामा चरित्र के माध्यम से उन्होंने सच्ची मित्रता, त्याग और ईश्वर की निष्काम भक्ति का संदेश दिया। कथा के दौरान व्यास ने भगवान के गोलोक गमन की लीला का भी सुंदर चित्रण कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के समापन पर आयोजक बालयोगी योगराज ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूज्य मनीष शुक्ला, अशोक तिवारी, अखिलेश तिवारी, आशीष शुक्ला, द्वारिका प्रसाद पांडेय, पूनम शुक्ला सहित क्षेत्र के हजारों भक्तजन उपस्थित रहे।

### माकपा की दिल्ली रैली 24 को, समर्थन को लगी टीम

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) माकपा ने 24 मार्च को दिल्ली में होने वाली किसान-मजदूर जनसंघर्ष रैली के प्रचार के लिए रविवार को जिले के खरसोमा और दखिनवारा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जनसंघर्ष जत्था निकालकर लोगों से रैली में शामिल होने का आह्वान किया। जत्था खरसोमा, लखैचा, देवकली सरैया, ममरखा, बरोला और फूलौना बाजार होते हुए मनापट्टी तिराहा पर पहुंचकर समाप्त हुआ। रास्ते में कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए लोगों को केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ संगठित होने की अपील की। इस दौरान शशांक पांडेय, अंशुमान वर्मा, प्रदीप वर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, लल्लन यादव, शिवनाथ मिश्रा, रामनिहाल, जवाहर लाल, मनोराम वर्मा, जंगबहादुर वर्मा, बाबूराम मौर्य, बाबूराम वर्मा, लाल बहादुर यादव, ब्रिंदंती, उत्कर्ष, समीर, साहिल, बब्बन यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम PRADEEPKUMAR NAGESHWARPRASAD SRIVASTAVA से बदलकर PRADEEP KUMAR SRIVASTAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-NAGESHWAR PRASAD SRIVASTAVA ADD-N-432, SECTOR-N, ASHIYANA KANPUR ROAD LDA COLONYDIST-LUCKNOW-226012(U.P.)

**सूचना**

मेरा नाम जगदेवी व सुमन दोनों है। मेरे पति राजकुमार की मृत्यु हो चुकी है। मेरा परिवार पूर्व में ग्राम हरिगंवा में निवास करता था, वर्तमान में ग्राम पाल्हापुर में निवास करता है। मुझे जगदेवी व सुमन दोनों नाम से जाना जाए। **जगदेवी पत्नी राजकुमार ग्राम पाल्हापुर करनैलगंज गोंडा**

**सूचना**

मैने अपना नाम MAMTA PRADEEPKUMAR SRIVASTAVA से बदलकर MAMTA SRIVASTAVA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-PRADEEPKUMAR SRIVASTAVA ADD-N-432, SECTOR-N, ASHIYANA KANPUR ROAD LDA COLONY DIST-LUCKNOW-226012 (U.P.)

**सूचना**

मैं MERAJ पुत्र श्री ASLAM, निवासी ग्राम व पो0-अभोली, भदोही, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर MERAJ ALI रख लिया है, अतः आज से मुझे MERAJ ALI के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।

**सूचना**

मैने अपना नाम PARVEZ QURAISHI से बदलकर MOHD PARVEZ QURESHI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAED QURAISHI ADD-562, BUCHAD MOHAL, SADAR BAZAR, O, CANTT, DILKUSHA DIST-LUCKNOW-226002(U.P.)

**सूचना**

मैं SAMEER पुत्र श्री SALIM KHAN, निवासी ग्राम व पो0-मुस्तफाबाद, थाना-हसनगंज, उन्नाव, उ0प्र0, अपना नाम बदलकर SAMEER KHAN रख लिया है, अतः आज से मुझे SAMEER KHAN के नाम से जाना पहचाना और लिखा जाये।


आयोजन

मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

# स्वास्थ्य मेले में 21 मरीजों का परीक्षण कर दी गईं दवाएं

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई और चिकित्सकों से परामर्श लिया। मेले के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया।

स्वास्थ्य मेले में दोपहर तक कुल 21 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा चिकित्सकों द्वारा उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उनका उपचार किया गया। मेले में देहली बाजार निवासी 68 वर्षीय चिंतामणि तिवारी की शुगर की जांच की गई, जिसमें उन्हें मधुमेह की समस्या पाई गई। चिकित्सकों ने उन्हें नियमित दवा लेने और खान-पान में सावधानी बरतने की सलाह दी। वहीं 65 वर्षीय शिवभूषण तिवारी का ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई तथा आवश्यक दवाएं देकर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। इसी प्रकार 65 वर्षीय उर्मिला को पीठ दर्द की शिकायत थी, जिन्हें दवा के साथ आराम और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई।



पीएचसी देहली बाजार में मरीज देखते डॉ. दुर्गेश पांडेय। ● अमृत विचार

इस दौरान स्वास्थ्य मेले में डॉ. दुर्गेश पांडेय, फार्मासिस्ट मनोज श्रीवास्तव, स्टॉफ नर्स राजनंदिनी, एएनएम अमिता श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे और मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

### स्वच्छता अभियान को मिल रहा जनसमर्थन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मां गोमती की स्वच्छता और सीताकुंड धाम के संरक्षण के लिए गोमती मित्रों का श्रमदान अभियान लगातार जारी है। पिछले 13 वर्षों से गोमती मित्र बिना थके और बिना रुके हर रविवार को श्रमदान कर धार्मिक स्थल की साफ-सफाई और जन जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। उनका उद्देश्य सीताकुंड धाम को प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में स्थापित करना और मां गोमती की धारा को निर्मल व अविरल बनाना है। रविवार को भी सुबह छह बजे से करीब तीन घंटे तक गोमती मित्रों ने सीताकुंड धाम परिसर और सीता उपवन में व्यापक सफाई अभियान चलाया। श्रमदान में जहां गोमती मित्रों की बड़ी संख्या मौजूद रही, वहीं अब नगरवासी भी इस अभियान से जुड़कर सहयोग करने लगे हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, सेनजीत कसौधन दाऊ, अजय प्रताप सिंह, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, दिनकर सिंह, राकेश सिंह दद्दू, राकेश मिश्रा, अजीत शर्मा, अमित दीपू, ओमप्रकाश पांडे, अरुण गुप्ता, आलोक तिवारी, सत्यम सिंह, सौरभ गुप्ता, सुजीत कसौधन, अर्जुन यादव और अभय मिश्रा समेत कई गोमती मित्र मौजूद रहे।

# विवादित प्रश्न के विरोध में छात्र पंचायत का प्रदर्शन

## पुलिस भर्ती आयोग के अध्यक्ष का फूंका गया पुतला

**फूटा गुस्सा**

संवाददाता, गोंडा



पुलिस भर्ती आयोग के अध्यक्ष का पुतला फूंकते युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** यूपी एसआई परीक्षा में पूछे गए एक कथित विवादित प्रश्न को लेकर रविवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने एलबीएस चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती आयोग के अध्यक्ष का पुतला फूंका।

इस दौरान राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने कहा कि यूपी एसआई परीक्षा के गलियारों में जो हुआ वह केवल एक प्रश्न का मामला नहीं है, बल्कि देश के एक गौरवशाली समाज की भावनाओं पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि जिस ब्राह्मण समाज ने देश को मंगल पांडे और चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारी दिए, उन्हें अवसरवादी बताने जैसा प्रश्न परीक्षा में पूछना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने चयन बोर्ड से सवाल करते हुए कहा कि क्या परीक्षा के प्रश्न तैयार करते समय इस तरह की संवेदनशीलता का ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने मांग की कि इस तरह के प्रश्नों से समाज में गलत संदेश जाता है। वहीं छात्र नेता सूरज शुक्ला ने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस अपमानजनक प्रश्न को तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही पेपर सेट करने वाली एजेंसी को आजीवन ब्लैकलिस्ट करने और भर्ती बोर्ड से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग की। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, रंजीत पांडेय, नीरज, शहजाद, आलोक पांडे, उमंग मिश्रा, हिमांशु तिवारी, सोनू समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बंदूक व कारतूस बरामद की है।

पुलिस ने थाना कोतवाली नगर में दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी राम सिंह को मनकापुर बस अड्डे के पास स्थित एक खंडहर मकान से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक डीबीबीएल बंदूक, दो खोखा कारतूस व चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। नगर कोतवाली पुलिस के मुताबिक 13 मार्च को मकान के विवाद को लेकर राम सिंह अपने दो अज्ञात साथियों के साथ लक्ष्मण सिंह के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए फायरिंग कर दी। फायरिंग में सुजीत सिंह के सीने के नीचे गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को पहले डॉ. ओएन पाण्डेय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। अजीत सिंह की तहरीर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## बेलई पुल के पास कूड़े में लगी आग से उठ रहा जहरीला धुआं



कूड़े में लगी आग से निकलता जहरीला धुआं। ● अमृत विचार

**लोग परेशान**

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** वार्ड नंबर 7 ताले पुरवा स्थित बेलई पुल के पास कूड़े के ढेर में लगी आग से उठ रहा जहरीला धुआं लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। धुएं के कारण क्षेत्र के लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार बेलई पुल के पास लंबे समय से कूड़ा डंप किया जा रहा है। अक्सर इस कूड़े में आग लग जाती है, जिससे उठने वाला धुआं फैल जाता है। इससे राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पिंटू भगत सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बेलई पुल के पास कूड़ा डंप करने पर रोक लगाई जाए और कूड़े के स्तिारण की व्यवस्था की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्वास्थ्य संकट खड़ा हो सकता है।

# माल गोदाम पर काम करने की अवधि 16 घंटे करने की मांग

● मुख्य परिचालन प्रबंधक को सौंपा गया मांग पत्र

**गोंडा, अमृत विचार :** सुभागपुर माल गोदाम के संचालन समय को 24 घंटे से घटाकर 16 घंटे करने की मांग उठी है। इस संबंध में ठेकेदार एवं व्यापारी अशोक कुमार पाण्डेय ने पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य परिचालन प्रबंधक को पत्र देकर व्यवस्था में बदलाव की मांग की है।

पत्र में बताया गया है कि सुभागपुर माल गोदाम पर पहले मण्डल के चारो जिलो गोण्डा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर का माल उतरता था और वहीं से इन जिलों में माल भेजा जाता था। उस समय ट्रेनों की संख्या अधिक होने के कारण यहां माल गोदाम को 24 घंटे संचालित किया गया था। वर्तमान स्थिति में कई जिलों के माल उतरने की व्यवस्था अन्य स्थानों पर कर दी गई है। पत्र के अनुसार श्रावस्ती और बहराइच का माल चिलवरिया में उतरता है, जबकि बलरामपुर का माल बलरामपुर स्थित माल गोदाम में उतर रहा है। वहीं गोण्डा के लिए आने वाली सीमेंट की अधिकांश रैक गोण्डा कचहरी माल गोदाम पर उतारी जा रही हैं। अशोक कुमार पाण्डेय ने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में सुभागपुर माल गोदाम कई दिनों तक खाली रहता है और कभी-कभी 10 से 21 दिनों में एक रैक ही पहुंचती है। ऐसी स्थिति में हैंडलिंग ठेकेदारों और श्रमिकों को पर्याप्त कार्य नहीं मिल पाता। उन्होंने बताया कि जबकि अन्य माल गोदामों को 16 घंटे की श्रेणी में रखा गया है, इस माल गोदाम को भी उसी श्रेणी में लाना उचित होगा। पत्र के माध्यम से उन्होंने मुख्य परिचालन प्रबंधक से अनुरोध किया है कि सुभागपुर माल गोदाम को 24 घंटे की श्रेणी से हटाकर 16 घंटे के संचालन में परिवर्तित किया जाए। इस दौरान अनुराग तिवारी, आशु, रामू समेत अन्य व्यापारी व ठेकेदार मौजूद रहे।

## 50 हजार रुपये लेकर घर से चली गयी युवती

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी 19 वर्षीया पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे घर से चली गई। तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चला। पिता का आरोप है कि वजीरगंज के दुर्जनपुर घाट के मंहगीपुर गांव निवासी रवी उसकी पुत्री को शादी करने की नियत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि युवती घर से जाते समय करीब 50 हजार रुपये भी साथ ले गई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती की तलाश की जा रही है।

# दूसरे दिन नदारद रहे 2582 परीक्षार्थी

**एसआई भर्ती परीक्षा**

● आईजी और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

गोंडा, कार्यालय



परीक्षा की शुचिता जांचते आईजी अमित पाठक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आईजी अमित पाठक व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने रविवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, फ्रिस्किंग, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी जांची, ताकि पूरी परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में कराई जाए। उन्होंने अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। दूसरे दिन रविवार को आयोजित परीक्षा की पहली पाली में कुल 4800 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 3501 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1299 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी 4800 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3517 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1283 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के आसपास लगातार निगरानी रखी गई और भ्रमणशील पुलिस टीमें गश्त करती रहीं। प्रशासन और पुलिस विभाग के समन्वय से परीक्षा शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

# सिलेंडर लेने को एजेंसियों पर उमड़ी भीड़



भार्गव गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की लगी लाइन। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर का नियमित वितरण होने के बावजूद रविवार को दोनों गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गैस सिलेंडर भरवाने और केवाईसी कराने के लिए लोगों को घंटों कतार में इंतजार करना पड़ा।

पड़ाव मोहल्ले में स्थित वैष्णवी भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर की खेप नहीं पहुंचने के कारण रविवार को केवल केवाईसी व अन्य कार्यालयीय कार्य ही किए गए। वहीं भार्गव गैस एजेंसी पर शनिवार देर शाम तक गैस वितरण होने के बाद भी रविवार सुबह से ही सैकड़ों उपभोक्ता पहुंच गए। एजेंसी परिसर में लंबी कतारें लगी रहीं और कई महिलाएं अपने खाली सिलेंडर के साथ सड़क पर बैठकर बारी का इंतजार करती नजर आईं। लाइन में बैठी कोल्हमपुर इमाम की 60 वर्षीय बुजुर्ग मीना ने बताया कि भारी भीड़ के कारण दूसरे दिन उनकी किताब पर्ची कटवाने के लिए जमा हो पाई है। जैतपुर माझा के आंशिक दिव्यांग विजयपाल ने बताया कि दो दिन बाद उन्हें गैस डिलीवरी की पर्ची मिल सकी। वहीं कस्बे के भारत, जिलेदार और मोईन रैनी ने बताया कि शनिवार को किताब जमा करने के बाद भी अभी तक पर्ची नहीं मिल सकी है। एजेंसी पर तैनात लेखपाल राकेश यादव ने बताया कि गैस वितरण सुबह 8 बजे से होना था, लेकिन कर्मचारियों के देर से आने के कारण एजेंसी करीब 11 बजे खुली। उन्होंने बताया कि 306 सिलेंडरों की खेप आई थी, जिसका वितरण कराया जा रहा है। उनके अतिरिक्त पहर के अनुसार लेखपाल गौरव गांधी और ओमप्रकाश वर्मा भी तैनात किए गए हैं। एजेंसी संचालक रमाकांत भार्गव ने बताया कि उनके यहां करीब 16 हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन हैं, जिनमें लगभग 75 प्रतिशत की केवाईसी पूरी हो चुकी है। गैस किल्लत की अफवाह के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्टाफ कम होने और पर्याप्त पुलिस बल न मिलने से व्यवस्था बनाने में दिक्कत आ रही है, हालांकि स्थिति सुधारने का प्रयास किया जा रहा है।

## दुकान पर पलटा ट्रक बाल-बाल बचे लोग

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** गन्ने से लदा एक ट्रक एक दुकान पर पलट गया। घटना के दौरान दुकान में मौजूद लोग किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। दुकान में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। क्रय केंद्र खनवापुर से गन्ना लादकर एक ट्रक बलरामपुर चीनी मिल जा रहा था। इसी दौरान भगवानदीन पुरवा चौराहा स्थित यादव आटा चक्की एवं तेल उद्योग की टिनशेड दुकान पर ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने से दुकान में मौजूद लोग बाहर की ओर भागे। दुकान स्वामी बसंत लाल यादव ने बताया कि ट्रक पलटने से दुकान में लगी मशीन और अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे करीब 40 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है।



दुकान पर पलटा गन्ना लदा ट्रक।

# लोक अदालत में 1,48,421 वादों का किया गया निस्तारण

**गोंडा, अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद न्यायालय गोंडा में वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 1 लाख 48 हजार 421 वादों का निस्तारण किया गया।

लोक अदालत का आयोजन प्रशासनिक न्यायमूर्ति डा. गौतम चौधरी, जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दुर्ग नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत सहित जनपद न्यायालय के सभी न्यायिक अधिकारी, बैंक अधिकारियों और भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी मौजूद रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह (सिविल जज सीडी) ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा बड़ी संख्या में वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने 56 वादों का निस्तारण करते हुए 4 करोड़ 95 लाख 13 हजार 172 रुपये की प्रतिकर राशि दिलाई। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी अमित सिंह की अदालत में 3527 वादों का निस्तारण हुआ और 15 लाख 8 हजार रुपये अर्थदंड वसूला गया। रेलवे के अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी अभिनव यादव की अदालत में 425 वादों का निस्तारण कर 1 लाख 28 हजार 440 रुपये अर्थदंड वसूला गया। इसके अलावा विभिन्न न्यायालयों में सैकड़ों वादों का निस्तारण कर अर्थदंड वसूला गया तथा कई मामलों में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव की अदालत में भी 5 वादों का निस्तारण किया गया।

**खेलकूद**

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन

# बलिया, बाराबंकी और मिर्जापुर की टीमों ने दर्ज की जीत

संवाददाता गोंडा



फुटबॉल को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 18 मार्च तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में विभिन्न जिलों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

दूसरे दिन के मैचों का उद्घाटन विश्व हिन्दू परिषद संघ की प्रदेश महामंत्री रेखा श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बलिया और अलीगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें बलिया की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए अलीगढ़ को 3-0 से पराजित किया। दूसरा मैच महाराजगंज और बाराबंकी के बीच खेला गया, जिसमें बाराबंकी ने 1-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला देवीपाटन और मिर्जापुर के बीच हुआ, जिसमें मिर्जापुर की टीम ने 1-0 से जीत हासिल की। मैच के कमिश्नर अयूब शाह रहे, जबकि निर्णायक मंडल में मनोज तिवारी, अशोक सिंह, विनय कुमार, मोहम्मद आकिब, मेहरुद्दीन, संजय सिंह, कु. शालिनी, कविता पटेल, कल्पना कुमारी और रियाज अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा सचिव राजेश पाण्डेय, डॉ. राकेश श्रीवास्तव समेत स्टेडियम के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति के अशोक सोनकर, क्रीड़ाधिकारी गोंडा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मुख्यमंत्री से की अवैध कब्जे की शिकायत

**गोंडा, अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के मधईपुर कुर्मी गांव निवासी मुंशीलाल ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोप लगाया कि बीते 9 मार्च को जब वह दवा कराने गए थे, उसी दौरान कुछ लोग लेखपाल व पुलिसकर्मियों के साथ उनके दरवाजे की जमीन की पैमाइश कर जबरन कब्जे का प्रयास करने लगे। पीड़ित के अनुसार, उसकी पत्नी ने विरोध किया तो आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। मुंशीलाल ने यह भी आरोप लगाया कि एक सिपाही ने मामले को रफा-दफा करने के लिए पैसे की मांग की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि विपक्षी दबंग किस्म के लोग हैं।

### परसपुर में नए पावर हाउस की मांग तेज, ऊर्जा मंत्री से मिले विधायक अजय सिंह

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र में बढ़ते विद्युत भार के कारण परसपुर के पुराने पावर हाउस पर दबाव बढ़ गया है, जिससे आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। उपकेंद्र से कई फीडरों की दूरी 25 से 30 किमी तक होने के कारण फाल्ट ठीक करने में भी काफी समय लग जाता है। इसी समस्या को लेकर करनैलगंज विधायक अजय सिंह ने विधानसभा में नए पावर हाउस की मांग उठाई और ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की विद्युत समस्याओं से अवगत कराया। ऊर्जा मंत्री ने समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। नया पावर हाउस बनने से मौजूदा उपकेंद्र पर पड़ रहा अतिरिक्त भार कम होगा और क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अधिक सुधार हो सकेगी।

### वाराणसी में सम्मानित किए गए कवि विद्या वाचस्पति



सम्मान प्राप्त करते कवि ईश्वरचंद विद्या वाचस्पति। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक व प्रसिद्ध कवि ईश्वर चन्द्र विद्यावाचस्पति को वाराणसी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारत–नेपाल साहित्यिक–सांस्कृतिक महाकुंभ में सम्मानित किया गया। काव्य पाठ के बाद उन्हें वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राम अवतार पांडेय ने शाल, स्मृति चिह्न व अंतरराष्ट्रीय भारत–नेपाल साहित्यिक महाकुंभ स्मृति सम्मान–पत्र 2026 प्रदान कर सम्मानित किया गया। वाराणसी के राम कटोरा स्थित महामना मदनमोहन मालवीय सभागार में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन शनिवार शाम हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में ईश्वर चन्द्र विद्यावाचस्पति ने अपनी प्रभावशाली पंक्तियों—मैं आग लिये चलता हूं, अंगार लिये चलता हूं, का पाठ कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। साहित्यिक महाकुंभ में नेपाल से पांच कवि और चार कवयित्रियों सहित देश के लगभग 70 कवि तथा 25 कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का आयोजन काशी हिन्दी विद्यापीठ तथा अखिल भारतीय लेखक कवि कलाकार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। ईश्वर चन्द्र विद्यावाचस्पति की इस उपलब्धि पर राम हौसला शर्मा, सतीश आर्य, बृजराज श्रीमाली, उदय दुबे, राजेश मिश्र, केदारनाथ मिश्र, सुधीर श्रीवास्तव, डॉ. शिवनाथ सिंह 'शिव', डॉ. अमित यादव, संध्या पांडेय तथा रामकुमार नारद सहित अनेक साहित्यकारों ने उन्हें बधाई दी है।

### धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की जयंती



कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेस के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** कांग्रेस भवन में कांशीराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे एवं शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरैशी के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और इसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसे संबोधित करते हुए जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे ने कहा कि कांशीराम समाज सुधारक ही नहीं थे, बल्कि देश की राजनीति में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के प्रबल पक्षधर थे। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य जलील अहमद खान, उपाध्यक्ष जीतेश शर्मा, अब्दुल खालिक, विनोद सिंह, निर्मेष श्रीवास्तव, ज्ञान चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. जफर अशफाक, मुजीब मास्टर, खगेश चतुर्वेदी, शिवम, समर, जानकी देवी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### वंचित व दलित समाज के मसीहा थे कांशीराम

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** असिधा गांव में संचालित मान्यवर कांशीराम महाविद्यालय में रविवार को कांशीराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी सुधीश पांडेय ने कहा कि कांशीराम ने समाज में फैली कुरीतियों के उन्मूलन और सामाजिक जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे शोषित, वंचित और दलित समाज के सच्चे मसीहा थे। शिक्षक दिलीप कुमार भास्कर ने कहा कि जिस समय समाज में जात–पात और छुआछूत का बोलबाला था, उस दौर में मान्यवर कांशीराम ने समाज को जागरूक करने का बड़ा कार्य किया। इस मौके पर शिक्षक अवनींद्र निर्मल, मनोज सोनकर, प्रदीप चौधरी, सोनू चौधरी, राम उग्गर शास्त्री, महेश चंद्र यादव, विनीता चौधरी, मोहिनी मिश्रा, राजेश गौतम आदि उपस्थित रहे।

### कंस वध का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



कथा सुनाते विनय कुमार शास्त्री।

**रुपईडीह, अमृत विचार :** पूरे पाठक गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान शनिवार को कंस वध का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास अयोध्या धाम से पधारे पं. विनय कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और कंस वध की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि जब भगवान श्रीकृष्ण बड़े हुए तो वे मथुरा पहुंचे और कंस का अंत करने का संकल्प लिया। मथुरा में उन्होंने कंस के हाथी कुवलयापीड़ को मार डाला और उसके शक्तिशाली पहलवान चाणूर तथा मुष्टिक वध कर दिया। इसके बाद श्रीकृष्ण ने कंस वध कर अपने माता–पिता देवकी और वसुदेव को कारागार से मुक्त कराया। कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

### चिंतन, चरित्र, व्यवहार हो भागवत कथा का सार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ढठराही बाजार में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कथा प्रवाचक पंडित चंद्र कुमार शुक्ल चन्दा गुरु ने कहा कि वेद, पुराण और ग्रंथ हमें केवल पढ़ने के लिए नहीं बनाए गए हैं बल्कि पढ़ने के बाद उसकी परिभाषा को समझने तथा जीवन में उतारने के लिए है। तभी उस ग्रन्थ को पढ़ने का लाभ मिल सकता है। रविवार को कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथाएं प्रस्तुत की गई। कथा प्रवाचक ने कहा कि भगवान के चार स्वरूप हम सबको सदैव ही प्राप्त हैं मातृ देवो भव, पितृ देवोभव, गुरु देवोभव, अतिथि देवोभव को देव स्वरूप माना गया है। उन्होंने कहा कि हमारा चिंतन, चरित्र तथा व्यवहार व्यवस्थित हो यही श्रीमद्भागवत कथा का सार है।

### संतुलित उर्वरक उपयोग की दी जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार :** बेलसर क्षेत्र के लौव्वा टेपरा ग्राम पंचायत स्थित अथरिस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी, एफपीओ की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। एफपीओ के कुलदीप मिश्रा ने किसानों को मिट्टी की नियमित जांच कराने पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के लिए भी प्रेरित किया और बताया कि इससे किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही उन्होंने आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह देते हुए कहा कि नई तकनीकों को अपनाने से खेती अधिक लाभकारी बन सकती है। गोष्ठी के दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी समस्याओं पर भी चर्चा की, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा बताया गया। कार्यक्रम में मनीष तिवारी, संजय उपाध्याय, संदीप पांडेय, मुकेश शुक्ला सहित कई किसान उपस्थित रहे।

### दो स्थानों पर मारपीट, छह पर मुकदमा दर्ज

**मनकापुर, गोण्डा, अमृत विचार :** दो स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर एक महिला सहित छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पहली घटना पटीठ कोरिनपुरवा निवासी राजेश से जुड़ी है। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी बहन के यहां बक्सरा आज्ञाराम के मजरा तिलकपुर में एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। आरोप है कि देर रात करीब 11:50 बजे गांव के ही गोलू, प्रिन्स, रजनीश और लकी अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने ए मारपीट शुरू कर दी और धारदार वस्तु से हमला कर दिया। इस घटना में राजेश के साथ मौजूद सूरज, विवेक, कन्हैया लाल और सूरज को भी चोटें आईं। दूसरी घटना ग्राम रानीपुर, मौजा करनूपुर की है। हृदय राम वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे रंजिश को लेकर बाबादीन वर्मा तथा उनकी पत्नी मायावती ने गाली–गलौज की। विरोध पर दोनों ने मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में छह लोगों के विरुद्ध सं मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दूसरी वर्षगांठ पर मां पाटेश्वरी विवि में हुआ हवन-पूजन

**बलरामपुर अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर का द्वितीय स्थापना दिवस रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। निर्माणाधीन विश्वविद्यालय परिसर में स्थापना दिवस की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर निर्माणाधीन कुलपति आवास में शतचंडी महापाठ तथा हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति आवास परिसर में मौलश्री के पौधे का रोपण भी किया गया।

गौरतलब है कि 15 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोयलरा ग्राम में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी। वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक

- **शतचंडी महापाठ का किया गया आयोजन**

भवनों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है और भविष्य में इसे क्षेत्र की उच्च शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह के निर्देशन में इस वर्ष स्थापना दिवस को "संस्थापक सप्ताह" के रूप में मनाया गया। इसके अंतर्गत 9 मार्च से 14 मार्च तक ऑनलाइन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, वैज्ञानिक और पत्रकारिता सहित विभिन्न विषयों पर देश के कई विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। स्थापना दिवस पर आयोजित शतचंडी महापाठ का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह ने अपनी पत्नी के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर एलबीएस महाविद्यालय के आचार्य डॉ. डी.पी. सिंह, एमएलके पीजी कॉलेज के प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. पी.के. सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, विश्वविद्यालय निर्माण परियोजना के प्रबंधक बी.पी. सिंह सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा आचार्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षाविदों ने विश्वविद्यालय के शीघ्र पूर्ण निर्माण और क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद भी है।


मां पाटेश्वरी विवि की दूसरी वर्षगांठ पर पौधरोपण करते कुलपति व अन्य।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**महाराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** के ग्राम परसिया गौरी में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोर की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों के अनुसार ग्राम निवासी विजय वर्मा का पुत्र सनी वर्मा रविवार शाम करीब साढ़े चार बजे कंपोजिट विद्यालय परसिया गौरी के पास स्थित खलिहान में खेल रहा था। खेलते-खेलते वह खलिहान में लगे बेर के पेड़ के पास पहुंच गया। बताया जा रहा है कि पेड़ के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही थी। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## विशेष शिविर में स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र वितरित


दीप प्रज्जवलित कर शिविर का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलरामपुर में 15 मार्च 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित विशेष शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिविर में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम एवं उपस्थित अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.पी. पांड़ेय, डॉ. एम.डी. शुक्ल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार चौधरी तथा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मीनाक्षी चौधरी, बिजलीपुर मंदिर के महंत आशीष भारती, प्रो. प्रकाश मिश्रा, विजय शुक्ला और गौरी शंकर पाल भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश शुक्ल, अनामिका सिंह तथा विपिन कुमार श्रीवास्तव ने शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## रक्तदान शिविर में हुआ 17 यूनिट रक्त संग्रह


रक्तदान करते ब्लडमैन आलोक अग्रवाल।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** छह बार विश्व कीर्तिमान में नाम दर्ज करा चुकी सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) की जिला इकाई के तत्वावधान में स्थानीय ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 26 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 17 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर में निफा के प्रदेश समन्वयक तथा चर्चित रक्तदाता आलोक अग्रवाल ने अपना 38वां रक्तदान किया। वहीं जिलाध्यक्ष वैभव त्रिपाठी ने 44वां, हिमांशु मणि दीक्षित ने 57वां, रवि गुप्ता ने 16वां, डॉ. तुलसीश दुबे ने 24वां, आशीष अग्रवाल ने 20वां तथा गुरुअंश सिंह ने 44वां रक्तदान किया। नारी शक्ति की ओर से सरोज मिश्रा ने दूसरा रक्तदान किया। अक्षय शुक्ला ने 10वां, विवेक श्रीवास्तव ने 30वां तथा मनीष सिंह ने आठवां रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निफा के जिला समन्वयक संदीप उपाध्याय ने कहा कि रक्तदान के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूकता जरूरी है। जिलाध्यक्ष वैभव त्रिपाठी ने कहा कि रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती। शिविर के आयोजन में ब्लड बैंक की टीम से डॉ. आकांक्षा शुक्ला, प्रयोगशाला तकनीशियन अशोक पांडेय, अंजली सिंह, अभिषेक सिंह, अजीत, सुन्दर तथा परामर्शदाता हिमांशु तिवारी का सहयोग रहा।

# 1153 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, दो पालियों में की गयी थी आयोजित

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा शनिवार को जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 4320 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3167 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1153 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ देखी गई। प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई और पहचान पत्र की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। केंद्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा तथा प्रशासनिक अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।


परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए कतारबद्ध परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं अपर जिलाधिकारी ज्योति राय ने नियंत्रण कक्ष, सीसीटीवी कैमरों और अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 2160 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1596 उपस्थित रहे और 564 अनुपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 2160 में से 1571 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 589 अनुपस्थित रहे। जिले के विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया।

## कांशीराम ने बहुजन समाज को प्रदान की राजनीतिक चेतना

**सपा ने मनायी जयंती**

**बलरामपुर अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन में रविवार को बहुजन आंदोलन के प्रणेता काशीराम की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मणिक लाल कश्यप ने की। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कांशीराम के जीवन, संघर्ष और उनके सामाजिक-राजनीतिक विचारों पर प्रकाश डाला। श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि कांशीराम की जयंती प्रत्येक वर्ष 15 मार्च को दलितों और वंचित वर्गों के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक-राजनीतिक अवसर के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने बहुजन समाज को राजनीतिक चेतना प्रदान करने का कार्य किया।

वहीं गैसड़ी के विधायक राकेश यादव ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन देश और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया।

कार्यक्रम का संचालन अंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष मनीष चंद सोनकर ने किया। इस अवसर पर मसूद आलम खान, रमेश गौतम, अब्दुल मसूद खान, जागराम पासवान, ओंकार पटेल, भानु त्रिपाठी, परशुराम वर्मा, कृष्ण कुमार गिहार, शत्रुघ्न वर्मा, राम सागर अकेला, परशुराम बौद्ध सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाबू शिवदयाल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प


बाबू शिवदयाल चौरसिया की जयंती में मौजूद चौरसिया समाज के लोग।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सदर विकास खंड के देवरांवा गांव में बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया के जन्मदिन पर समाज की जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन और समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. बी.आर. चौरसिया ने कहा कि बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया समाज के महानायक थे। उन्होंने कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपना पूरा जीवन लोककल्याण के कार्यों में समर्पित कर दिया। उन्होंने जरूरतमंदों को समय पर न्याय दिलाने के लिए हमेशा प्रयास किया। वक्ताओं ने कहा कि लोक अदालत के जनक और समाज के महामानव बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया के विचारों से नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है। साथ ही उनके नाम पर क्षेत्र में स्वागत द्वार बनाए जाने की मांग भी उठाई गई। गोष्ठी में राकेश चौरसिया, सियाराम, पवन, बाबादीन, सुरेंद्र चौरसिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आज से शुरू होंगी परिषदीय विद्यालयों की परीक्षाएं

**बलरामपुर, अमृत विचार :** परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक की वार्षिक परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। । इस बार करीब 2.10 लाख छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।

जिले में संचालित 1815 परिषदीय विद्यालयों और लगभग 600 मान्यता प्राप्त विद्यालयों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षाएं 20 मार्च तक समाप्त होनी थीं लेकिन कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए अब इन्हें 24 मार्च तक कराने का निर्णय लिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 17, 18 और 20 मार्च को प्रस्तावित कक्षा पांच के गणित व सामाजिक विज्ञान तथा कक्षा आठ के गणित व विज्ञान की परीक्षाएं अब 24 मार्च को होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। कक्षा 1 के विद्यार्थियों की परीक्षा मौखिक जबकि कक्षा 2 से 5 तक के छात्रों की मौखिक और लिखित परीक्षा होगी। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की परीक्षा लिखित होगी। बीएसए शुभम शुक्ला ने सभी बीईओ को परीक्षा की निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा से पहले प्रधानाध्यापक विद्यार्थियों को परीक्षा की प्रक्रिया समझाएंगे।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा के विजेता सम्मानित

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा राष्ट्र स्तर पर आयोजित की जाती है।

बताया गया कि 7 नवंबर 2025 को बलरामपुर के लगभग 115 विद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई थी। परिणाम घोषित होने के बाद गायत्री परिवार पचपेड़वा के युवा परिजन खेमराज चौरसिया, गायत्री शक्तिपीठ तुलसीपुर के परिव्राजक श्रीराम भारती तथा जनपद परीक्षा प्रभारी गुलाब चंद भारती ने पचपेड़वा और तुलसीपुर विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए।


भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पुरस्कृत मेधावी। ● अमृत विचार

इस दौरान रामचरन आदर्श सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीनगर, केसरी नंदन विद्या निकेतन आजमडीह, जेएसआई विद्यालय पुरानी बाजार पचपेड़वा, अजय स्मारक पब्लिक विद्यालय तुलसीपुर, श्रीराम स्मारक महाविद्यालय/सर्वेश्वरी शिक्षण संस्थान सोनपुर, सीक्रेड हार्ट पब्लिक विद्यालय पचपेड़वा, महाराणा प्रताप ग्रामोदय इंटर कॉलेज इमलिया कोडर, सन राइज पब्लिक विद्यालय पचपेड़वा, आरती ग्रामोदय शिक्षण संस्थान कोहरगड्डी, सर सैय्यद पब्लिक विद्यालय पचपेड़वा, एकलव्य विद्या निकेतन विशुनपुर विश्राम, थारू शिक्षण संस्थान कुदरगोड़वा पचपेड़वा तथा राधा कृष्ण संस्कृत विद्यालय तुलसीपुर के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जेएसआई विद्यालय पचपेड़वा के कक्षा छह के छात्र अंश जायसवाल ने प्रथम तथा रूपाली पांडेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. अमित पांडे ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पदक व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में 1443 मरीजों को मिला इलाज



मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में कुल 1443 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें 678 पुरुष, 589 महिलाएं और 176 बच्चे शामिल रहे। स्वास्थ्य मेलों में मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ रक्तचाप और शुगर की जांच की गई। इसके अलावा टीबी, कुष्ठ, नेत्र एवं दंत रोगों की जांच भी की गई। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण तथा मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। साथ ही लोगों को विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर और हरिहरगंज में आयोजित मेलों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को बेहतर उपचार और आवश्यक सलाह देने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## प्रधान ने कराया रोजा इफ्तार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** रमजान के पवित्र महीने में क्षेत्र के अल्लीपुर गोकुला में गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए ग्राम प्रधान जगदम्बा प्रसाद शुक्ल द्वारा रविवार को अपने आवास पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव व आसपास के क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। इफ्तार के दौरान रोजेदारों ने देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ की। इस अवसर पर शिक्षक मोहम्मद फाखिर, पीर अली, मनीष शुक्ला, अली हुसैन, मुबारक, आशीष शुक्ला, शमीम अहमद, शानू मियां, इरफान अहमद सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## लंबे समय से अनुपस्थित दो संविदा चालकों की सेवा समाप्त

**बलरामपुर, अमृत विचार :** लंबे समय से बिना सूचना के ड्यूटी से गायब रहने वाले दो संविदा चालकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। साथ ही अन्य कर्मचारियों को कार्यशैली सुधारने की चेतावनी दी गई है।

परिवहन निगम के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी की रिपोर्ट के अनुसार संविदा चालक आशीष कुमार मिश्र और वीरेंद्र तिवारी एक जनवरी से बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे थे। दोनों चालकों ने छुट्टी के संबंध में कार्यालय को जानकारी नहीं दी, जिससे बस संचालन व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। विभाग की ओर से 29 जनवरी को आशीष कुमार मिश्र को सूचना पट्ट और विभागीय संदेश समूह के माध्यम से 24 घंटे के भीतर ड्यूटी पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उन्होंने जवाब नहीं दिया। इसके चलते उन्हें निगम कार्य में बाधा उत्पन्न करने का दोषी मानते हुए सेवा समाप्त कर दी गई। संविदा चालक वीरेंद्र तिवारी भी लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित चल रहे थे। विभाग की ओर से 17 जनवरी को पत्र भेजकर उन्हें ड्यूटी पर आने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनकी ओर से जवाब नहीं मिला। बस संचालन प्रभावित होने के कारण उनकी सेवा भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई।

एआरएम गोपीनाथ दीक्षित ने कहा कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना खोड़ारे पुलिस ने जानलेवा हमले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना खोड़ारे में पंजीकृत मुकदमा से संबंधित आरोपी रामतीरथ वर्मा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। संदीप ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि रंजिश के चलते रामतीरथ वर्मा द्वारा उन्हें धमकी दिलाई जा रही थी। आरोप है कि 11 मार्च को शाम करीब पांच बजे वादी का भाई प्रदीप बभनान बाजार जा रहा था। तभी विनोद वर्मा, अभिषेक राणा, अक्षय और 2-3 अज्ञात लोगों ने उसे रोककर लाठी, डंडा और रॉड से मारपीट कर दी। हमले में प्रदीप के दाहिने पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।


अपने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं देखते अभिभावक। ● अमृत विचार

## अभिभावकों ने देखीं बच्चों की उत्तर पुस्तिकाएं

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पायनियर पब्लिक स्कूल एवं महाविद्यालय में रविवार को वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का प्रदर्शन किया गया। अभिभावकों ने बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी ने बताया कि इस का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यार्थियों की पढ़ाई की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना है। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्या शिखा पांडेय, उप प्रधानाचार्य राघवेंद्र त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे और अभिभावकों से संवाद कर विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की। डॉ. तिवारी ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा भी होती है। परीक्षा 18 मार्च को आयोजित होगी। परीक्षा में 80 से 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुल्क में 5 से 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

**बढ़ी रौनक** | आधुनिक डिजाइन के कपड़ों की बढ़ी मांग

# ईद की खरीदारी तेज, बाजारों में उमड़ रही भीड़

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** पवित्र माह रमजान अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ने के साथ ही नगर के बाजारों में ईद की खरीदारी को लेकर रौनक बढ़ गई है।

रमज़ान के शुरुआती दिनों में अधिकतर लोग सिलाई कराने के लिए कपड़ों की खरीदारी करते रहे। रोशन अली वस्त्रालय समेत कई दुकानों पर कपड़ों की अच्छी बिक्री हुई। दुकानदारों के अनुसार इस बार आधुनिक डिजाइनों की भी काफी मांग देखी जा रही है। वर्तमान समय में रेडीमेड कपड़ों की खरीदारी जोरों पर है। बाबा हिन्दुस्तान रेडीमेड, जिशान गारमेंट, जैन गारमेंट, अरज़ान कलेक्शन, रहमानी कलेक्शन, ए-टू-जेड कलेक्शन और जैद कलेक्शन जैसी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है। इसके अलावा महिलाओं द्वारा चूड़ी और कॉस्मेटिक की दुकानों पर भी खरीदारी की जा रही है। अकबर चूड़ी सहित कई दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ रही। दुकानदारों का कहना है कि ईद के करीब आते-आते बिक्री और बढ़ने की उम्मीद है। बाजारों में बढ़ती भीड़ से व्यापारियों के चेहरों पर भी रौनक साफ नजर आ रही है।


दुकान पर जुटी खरीदारों की भीड़। ● अमृत विचार

## पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात पुलिस ने भूमि संबंधी धोखाधड़ी के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वैध हिस्से की जमीन पहले ही बेच देने के बावजूद आरोपित ने उसी भूमि का दोबारा फर्जी बैनामा कर दिया। पुलिस के अनुसार, ग्राम कोयलरा निवासी श्रीमती साकरून पत्नी स्व. जाकिर अली की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में कादिर अली, रमेश कुमार जायसवाल और मनोज कुमार शुक्ला को गिरफ्तार कर नियमानुसार न्यायालय भेज दिया है।

**परशुराम वर्मा स्मारक महिला महाविद्यालय**
तारुन, अयोध्या
में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत
**आवश्यकता है**
**परास्नातक** स्तर कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु–हिन्दी, गृहविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र 02–02 पद प्रवक्ता हेतु। **स्नातक** स्तर कला संकाय (बी0ए0) पाठ्यक्रम हेतु – हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, प्राचीन इतिहास, भूगोल 05–05 पद प्रवक्ता हेतु। **स्नातक** स्तर विज्ञान संकाय (बी0एससी0) पाठ्यक्रम हेतु– गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान 05–05 पद प्रवक्ता हेतु।
**योग्यता एवं वेतनमान** – यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार, इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवस के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखो की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।
भवदीय – प्रबंधक
मो0: 9415721273

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुशहरी विकासखंड मवई जनपद अयोध्या**
पत्रांक: मेमो | निविदा सूचना | दिनांक: 14.03.2026
ग्राम पंचायत कुशहरी विकास खण्ड मवई जनपद अयोध्या में निविदाएं दिनांक 12.03.2026 से 18.03.2026 तक पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है। दिनांक 19.03.2026 को अपरान्ह 3 बजे निविदाएं पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। 1– उमा प्रसाद के दरवाजे से गुल्ले यादव के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, लागत–लगभग 8.5 लाख, 2– गौरी की बाग से शंकर के ट्यूबवेल तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, लागत–लगभग 8.75 लाख, 3– अमीरपुर सड़वा खड़ंजा से जगजीवन की बाग तक खड़ंजा निर्माण कार्य, लागत– लगभग 5 लाख।
पवन कुमार वर्मा–ग्राम प्रधान | कविता वर्मा–सचिव

सत्य सांई
**आवश्यकता है**
**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज अयोध्या
योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, शिक्षिकाओं की।
विषय: फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, इंग्लिश।
मदर टीचर्स (नर्सरी से यू.के.जी.)
इंग्लिश/ हिंदी मीडियम
मो0: 9415387756, 9450486065, 9721971820

न्यूज ब्रीफ

### रक्तदान शिविर आज

**बहराइच:** प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच एवं बेसिक शिक्षा परिषद महसी के तत्वावधान में 16 मार्च को वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन श्री रामशर्ष मिश्र स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज महसी में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होगा। शिविर में लगभग सौ रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान करने का अनुमान लगाया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार उपाध्याय व महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र ने दी।

### श्री श्याम बाबा की निकली शोभायात्रा

**कैसरगंज (बहराइच):** कुंडासर में रविवार को श्री श्याम बाबा की निशान शोभा यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा प्रातः दक्षिणी माता मंदिर कुंडासर से प्रारंभ हुई और बाबा श्याम के जयकारों के बीच विभिन्न मार्गों से होते हुए समय माता मंदिर गांधी घाट भकला तक पहुंची ।शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" जैसे जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। रास्ते भर श्रद्धालु निशान लेकर बाबा श्याम की भक्ति में लीन दिखाई दिए ।आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शाम 7 बजे दक्षिणी माता मंदिर कुंडासर में श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भजन संध्या के माध्यम से भक्त बाबा श्याम की आराधना करेंगे ।निशान यात्रामें अखिलेश प्रताप सिंह ,संतोष जायसवाल, पूर्व प्रधान अनिल सिंह, कन्हैया लाल सोनी ,आकाश जायसवाल ,विकास जायसवाल ,डब्लू सिंह ,अरविंद, सुरजीत सिंह, अकाउंटेंट संदीप सिंह, नीरज सिंह, सौरभ प्रताप सिंह, प्रताप सिंह, शिवन्या सिंह, राजकमल गुप्ता ,हेमंत कुमार, हेमेंद्र कुमार ,भास्कर किशन सिंह ,नागेश सिंह, रजत ,दीपक सिंह चौकी इंचार्ज उपस्थित रहे।

### रामगोपाल अध्यक्ष व महामंत्री बने सतीश

**बहराइच:** राजकीय वाहन चालक महासंघ बहराइच शाखा का द्विवर्षीय चुनाव जिला चिकित्सालय परिसर में किया गया। महासंघ के लखनऊ व देवीपाटन मंडल के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की देखरेख में हुए इस चुनाव में रामगोपाल मिश्रा को जिलाध्यक्ष व सतीश शुक्ला को महामंत्री निर्वाचित किया गया। महामंत्री निर्वाचित हुए कृषि विभाग के सतीश शुक्ल ने बताया कि इस दौरान जगतपाल को उपाध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, अय्यूब अली आडिटर, युसुफ जावेद संगठन मंत्री, व प्रचार मंत्री के पद पर देवानंद व मनोज निर्वाचित हुए। श्री शुक्ल ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्य के रुप में रविंद्र खत्री, लल्लू, यमुना विश्वकर्मा, विनोद शुक्ला, दुर्गेश यादव, मुख्तार अहमद, सत्यनारायन व परमानंद चुने गये। यह सभी चुनाव निर्विरोध हुए।

### 694 अभ्यर्थियों ने दी पुलिस भर्ती परीक्षा

**श्रावस्ती:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा दूसरे दिन रविवार को एक परीक्षा केन्द्र पर शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा कराने को लेकर केन्द्र पर सुरक्षा के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 694 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए मुख्यालय भिनगा स्थित अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। यहां रविवार को दूसरे दिन दो पालियों में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा कराई गई। जिसमें पहली पाली में पंजीकृत 480 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 337 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि 143 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं दूसरी पाली में पंजीकृत 480 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 357 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

# बस की टक्कर से आरपीएफ जवान की मौत

## झींगहा घाट बाईपास के पास तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, परिजनों में मचा रहा कोहराम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के रामगांव थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार अनियंत्रित यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार आरपीएफ जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहां पर परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं जवान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हा।



वीरेंद्र कुमार की फाइल फोटो।

फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित दौहरा ग्राम के रहने वाले वीरेंद्र कुमार उम्र 55 वर्ष रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स में तैनात थे। रविवार की सुबह वह बाइक से ड्यूटी करने के लिए जिला मुख्यालय आ रहे थे। जब वह रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित झींगहा घाट बाईपास के पहुंचे तभी अनियंत्रित निजी यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जवान गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर थाना रामगांव की पुलिस ने मौके पर पहुंच उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

वहीं रामगांव थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है ।





हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त कारें। अमृत विचार

### रोडवेज बस की टक्कर से दो कारें भिड़ीं, चार लोग घायल

**जरवल रोड (बहराइच)।** स्थानीय थाना अंतर्गत लखनऊ बहराइच मार्ग जरवल रोड क्षेत्र के घाघरा घाट स्टेशन के पास रविवार को एक सड़क हादसे में दो कारें क्षतिग्रस्त हो गई और चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक रोडवेज बस ने टाटा पंच को पीछे से टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से टाटा पंच अनियंत्रित होकर सामने से आ रही जाइलो से जा भिड़ी। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। टाटा पंच में सवार प्रशिक्षु आरक्षी आकाश कुमार (28) पुत्र विजेन्द्र कुमार निवासी प्रतापनगर चौराहा थाना बेनीगंज जनपद हरदोई तथा गिरीश कुमार (31) पुत्र राजकुमार निवासी प्रतापनगर चौराहा थाना बेनीगंज हरदोई घायल हो गए। वहीं जाइलो में सवार छोटेलाल (60) पुत्र कोली निवासी भगवानपुर थाना बौंडी बहराइच तथा मलखान (60) पुत्र दुजई निवासी डिगहा थाना बौंडी बहराइच भी चोटिल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजवाया, जहां से आकाश पुत्र विजेंद्र व मलखान पुत्र दुजई को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। बाकी घायलों का का उपचार सीएचसी में चल रहा है।

# तेंदुए ने बच्ची पर किया हमला शोर मचाने पर छोड़कर भागा

खैरीघाट (बहराइच)

● ग्राम ककरी का मामला, बाल बाल बच गई बच्ची

**अमृत विचार।** थाना नानपारा क्षेत्र में रविवार दोपहर एक तेंदुए ने 9 वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया। गनीमत रही कि बच्ची की मां और मामी के शोर मचाने पर तेंदुआ उसे छोड़कर भाग गया, जिससे बच्ची की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम ककरी निवासी तारा (9) पुत्री राजू अपनी मां और मामी के साथ करीब 12 बजे खेत में बरसीन और घास काटने जा रही थी। इसी दौरान खेत के पास झाड़ियों से निकले तेंदुए ने अचानक बच्ची पर हमला कर दिया और उसे खींचने लगा। परिजनों के मुताबिक बच्ची के साथ मौजूद दोनों महिलाओं ने जोर-जोर से शोर मचाया, जिस पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया। घटना में बच्ची को हल्की खरोंच आई है।



परिजनों के साथ बच्ची।

गांव निवासी महेश ने बताया कि तारा अपनी मां और मामी के साथ खेत जा रही थी, तभी बीच में चल रही बच्ची पर तेंदुए ने हमला कर दिया। महिलाओं के शोर मचाने पर वह भाग गया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेंजर पीयूष गुप्ता ने बताया कि गांव के आसपास कई बीघा में मक्का की फसल लगी हुई है, संभवतः उसी क्षेत्र से निकलकर तेंदुआ आया होगा। मौके पर पदचिह्न मिले हैं और जांच की जा रही है। जल्द ही तेंदुए को पकड़ने के प्रयास किए जाएंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट शुक्ला ने बताया कि जानवर के हमले में घायल 9 वर्षीय तारा को अस्पताल लाया गया था। बच्ची को हल्की खरोंच थी, प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

# कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकतः सुभाष त्रिपाठी

पयागपुर (बहराइच)

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के तहत शनिवार को पयागपुर क्षेत्र के रायगढ़ बेहड़ा स्थित मां सरस्वती इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर सत्र का शुभारंभ किया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है।




प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की रीढ़ व असली ताकत होते हैं। पार्टी का इतिहास, कार्यपद्धति और जनसंपर्क ही वह माध्यम है जिससे हम जन-जन का विश्वास जीत सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे सड़क, पुल, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी विकास कार्यों की जानकारी घर-घर तक पहुँचाएं प्रशिक्षण सत्र के दौरान वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता से ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचती हैं। इस दौरान संगठन की कार्यप्रणाली और आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वर्ग प्रभारी संजय राव, भाजपा जिलामंत्री, मंडल अध्यक्ष रामनिवास निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वंशीलाल साहू, संयोजक निशंक त्रिपाठी, कुसुम चौहान, सीपी सिंह, अजय प्रताप सिंह, विक्रम सिंह और चंद्रभान सिंह समेत भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में लूट व हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, जमुनहा (श्रावस्ती)

● विगत 15 फरवरी की रात भजोरेपुरवा में की थी वारदात

**अमृत विचार।** हरदत्त नगर गिरंट के भजोरेपुरवा गांव में 15 फरवरी की रात हुई लूट व हत्या का रविवार को पुलिस ने खुलासा किया। शनिवार रात लूट व हत्या के आरोपियों से हुई पुलिस मुठभेड़ में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पैर में गोली लगने से एक आरोपी घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हरदत्त नगर गिरंट पुलिस को शनिवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि भजोरेपुरवा गांव में बीते दिनों हुई लूट व हत्या में शामिल दो आरोपी क्षेत्र के भेसरी नहर पुल से होते हुए नेपाल जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय ने पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर नाकेबंदी की। इस दौरान सामने से आते दिखे दो संदिग्धों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। इस पर एक आरोपी ने पुलिस टीम पर असलहे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो एक आरोपी के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान गन्नू लोनिया उर्फ राजू पुत्र राजितराम निवासी लोनियनपुरवा कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती व ओम प्रकाश वर्मा पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी लखनऊवा कोठार थाना रिसिया जनपद बहराइच के रूप में हुई। इसमें घायल गन्नू को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, कारतूस के साथ ही लूट के एक जोड़ी चांदी का पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया व 1100 रुपये बरामद कर जब्त कर लिया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### दो शातिर गिरफ्तार चार बाइक बरामद

**बहराइच।** नगर कोतवाली पुलिस ने जिले के अलग अलग इलाकों से वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार बाइक बरामद हुई है। नगर कोतवाल प्रदीप सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि जिले में वाहन चोरी के साथ छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो युवक रामलीला ग्राउंड के पास बाइक से मौजूद है। जानकारी पर उप निरीक्षक संजय गौतम, अमित प्रताप सिंह, रविशंकर व आरक्षी श्रीनाथ शुक्ला, अकरम अंसारी, अतुल पांडे, अनिल यादव व शाहरुख खान के साथ मौके पर पहुंच दोनो को घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। पूछताछ ने उन्होंने बाइक चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात कही जिसके बाद दोनो को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर छुपाकर रखी गई चोरी की चार बाइकों को बरामद का लिया। क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा ने बताया कि पकड़े गए दोनो युवकों की पहचान उत्सव यादव निवासी मोहल्ला बसीरगंज व रिजवान निवासी काजीपुरा कोतवाली नगर के रूप में हुई है।

### गैस एजेंसी संचालक पर केस दर्ज

**इकौना( श्रावस्ती), अमृत विचार।** अभिषेक गैस सर्विस इकौना के स्टॉक की टीम से जांच कराई गई। इस दौरान जांच में गड़बड़ी मिली। उपभोक्ताओं के लिखित बयान के बाद अनियमितता की पुष्टि पर एजेंसी संचालक के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है। जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि दिनांक 14 मार्च को डीएम अश्विनी कुमार पांडेय के निर्देश पर अभिषेक गैस सर्विस इकौना की जांच की गई। नायब तहसीलदार, सेल्स ऑफिसर एचपीसीएल, वरिष्ट बाट माप निरीक्षक, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक इकौना व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी इकौना की ओर से की गई जांच के दौरान मौके पर मौजूद 45 उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी पर गैस वितरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए लिखित बयान दिया। जांच टीम को अभिषेक गैस सर्विस इकौना के स्टॉक में 147 भरे सिलेण्डर सही मिले, लेकिन 5 किग्रा के 10 खाली घरेलू सिलेण्डर ज्यादा मिले। वहीं 14 .2 किग्रा के 102 खाली घरेलू गैस सिलेण्डर तथा 19 किग्रा के 47 खाली कामर्शियल गैस सिलेण्डर कम मिले। लिखित बयान देने वाले 45 उपभोक्ताओं ने बताया कि बुकिंग के बाद उनसे ओटीपी लेकर उनका गैस रिफिल खारिज कर दिया गया। जबकि भौतिक रूप से उपभोक्ताओं को गैस रिफिल सिलेण्डर उपलब्ध नही करायी गया है। इस संबंध में गैस एजेंसी के प्रोपराइटर व प्रबन्धक ने पूछताछ करने पर लिखित एवं मौखिक रूप से कोई संतोषजनक उत्तर नही दिया गया। इससे स्पष्ट है कि उसने अपने निजी हित में घरेलू गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी की।

### अवैध खनन कर रही जेसीबी व डंपर सीज

**खैरीघाट, नानपारा,(बहराइच)।** तहसील नानपारा क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी के त्वरित निर्देश पर देर रात अवैध खनन में लगी जेसीबी और डंपर को पकड़ा गया। शनिवार देर रात करीब 01 बजे एसडीएम मोनालिसा जौहरी को सूचना प्राप्त हुई कि बंजारन टांडा स्थित दूध फैक्ट्री के पास अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी को तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छापेमारी के दौरान खनन में लगी एक जेसीबी मशीन और एक डंपर को मौके से पकड़ लिया। कार्रवाई की सूचना तुरंत एसडीएम को दी गई ।इसके बाद एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने थानाध्यक्ष नानपारा राजनाथ सिंह को फोन कर तत्काल पुलिस बल के माध्यम से जेसीबी और डंपर को थाने में खड़ा कराने के निर्देश दिए जिसके बाद दोनों वाहनों को पुलिस की निगरानी में थाने में खड़ा करा दिया गया। इस कार्रवाई की जानकारी एसडीएम ने रात्रि में ही जिलाधिकारी बहराइच अक्षय त्रिपाठी को भी दी एसडीएम की त्वरित और सख्त कार्रवाई से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। क्षेत्र में प्रशासन की सक्रियता और एसडीएम नानपारा की त्वरित करवाई की जमकर सराहना हो रही है

### राष्ट्रभक्ति का लिया गया संकल्प

**कैसरगंज (बहराइच)।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर कैसरगंज द्वारा शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता करते हुए संघ की परंपरा, अनुशासन और संगठनात्मक शक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अम्बिका विभाग कार्यवाह रहे। उन्होंने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर राष्ट्र निर्माण के कार्य में निरंतर लगा हुआ है। संघ का उद्देश्य समाज में सेवा, समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, सेवा और संगठन की भावना के साथ समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा शाखा के विभिन्न कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक देखा। शाखा के व्यायाम, दंड और समता जैसे कार्यक्रमों ने उपस्थित जनों में उत्साह का वातावरण बना दिया ।कार्यक्रम में राकेश नगर संघचालक, उमेश खंड संघचालक, हरिद्वारी सह संघचालक, अंकुश सह जिला कार्यवाह, बृजेश नगर कार्यवाह, उमा प्रताप, विनोद, आशीष, क्षितिज, मंगलम रहे।

### कांग्रेस ने लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आज स्वास्थ्य सृजन अभियान के तहत शहर के गोलवा घाट स्थित गौतम गाजी पाली क्लीनिक पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर में संगठन के प्रदेश महासचिव डॉक्टर अजीमुल्ला खान ने लगभग 110 मरीजों का उपचार कर निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं। इस अवसर पर डॉ अजीमुल्ला खान ने मरीजों को सुझाव देते हुए कहा कि अपने शरीर का ध्यान रखना इस व्यस्त जीवन में बहुत आवश्यक है,अक्सर देखा जाता है कि लापरवाही करने से रोग गंभीर अवस्था में परिवर्तित हो जाता है जिससे परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा की सभी मरीजों को समय-समय पर अपना चेकअप अवश्य कराना चाहिए ताकि वह लेटेस्ट जानकारी से अवगत होते रहे।

### 4542 असाक्षरों ने दी साक्षरता परीक्षा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले के 410 परिषदीय विद्यालयों में रविवार को साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 4542 असाक्षर महिलाओं ने साक्षरता परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा को संबंधित स्कूलों के शिक्षकों की देखरेख में सम्पन्न हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के आरम्भ से ही अध्यापकों की ओर से जनपद में असाक्षरों तथा वालंटियर्स का चयन किया गया। साथ ही उनका विवरण उल्लास पोर्टल पर अंकित किया गया है। इस तरह वर्तमान में कुल 23902 असाक्षर चयनित हैं। जिनकी आयु 15 वर्ष या उससे अधिक है। इन असाक्षरों के साथ अध्यापन कार्य के लिए जनपद में 1512 वालंटियर्स का चयन किया गया है जो इनके साथ शिक्षण, प्रशिक्षण का कार्य करते हैं। वहीं जिला समन्वयक साक्षरता अजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि रविवार को हुई परीक्षा अंक भी उल्लास पोर्टल के माध्यम से भरा जाएगा। इस प्रकार पहली बार पूर्ण रूप आनलाइन व्यवस्था के तहत उल्लास परीक्षा का आयोजन भली-भांति सम्पन्न हुआ है। परीक्षा में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभागिता की है। परीक्षा में 4542 असाक्षर सम्मिलित हुए जिसमें 68 प्रतिशत महिलाओं की संख्या रही जो घर की चहारदीवारी से निकलकर पहली बार किसी परीक्षा में शामिल हुईं। परीक्षा के मूल्यांकन में एक कौशल विषय में 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए अधिकतम पांच अंकों का ग्रेस अंक के रूप में प्रदान करते हुए मूल्यांकन किया जाएगा।

# समारोह में लोगों ने दी होली की बधाई




समारोह में पूर्व सांसद का स्वागत करते आयोजक।



जिला कारागार में मौजूद जेल आधिकारी व समिति के लोग।

लेंगड़ी गूलर(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** गिलौला के सिसवारा चौराहा पर रविवार को होली मिलन समारोह एवं सद्भावना कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व सांसद ने मां सरस्वती के चित्र के समकक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व कवियों का सम्मान कर किया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने एक-दूसरे से भेंटकर होली की बधाई दी। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि स्नेह, अपनत्व और उल्लास से परिपूर्ण इस होली मिलन समारोह में अपनों के बीच उपस्थित होकर संवाद करने का अवसर प्राप्त होना मेरे लिए अत्यंत सुखद रहा। ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और आपसी समरसता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। इस मौके पर मौजूद कवियों ने अपनी रचना प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी अंशुमान शर्मा, ब्रजेश शर्मा रहे।

**जिला कारागार में मना होली मिलन व हुआ रोजा-इफ्तार, बहराइचः** उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के तत्वावधान में जिला कारागार बहराइच में बंदी भाई-बहनों के साथ होली मिलन एवं पवित्र रमजान माह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बंदी भाई बहनों के साथ होली मिलन कार्यक्रम एवं पवित्र माह रमजान में रोजेदारों के लिए अफ़्तार का इंतजाम कर वितरित किया ।कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेल अधीक्षक बहराइच राजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेलर अजय कुमार झा तथा पत्रकार शेर सिंह कसौधन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव/जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में समिति के विनोद कुशवाहा,रमेश मिश्रा टिल्लू मिश्रा कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# तराई में बिगड़ा मौसम का मिजाज, सहमे अन्नदाता

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** तराई में विगत चार दिनों से मौसम का मिजाज बार बार बदल रहा है। दिन में आसमान में छाई धुंध व रात में पड़ने वाले घने कोहरे ने किसानों के माथे पर पहले ही बल ला दिया था। ऐसे में रविवार को चली तेज हवाओं के साथ जिले के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ हुई रिमझिम बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

खेतों में लगी सरसों, तेरिया, अलसी व मसूर की फसल पक कर तैयार है। ज्यादातर किसान या तो इन फसलों को काटने में जुट गए है या फिर काटने की तैयारी कर रहे है। वही खेतों में बालियों से लदी अरहर व गेहूं की फसल भी तैयार होने वाली है। इन फसलों को लेकर किसानों ने तमाम सपने संजो रखे है। ऐसे में तराई में विगत चार दिनों से पल पल रंग बदल रहे मौसम का मिजाज देख किसानों के चेहरों की हवाइयां उड़ने लगी है। बार बार बदलते मौसम से किसानों को अपनी गाढ़ी कमाई डूबने की चिंता सताने लगी है। मार्च माह के दूसरे पखवाड़े में विगत कई दिनों से दिन में आसमान में छाने वाली धुंध व रात में पड़ने वाले घने कोहरे को देख किसान किसी अनहोनी की संभावना को लेकर चिंतित है। ऐसे में रविवार सुबह करीब आठ बजे सिरसिया व जमुनहा विकास क्षेत्र सहित जिले के कई हिस्सों में रिमझिम बरसात हुई। जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।



मौसम में बदलाव से सरसों की फसल पर बर्बाद होने का बढ़ा खतरा।

आयोजन

सपा के नेताओं ने बसपा के संस्थापक कांशीराम को श्रद्धा सुमन अर्पित करके दी श्रद्धांजलि

# सरकार सिर्फ एक जाति की सत्ता की कर रही राजनीति : यासर शाह

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर आज बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती पर समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए दिवस मनकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं द्वारा कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री याशर शाह व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक/ पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बहराइच रमेश गौतम उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व मंत्री याशर शाह ने कहा कि कांशीराम संविधान निर्माता बाबा साहेब आम्बेडकर के बाद बहुजन आंदोलन क़े सबसे बड़े पुरोधा थे। इसके साथ ही उन्होंने मौजदा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज का सच यही है कि वर्तमान समय में सत्ता में बैठे हुए लोग केवल एक ही जाति की सत्ता की राजनीति कर रहे हैं।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद सपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार



कांशीराम की जयंती मनाते सपाई। अमृत विचार

वहीं सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि आज बहुजन समाज के सामने देश के संविधान और सामाजिक न्याय को बचाने की चुनौती है, कांशीराम के वारिस बनने का सपना देखने वाले लोग जब भाजपा क़े हाथों की कठपुतली बन गये हों ऐसे समय में हमारे नेता अखिलेश यादव ने पीडीए आंदोलन क़ो आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है। जनसभा को पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, पूर्व विधायक शब्बीर बाल्मीकि, प्रदेश सचिव प्रदीप यादव, राष्ट्रीय प्रवक्ता तारिक़ खां, जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा-मजनू, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी, रेखा राव, अनवर खां वारसी, डॉ. जितेंद्र मौर्या, डॉ. आशिक अली, अवधेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष जफर उल्ला खां'बंटी' ने संबोधित किया। वहीं पूर्व एमएलसी हाजी इमलाक खां, निरंजन पटेल, राजेश चौधरी, पेशकार राव, सुमन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, रामजी यादव, शकील मेकरानी, नंदेश्वर यादव, अफ़शाल शानू, शैलेश सिंह शैलू, मुन्ना रायनी, कृपा राम यादव, तुफैल खां नाना, सत्यम बाजपेयी, पंकज दीक्षित, जवाहर यादव, अयोध्या सोनी रहे ।

**जयंती पर याद किए गए कांशीराम, श्रावस्तीः** समाजवादी पार्टी कार्यालय भिनगा में रविवार को जिलाध्यक्ष सर्वजीत सिंह यादव के नेतृत्व में महान समाज सुधारक, बहुजन समाज के नायक एवं गरीब-वंचित वर्गों की आवाज़ रहे मान्यवर कांशीराम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों और संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सांसद राम शिरोमणि वर्मा, भिनगा विधायक इंद्राणी वर्मा, पूर्व विधायक मोहम्मद असलम राईनी, पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रमजान, राजा खान, छेदी राम यादव, अजहर हुसैन मंसूरी, अरमान वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अमृत विचार

सोमवार, 16 मार्च 2026



मनुष्यों का अस्तित्व उनकी चेतना से निर्धारित नहीं होता, बल्कि इसके विपरीत, उनका सामाजिक अस्तित्व ही उनकी चेतना को निर्धारित करता है।
-कार्ल मार्क्स, दार्शनिक



## सुधार के आसार

देश में घरेलू और व्यावसायिक इस्तेमाल की गैस आपूर्ति में सुधार का आसार नजर आने लगा है। सरकार की कालाबाजारियों पर कारगुजारी से इसकी किल्लत की अफवाहों के शीघ्र समाप्त होने के संकेत मिलने लगे हैं। 92 हजार सात सौ टन एलपीजी ला रहे दो जहाजों के कल तक गुजरात के कांडला तथा मुंद्रा बंदरगाह पर आ लगने की संभावना के साथ 22 दूसरे जहाज, जो हार्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में रुके हैं, जिनमें से छह एलपीजी ला रहे हैं, उन्हें भी शीघ्र वहां से निकलने की उम्मीद ने यह आशा बढ़ा दी है कि निकट भविष्य में घरेलू और कामर्शियल गैस सिलेंडरों की समस्या नहीं आने वाली। इसके अलावा कई अन्य जहाज खाड़ी के क्षेत्र में रुके हुए हैं, उन्हें भी सुरक्षित निकालने के लिए जहाजरानी मंत्रालय और सरकार अपने स्तर पर लगी हुई है। इसके अलावा ऊर्जा सुरक्षा के लिए विदेश मंत्रालय अमेरिका, इजरायल और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संपर्क के साथ वैकल्पिक स्रोत तथा रास्ते भी देख रही है।

29 राज्यों में वाणिज्यिक गैस आपूर्ति सुचारू होना भी स्थितियों में सकारात्मक प्रगति का संकेत है। इसी के मद्देनजर पेट्रोलियम मंत्रालय ने 75 लाख से बढ़ाकर अचानक 88 लाख प्रतिदिन पहुंच गई सिलिंडर बुकिंग पर लोगों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त उत्पादन हो रहा है, आपूर्ति के प्रति आश्वस्त रहें। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले दो जहाजों की सुरक्षित निकासी केवल एक समुद्री घटना नहीं, बल्कि भारत की सक्रिय कूटनीति और ऊर्जा सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण संकेत है। यह संकेत देता है कि भारत ने क्षेत्रीय शक्तियों, विशेषकर ईरान और खाड़ी देशों के साथ संवाद की ऐसी संतुलित नीति अपनाई है, जिससे संकट की स्थिति में भी भारतीय हितों की रक्षा संभव हो पाती है। हालिया घटनाक्रम से घरेलू और वाणिज्यिक गैस संकट के तत्काल दबाव में कुछ राहत के संकेत अवश्य मिले हैं, लेकिन यदि क्षेत्रीय संघर्ष लंबा खिंचता है, तो स्थिति फिर से अस्थिर हो सकती है। ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता अक्सर कीमतों में तेज वृद्धि, आपूर्ति में देरी और घरेलू स्तर पर कालाबाजारी जैसी समस्याओं को जन्म देती है। यह मान लेना जल्दबाज़ी होगी कि ईरान शेष भारतीय जहाजों को भी स्वतः निर्बाध मार्ग प्रदान कर देगा। होर्मुज का समुद्री मार्ग वैश्विक भू-राजनीति से गहराई से जुड़ा है और वहां की परिस्थितियां तेजी से बदलती रहती हैं, इसलिए भारत को निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखना होगा।

यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला पर इसका असर पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्पष्ट है कि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित निकासी तत्काल राहत का संकेत अवश्य है, लेकिन यह ऊर्जा सुरक्षा की बड़ी चुनौती का स्थायी समाधान नहीं। भारत को अपनी कूटनीति, ऊर्जा नीति और समुद्री क्षमता तीनों को समान रूप से मजबूत करना होगा, साथ ही घरेलू स्तर पर वितरण प्रणाली की निगरानी और डिजिटल ट्रैकिंग को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, तभी कालाबाजारी और जमाखोरी को रोका जा सकेगा और भविष्य में ऐसे संकटों का सामना अधिक आत्मविश्वास से किया जा सकेगा।

### प्रसंगवश

## हरियाणा सिविल सर्विस में ट्रांसजेंडर को समान अवसर

समाज में समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा में ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी नौकरियों में आवेदन का अधिकार सुनिश्चित किया गया है। अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति हरियाणा सिविल सेवा (HCS) सहित अन्य सरकारी पदों के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और संवैधानिक समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

जहां एक ओर समाज में आज भी ट्रांसजेंडर समुदाय को भेदभाव की नजरों से देखा जाता है, वहीं न्यायपालिका का यह हस्तक्षेप आशा की किरण बनकर सामने आया है। लंबे समय से ट्रांसजेंडर समुदाय को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक स्वीकार्यता के क्षेत्रों में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता रहा है। सरकारी नौकरियों के आवेदन पत्रों में केवल पुरुष और महिला का विकल्प होने के कारण वे स्वयं को पंजीकृत करने में असमर्थ रहते थे। इससे न केवल उनके अधिकार सीमित होते थे, बल्कि वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा से भी बाहर रह जाते थे। हाईकोर्ट ने इस स्थिति को असंवैधानिक मानते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक नागरिक को समान अवसर मिलना चाहिए।



धनीश शर्मा
लेखक

कोर्ट के निर्देशों के बाद हरियाणा सरकार और संबंधित आयोगों ने आवेदन फॉर्म में तीसरे लिंग (ट्रांसजेंडर) का कॉलम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली में आवश्यक तकनीकी संशोधन किए गए, ताकि ट्रांसजेंडर अभ्यर्थी बिना किसी बाधा के आवेदन कर सकें। प्रशासनिक दृष्टि से यह परिवर्तन भले ही एक तकनीकी सुधार लगे, लेकिन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इसका प्रभाव अत्यंत व्यापक है। यह कदम यह संदेश देता है कि शासन व्यवस्था अब समाज के हर वर्ग को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरियाणा सिविल सेवा राज्य की प्रतिष्ठित सेवाओं में से एक है। इसमें चयनित अधिकारी प्रशासनिक, राजस्व, विकास और कानून-व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे में ट्रांसजेंडर समुदाय को इस सेवा में भागीदारी का अवसर मिलना समानता की भावना को सशक्त करता है। यह न केवल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि समाज में उनकी पहचान और सम्मान को भी मजबूती देगा।

वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद देशभर में नीतिगत सुधारों की अपेक्षा की जा रही थी। यह पहल यदि पहले हो जाती तो बेहतर होता, क्योंकि संवैधानिक अधिकारों की स्थापना में देरी भी एक प्रकार की बाधा ही मानी जाती है। फिर भी, देर से ही सही, यह कदम स्वागत योग्य है। न्यायपालिका ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है।

जब तक रोजगार के अवसर समान रूप से उपलब्ध नहीं होंगे, तब तक वास्तविक सामाजिक सशक्तिकरण संभव नहीं है। सरकारी सेवा में चयन केवल आर्थिक स्थिरता ही नहीं देता, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान भी प्रदान करता है। यदि ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनते हैं, तो वे समाज के विविध वर्गों की समस्याओं को अधिक संवेदनशीलता से समझ सकेंगे और नीतियों के निर्माण में व्यापक दृष्टिकोण ला सकेंगे। यह परिवर्तन केवल कागजों तक सीमित न रहे। ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, परामर्श और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## भारत को घटानी होगी ऊर्जा आयात पर निर्भरता





रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। इस संघर्ष का प्रभाव केवल उन देशों तक सीमित नहीं है, जो सीधे युद्ध में शामिल हैं, बल्कि उन सभी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। भारत भी उन्हीं देशों में शामिल है। एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता ने भारत की आर्थिक वृद्धि, महंगाई और चालू खाता घाटे (CAD) को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है, कि क्या यह ऊर्जा संकट भारत की जीडीपी वृद्धि को धीमा कर सकता है और क्या सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2026 में लगभग 6.5 से 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, लेकिन इस आर्थिक विकास की एक बड़ी कमजोरी यह है कि भारत ऊर्जा के मामले में अभी भी आयात पर अत्यधिक निर्भर है। देश अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में तेजी आती है, तो उसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

एलपीजी के मामले में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। भारत में एलपीजी की मांग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ी है। वर्तमान में देश में एलपीजी की कुल वार्षिक खपत लगभग 31 मिलियन टन तक पहुंच चुकी है। इसमें से लगभग 20 से 21 मिलियन टन एलपीजी आयात के माध्यम से आती है, जबकि घरेलू उत्पादन लगभग 12 से 13 मिलियन टन के आसपास है। इसका अर्थ है कि भारत की एलपीजी जरूरत का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आयात पर निर्भर है।

एलपीजी की बढ़ती मांग का एक बड़ा कारण पिछले वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या में हुई तेजी है। वर्ष 2014 में भारत में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, जो आज बढ़कर 32 करोड़ से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच को बढ़ाया है, जिससे इसकी मांग में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि भारत की ऊर्जा निर्भरता भी तेजी से बढ़ी है।

भारत के एलपीजी और तेल आयात का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। पश्चिम एशिया के समुद्री मार्ग, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल का परिवहन इसी मार्ग से होता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। यदि इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव के कारण आपूर्ति बाधित होती है, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है।

हाल के दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमतें 95 से 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गई हैं, यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष और बढ़ता है, तो यह कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं। तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत की अर्थव्यवस्था पर कई तरह से असर डालती है। सबसे पहला प्रभाव महंगाई पर पड़ता है। जब तेल और गैस महंगे होते हैं, तो परिवहन, बिजली और उत्पादन लागत बढ़ जाती है। इससे खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि होती है। महंगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति घटती है और मांग कमजोर पड़ने लगती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव जीडीपी वृद्धि दर पर पड़ता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होती है, तो भारत की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 0.3 से 0.5 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसका कारण यह है कि ऊर्जा लागत बढ़ने से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ जाती है और निवेश तथा उत्पादन दोनों प्रभावित होते हैं।

तीसरा और सबसे गंभीर प्रभाव चालू खाता घाटे (CAD) पर पड़ता है। भारत पहले से ही अपने ऊर्जा आयात के कारण भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि तेल की कीमतों में 10 डॉलर की वृद्धि होती है, तो भारत के आयात बिल पर लगभग 12 से 15 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ सकता है और रुपये की कमजोरी भी बढ़ सकती है।

भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगिक विकास के कारण आने वाले वर्षों में देश की ऊर्जा खपत लगातार बढ़ेगी। ऐसे में यदि भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

> भारत की ऊर्जा मांग भविष्य में और तेजी से बढ़ने वाली है। भारत ऊर्जा आयात पर अत्यधिक निर्भर बना रहता है, तो हर वैश्विक भू-राजनीतिक संकट उसकी आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करता रहेगा।

सरकार ने इस जोखिम को कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए हैं, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में कुछ समय तक ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखा जा सके। इसके अलावा सरकार ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बनाने और अमेरिका, रूस तथा अन्य देशों से ऊर्जा आयात बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है।

इसके साथ-साथ भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से निवेश कर रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे विकल्प भविष्य में भारत की ऊर्जा निर्भरता को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका-इज़राइल-ईरान संघर्ष केवल एक भू-राजनीतिक घटना नहीं है, बल्कि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



बीजेपी अपना मूल स्वरूप और विचारधारा छोड़ती जा रही है। जो पार्टी कभी समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी कहलाती थी, उसमें अब उन्हीं लोगों को किनारे किया जा रहा है, जिन्होंने दशकों तक जमीन पर काम किया। मौजूदा हालात देखकर कई बार उनका मन राजनीति से संन्यास लेने का होता है।
-अजेंद्र अजय
बीजेपी नेता, उत्तराखंड

पार्टी के खिलाफ इस तरह की बातें सार्वजनिक मंचों पर रखना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो व्यक्ति ऐसी सोच रखता हो, वह बीजेपी का कार्यकर्ता कहलाने का अधिकारी नहीं है।
-महेंद्र भट्ट
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उत्तराखंड



## सुंदरता सचमुच प्राकृतिक और शाश्वत सत्य है!



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

इतिहास बताता है कि अलग-अलग समय और स्थानों पर सुंदरता के पैमाने बिल्कुल अलग रहे हैं। यूरोप में एक समय पतली कमर को स्त्री-सौंदर्य का आदर्श माना गया और कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे, कि स्त्रियों को सांस लेने में कठिनाई होने लगती थी। चिकित्सा इतिहासकारों ने दर्ज किया है कि लंबे समय तक कॉर्सेट पहनने से सांस लेने में समस्या, पाचन संबंधी दिक्कतें और पसलियों के आकार तक में बदलाव देखे गए। चीन में सदियों तक छोटे पैरों को सुंदरता, शिष्टता और विवाह-योग्यता से जोड़ा गया। बच्चियों के पैरों को बचपन से ही कसकर बांधा जाता था, ताकि वे छोटे बने रहें। इतिहासकार डोरोथी को के शोध बताते हैं कि इस प्रथा ने लाखों स्त्रियों की गतिशीलता सीमित कर दी।

दुनिया के कुछ हिस्सों में सुंदरता का अर्थ भरा-पूरा शरीर रहा है। अफ्रीका के कई समुदायों में शरीर पर बने विशेष चिह्न, अलंकरण या आभूषण सुंदरता और पहचान का हिस्सा रहे हैं। भारत में भी समय और क्षेत्र के अनुसार सुंदरता के मानक बदलते रहे हैं। कहीं गोरी त्वचा को सुंदरता का प्रतीक माना गया, कहीं बड़ी आंखों और लंबे बालों को, कहीं पतले शरीर को आधुनिक आकर्षण का संकेत बनाया गया, तो कहीं भरे-पूरे शरीर को स्वास्थ्य और समृद्धि से जोड़ा गया। औपनिवेशिक दौर और उसके बाद के विज्ञापन इतिहास पर हुए अध्ययनों से यह भी सामने आता है कि गोरी त्वचा को वरीयता देने वाली प्रवृत्तियां आधुनिक बाज़ार और उपनिवेशवादी सौंदर्य-राजनीति से भी जुड़ी रहीं।

इन सभी उदाहरणों से एक बात साफ़ होती है, सुंदरता कोई स्थायी सत्य नहीं है। वह समय, समाज और संस्कृति के साथ बदलती रहती है, लेकिन इन मानकों के अनुसार खुद को ढालने का सबसे अधिक दबाव लगभग हर समाज में स्त्रियों पर ही पड़ा है। धीरे-धीरे यह दबाव इतना सामान्य बना दिया जाता है कि वह नियम जैसा लगने लगता है।

कई घरों में यह शिक्षा डांट की तरह नहीं, सलाह की तरह आती है। धूप में कम खेलो, रंग दब जाएगा। बाल ठीक रखो। ज़रा सलीके से बैठो। लड़की हो, अपने ऊपर ध्यान देना सीखो। ऐसे ही जाओगी क्या, थोड़ा तैयार हो लो। इन वाक्यों में कोई एक बड़ा अत्याचार दिखाई नहीं देता, पर इन्हीं से वह लंबी मानसिक रचना शुरू होती है, जिसमें लड़की अपने आप को व्यक्ति से पहले प्रस्तुति के रूप में देखना सीखती है।

यही वह जगह है, जहां सुंदरता पसंद नहीं रहती, वह एक सामाजिक अभ्यास में बदल जाती है। लड़की को केवल पढ़ना, काम करना, विनम्र रहना और संबंध निभाना ही नहीं सिखाया जाता, उसे अपने चेहरे, त्वचा, बाल, चाल, देह, कपड़ों और गंध तक पर चौकन्ना रहना भी सिखाया जाता है। बहुत-सी लड़कियां बहुत जल्दी सीख जाती हैं कि उन्हें कमरे में मौजूद होने भर से काम नहीं चलेगा; उन्हें 'ढंग से' मौजूद होना होगा। यह ढंग कोई निजी खोज नहीं होता; उसे परिवार, विद्यालय, बाज़ार, परदा, साथियों की राय और अब सामाजिक माध्यम मिलकर गढ़ते हैं।

देह-छवि पर हुए समकालीन अध्ययनों ने भी यही दिखाया है कि साथियों का दबाव, पारिवारिक टिप्पणी, मीडिया और विद्यालयी वातावरण मिलकर युवाओं की देह-धारणा बनाते हैं। ब्रिटेन की मेंटल हेल्थ फ़ाउंडेशन की रिपोर्ट में पाया गया कि 54 प्रतिशत लड़कियों ने कहा कि सामाजिक माध्यमों की छवियों ने उन्हें अपने शरीर को लेकर चिंतित किया। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा 2023 में प्रकाशित विश्लेषणों में संकेत मिला कि सामाजिक माध्यमों का उपयोग सीमित करने पर किशोरों और युवाओं में अपने रूप और वज़न को लेकर बेहतर महसूस करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यहीं बाज़ार अपना सबसे चतुर काम शुरू करता है। वह स्त्री से यह नहीं कहता कि तुम गलत हो; वह उससे कहता है कि तुम और बेहतर हो सकती हो। यह भाषा सुनने में प्रेरक लगती है, पर उसका पूरा ढांचा एक स्थायी कमी पर टिका होता है।

मनोविज्ञान में इस अनुभव को समझाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण अवधारणाएं दी गई हैं। उनमें से एक हैस्व-वस्तुकरण (Self-Objectification)। इसका अर्थ है कि व्यक्ति स्वयं को एक जीवित अनुभव की तरह नहीं, बल्कि दूसरों की नज़र से देखी जाने वाली वस्तु की तरह देखने लगता है। इसके साथ जुड़ी होती हैदेह-निगरानी (Body Surveillance) यानी लगातार यह देखना कि हम कैसे दिख रहे हैं। इससे रूप-संबंधी चिंता (Appearance Anxiety) बढ़ती है और व्यक्ति दूसरों से लगातार अपनी तुलना करने लगता है, जिसे मनोविज्ञान में सामाजिक तुलना (Social Comparison) कहा जाता है। इन प्रक्रियाओं पर अमेरिकी मनोवैज्ञानिक बारबरा फ्रेडरिकसन और टोमी-ऐन रॉबर्ट्स के प्रसिद्ध 'ऑब्जेक्टिफिकेशन सिद्धांत' में विस्तार से चर्चा की गई है।

> यूरोप में कभी पतली कमर के लिए महिलाओं के कॉर्सेट इतने कसकर पहने जाते थे कि वह सांस भी मुश्किल से ले पाती थीं।

अंत में बात बस इतनी है, लड़कियों को सुंदर बनने की नहीं, बिना सुंदर ठहराए भी पूरी तरह मनुष्य माने जाने की ज़रूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## पहलवी की दावत और नीलो



जब शाह रज़ा पहलवी की दावत ने एक पाकिस्तानी अभिनेत्री को आत्महत्या की कोशिश तक पहुंचा दिया और इससे हबीब जालिब की बग़ावती नज्म पैदा हुई, जिसका रिश्ता बाद में फ़िलिस्तीन से भी जुड़ा।

नीलो 1960 के दशक में पाकिस्तान की बेहद लोकप्रिय फ़िल्म अभिनेत्री थीं। उनका जन्म एक कैथोलिक परिवार में हुआ था। उनका नाम था, सिंथिया अलेक्ज़ेंडर फ़र्नांडिस। 1956 में उन्होंने फ़िल्मी दुनिया में आते ही अपना स्क्रीन नाम नीलो रख लिया और 1965 तक वे पाकिस्तान की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में गिनी जाने लगीं।



साकिब सलीम
ब्लॉगर

11 फ़रवरी 1965 को उन्हें उस वक़्त के पाकिस्तान के गवर्नर अयूब ख़ान के क़रीबी सहयोगी आमिर मोहम्मद ख़ान ने बुलाया। ईरान के शासक शाह रज़ा पहलवी के सम्मान में एक डिनर पार्टी रखी गई थी और नीलो से उसमें नृत्य करने को कहा गया, लेकिन नीलो के विचार समाजवादी थे। उनका मानना था कि तानाशाहों और शासकों की निजी महफ़िलों में नाचना उनके उसूलों के ख़िलाफ़ है।

उन्होंने उस दावत में प्रदर्शन करने से साफ़ इंकार कर दिया। जैसा कि उम्मीद थी, यह बात गवर्नर को बेहद नागवार गुज़री। पुलिस भेजी गई और नीलो को गिरफ़्तार कर लिया गया। उन्हें ज़बरदस्ती उस पार्टी में लाया गया, ताकि वे नृत्य करें। इस अपमान और ज़िल्लत से टूटकर नीलो ने नींद की गोलियों की भारी मात्रा खा ली। पुलिस ने जैसे ही उन्हें नाचने पर मजबूर किया, वे बेहोश होकर फ़र्श पर गिर पड़ीं। डॉक्टरों को उन्हें बचाने में कई दिन लग गए।

तानाशाहों के सामने उनके इस साहसिक विरोध के अलावा पाकिस्तान की फ़िल्म इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया भी बेहद मज़बूत और एकजुट थी। फ़िल्मकारों ने नीलो के समर्थन में एक दिन की हड़ताल का एलान किया। मशहूर प्रगतिशील शायर हबीब जालिब, जो फ़िल्मों के लिए भी लिखते थे, उन्हें अस्पताल में देखने जा रहे थे। रास्ते में ही उन्होंने एक बेहद ताक़तवर और बग़ावती नज़्म लिखी- 'नीलो'।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## निंदा प्रस्ताव से ज्यादा बड़ी भूमिका में आए यूएन

अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों के सामने संयुक्त राष्ट्र संघ लाचार और मजबूर है। न तो इसके पास कोई अधिकार है न ही इसकी कोई सुनता है। पूरी शक्ति का प्रयोग यह संगठन सिर्फ छोटे देशों पर ही कर पाता है। बड़ी महाशक्तियां उसकी सुनती नहीं। अपनी आर्थिक, सामरिक ताकत के दम पर इस संगठन को अमेरिका, रूस, चीन जैसे देशों ने बंधक बना लिया है। कई ध्रुवों में बंट चुके देशों को अब एकजुट होना होगा और अपने हितों के लिए दंतविहीन इस संगठन को मजबूत करना होगा।

अब भी अगर सदस्य देश एकजुट नहीं हुए, तो फिर अमेरिका जैसे देशों की दादागिरी चलती रहेगी। आज ईरान में बेनुगाह मारे जा रहे हैं, कल किसी और देश की धरती को बारूद से पाट दिया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा संघ की फिर से बैठक बुलाई जाएगी। निंदा प्रस्ताव पास किया जाएगा, लेकिन युद्ध नहीं रुकेगा।



डॉ. विकास शुक्ला
चिकित्सक

यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जा जमाने की चाहत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पड़ोसी देश की धरती को खंडहर में तब्दील कर दिया। बम रूस की धरती पर भी फट रहे हैं। जानें वहां भी जा रही हैं, लेकिन चार साल से संयुक्त राष्ट्र संघ बार-बार निंदा प्रस्ताव पास करने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर सका। कई बार वहां युद्ध रोकने का प्रस्ताव भी पास हुआ, पर नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों पक्षों के 10 लाख से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट 2026 के अनुसार इस युद्ध में लगभग 325,000 रूसी सैनिक व 140,000 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में की गई थी। इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने, भविष्य में युद्धों को रोकने, राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना था। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से मानव अधिकारों की रक्षा व सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना था, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह अपने उद्देश्य को पूरा कर पा रहा है? तो जवाब आता है, नहीं।

1950 के दशक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव डैग हैमरस्कजोल्ड ने मजाकिया लहजे में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र हमें स्वर्ग तक पहुंचाने के लिए नहीं, बल्कि नरक से बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन यह संस्था हमें युद्ध रूपी नरक से बचा नहीं पा रही है, इसलिए अब यह धारणा बनती जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र एक संगठन के रूप में तेजी से अक्षम और अप्रभावी होता जा रहा है।

वैसे तो इस संगठन में 193 देश हैं, लेकिन कब्जा सिर्फ वीटो पॉवर वाले देशों अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और ब्रिटेन का ही है। रूस ने यूक्रेन पर यह कहकर हमला किया था कि वह नाटो का सदस्य बनकर उसके लिए खतरा बन रहा है, लेकिन इस युद्ध के पीछे यूक्रेन के बड़े भूभाग पर कब्जे की योजना थी, जो साफ दिखती है। यूक्रेन-रूस युद्ध रुकवाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावे तो बड़े- बड़े किए थे। रूस के राष्ट्रपति के साथ बैठक भी की थी, लेकिन दुनिया को शांति का संदेश देते-देते वे खुद ही युद्ध करने में जुट गए।

ईरान में सत्ता किसकी रहेगी यह तय करने का अधिकार वहां की जनता का है, लेकिन सत्ता परिवर्तन के नाम पर ट्रंप ने इजरायल के साथ मिलकर इस देश को युद्ध में झोंक दिया और इसकी आग से सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, यूएई जैसे देश भी झुलस रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा।)

# व्हील्स

- सप्लाई चेन में व्यवधान, दबाव में निर्यात
- लॉजिस्टिक्स और शिपिंग लागत में वृद्धि
- उत्पादन लागत बढ़ने का मंडराता खतरा

## युद्ध ने बढ़ाया संकट मुसीबत में ऑटो सेक्टर

भारत में निर्मित होने वाली कारों के लिए मध्य पूर्व के देश एक बड़ा और प्रमुख बाजार है। लेकिन वहां लगी युद्ध की आग से कार निर्माता कंपनियां मुसीबत में आ गई हैं।

अ

सुरक्षा और बढ़े हुए बीमा शुल्क के कारण टाटा, मारुति और हुंडई जैसी कंपनियों को अपनी शिपमेंट रोकनी या टालनी पड़ रही हैं। हालांकि घरेलू बाजार में कारों की मांग पर अभी कोई असर नहीं पड़ा है, बीते माह यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतें और आर्थिक अनिश्चितता अगर बढ़ती है, तो इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तमाम लोग नए वाहन खरीदने का फैसला टाल सकते हैं। देश का ऑटोमोबाइल सेक्टर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच छिड़ी जंग से गंभीर दबाव में आ गया है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती सप्लाई चेन बनाए रखना और निर्यात की राह में खड़ी बाधाएं हैं। मध्य पूर्व देशों में तनाव और समुद्री रास्तों पर खतरे के कारण भारतीय ऑटो कंपनियों ने मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के कुछ देशों में गाड़ियों की शिपमेंट टाल दी हैं। कंपनियों को डर है कि युद्ध के कारण शिपिंग लागत बढ़ सकती है और सुरक्षा का जोखिम भी है। इसी तरह कच्चे माल की आपूर्ति बाधित होने से उत्पादन लागत बढ़ना शुरू हो गई है। इनपुट लागत बढ़ने का असर घरेलू बाजार में कारों की कीमतों और ईवी की मांग पर पड़ सकता है।

### भारतीय कारों व दो पहिया वाहनों के लिए बड़ा बाजार है मध्य पूर्व

- मध्य पूर्व और नार्थ अफ्रीका के करीब 20 देशों का क्षेत्र, जिसे 'मीना' कहा जाता है, भारतीय कारों और दो पहिया वाहनों के लिए अहम बाजार है। ऐसे में वैश्विक तनाव से भारतीय ऑटो कंपनियों के सामने सबसे बड़ी चिंता इन देशों को होने वाले निर्यात तथा माल ढुलाई की लागत बढ़ने को लेकर है। हुंडई इंडिया अपने कुल उत्पादन का लगभग 21 फीसदी इन्हीं देशों को निर्यात करती है। टाटा मोटर्स का भी सबसे ज्यादा कारोबार यहां है। अशोक लेलैंड अपने निर्यात का 35 फीसदी इन देशों को भेजती है, तो बजाज ऑटो भी 15 फीसदी तक निर्यात मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका देशों को करता है। जाहिर है, इस स्थिति में युद्ध लंबा खिंचने से जिन कंपनियों का मध्य पूर्व और नॉर्थ अफ्रीका क्षेत्र में ज्यादा निर्यात है, उनकी बिक्री पर तो सीधा असर पड़ेगा, लेकिन बाकी कंपनियों को भी माल ढुलाई दरें और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से कच्चे माल की लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ेगा।

### टायर उद्योग को सता रहा महंगाई की मार का खतरा



मौजूदा संघर्ष से देश के टायर उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ सकती है। सप्लाई चेन पर दबाव आ सकता है। वाहन टायर निर्माताओं के संगठन (एटमा) ने केंद्र सरकार को बताया है कि भारत से पश्चिम एशिया को सालाना लगभग 25-26 करोड़ डॉलर के टायरों का निर्यात होता है। होर्मुज स्ट्रेट और स्वेज नहर सहित प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका को होने वाली खेपों को प्रभावित कर सकती है, जिससे माल भेजने में देरी और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है। टायर बनाने में कच्चे माल की लागत का 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल से जुड़ा होता है। सिंथेटिक रबर, कार्बन ब्लैक, प्रोसेसिंग ऑयल और टायर कॉर्ड फैब्रिक जैसे मुख्य इनपुट कच्चे तेल से ही आते हैं।



### टोयोटा, हुंडई और मारुति ने पिछले साल किया करोड़ों डॉलर का निर्यात

- सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार भारत से साल 2025 में 8 .8 बिलियन डॉलर मूल्य की कारों का वैश्विक निर्यात किया गया था, जिसका एक चौथाई हिस्सा सिर्फ मध्य पूर्व के देशों के लिए था। टोयोटा ने पिछले साल 47 करोड़ डॉलर का निर्यात किया, जिसमें 30 करोड़ डॉलर की कीमत की कारें सिर्फ मध्य पूर्व के देशों में भेजी गई थीं। इसी तरह हुंडई मोटर ने करीब 75 करोड़ डॉलर का निर्यात खाड़ी देशों को किया था, जबकि मारुति सुजुकी की मिडिल ईस्ट के निर्यात में हिस्सेदारी करीब 45 करोड़ डॉलर थी।

### वाहन पुर्जा उद्योग भी मौजूदा हालात को लेकर परेशान

- वाहन पुर्जा उद्योग ने चेताया है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और लाल सागर में जहाजों के मार्ग में बाधाओं के कारण निर्यात की लॉजिस्टिक लागत बढ़ रही है, खेप भेजने में में देरी हो रही है तथा महत्त्वपूर्ण कच्चे माल का आयात बाधित हो रहा है। इसके साथ ही उत्पादन के लिए जरूरी एलपीजी और पीएनजी की उपलब्धता को लेकर भी चिंताएं बढ़ रही हैं। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विक्रमपति सिंघानिया का कहना है कि निर्यात के उत्पादन से जुड़े प्रमुख इनपुट का निर्यात और आयात दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

## ऑटो न्यूज



### 42 % स्कूटरों की बिक्री में पिछले माह दर्ज हुआ उछाल

- स्कूटरों की बिक्री में बीते माह फरवरी में 42 .3% का बड़ा उछाल आया। देश भर में 7,29,774 यूनिट स्कूटरों की खरीद हुई। इसके मुकाबले मोटरसाइकिलों की बिक्री में 30 .8% की वृद्धि दर्ज की गई और 10,96,537 यूनिट बाइक्स बेची गईं। इस तरह फरवरी में टू-व्हीलर की बिक्री में कुल मिलाकर 35 .2% की बढ़त सामने आई और 18,71,406 यूनिट लोगों ने खरीदीं। इसके मुकाबले पिछले साल इस माह में 13,84,605 यूनिट टू-व्हीलर की बिक्री हुई थी।



### 74,573 थ्री-व्हीलर की पिछले माह हुई बिक्री

- तीन पहिया यानी थ्री-व्हीलर सेगमेंट में भी मजबूत प्रदर्शन सामने आया। फरवरी में तीन पहिया वाहनों की बिक्री 29% बढ़कर 74,573 यूनिट रही, जबकि पिछले साल यह 57,788 यूनिट थी पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी फरवरी माह में अच्छी वृद्धि देखने को मिली। कुल 4,17,705 यूनिट की बिक्री हुई। यह पिछले साल के 3,77,689 यूनिट के मुकाबले 10 .6% ज्यादा रही, जबकि इसमें लग्जरी ब्रांड की बिक्री शामिल नहीं रहे।

## नई कारें : हाईटेक फीचर्स, नए स्टैंडर्ड्स

नई कार खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए नई लॉन्चिग ने नए अवसर और विकल्प दिए हैं। मसलन, पुरानी यादों में खोए रहने वाले खरीदारों को आखिरकार अपनी डस्टर वापस मिल गई है। टाटा सिएरा को हाथोहाथ लिए जाने के बाद अब टाटा सिएरा ईवी धमाल मचाने की तैयारी में है, तो इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लिए एबेला भी भरोसेमंद विकल्प बन सकती है, जबकि रफ्तार और परफॉर्मेंस के दीवाने एसक्यू8 को देखकर ललचा सकते हैं।

### रेनॉल्ट डस्टर की पुरानी यादें नए अवतार में

- रेनॉल्ट डस्टर यह एसयूवी साल 2022 में भारत में बंद कर दी गई थी, चार साल बाद अब इसे नए अवतार में फिर से लॉन्च किया गया है। यह कार उन परिवारों के लिए आदर्श है जो सुविधाओं से भरपूर कॉम्पैक्ट एसयूवी की तलाश में हैं। माना जा रहा है कि नई डस्टर एक परिपक्व डिजाइन और अपडेटेड तकनीक के साथ क्रेटा और सेल्टोस को कड़ी टक्कर देगी। ग्राहकों को इसकी डिलीवरी अगले माह शुरू होने की उम्मीद है।
- नई डस्टर में दो टर्बो पेट्रोल इंजन ऑप्शन होंगे। पहला 1.0 लीटर टर्बो इंजन जो 100बीएचपी की पावर देगा, दूसरा 1.3 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 163बीएचपी की पावर पैदा करेगा। सुरक्षा के लिए इसमें छह एयरबैग और 360 डिग्री कैमरा के साथ लेवल-2 एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम है। नए मॉडल में लेन कीप असिस्ट और एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल भी होगा। मजबूत बाहरी डिजाइन और अंदर डुअल डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं। टॉप वेरिएंट में पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें भी मिलेंगी। रेनॉल्ट डस्टर के नए अवतार की कीमत करीब 11 से 20 लाख के बीच रहेगी।



### ई-विटारा से अलग है टोयोटा की अर्बन क्रूजर एबेला

- टोयोटा की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी अर्बन क्रूजर एबेला भी मार्केट में आ गई है। इसकी 25 हजार रुपये के साथ दो माह पहले बुकिंग की गई थी। इसकी कीमत 17 से 23 लाख रुपये एक्स शोरूम है। यह मारुति ई विटारा का टोयोटा संस्करण है, लेकिन उससे थोड़ी अलग तथा प्रीमियम है। इसमें 49 किलोवाट घंटे और 61 किलोवाट घंटे की दो बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 543 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान करेंगे। इस एसयूवी में छह एयरबैग, डुअल 10 .25 इंच की डिजिटल स्क्रीन, जेबीएल साउंड सिस्टम, पैनोरमिक ग्लास रूफ और टॉप वेरिएंट में लेवल 2 एडीएएस मिलेगा। जानकारों के मुताबिक यह हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक और महिंद्रा बीई 6 को टक्कर देती नजर आएगी।







### 25 अपडेट्स के साथ आई नई हुंडई वरना

हुंडई इंडिया ने अपनी पॉपुलर सेडान 'वरना' का नया मॉडल पेश किया है, इसके जरिए कंपनी की नजर मिड साइज सेडान सेगमेंट के खरीदारों पर है। कंपनी ने इस लग्जरी सेडान में डिजाइन, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी से जुड़े 25 से ज्यादा बड़े बदलाव किए हैं। एक्सटीरियर में भी कई कॉस्मेटिक और स्टाइलिश बदलाव हुए हैं। इसमें ब्लैक क्रोम रेडिएटर ग्रिल, डुअल एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप्स और नए डिजाइन के फ्रंट और रियर बंपर दिए गए हैं। कार को स्पोर्टी लुक देने के लिए 16-इंच के डायमंड-कट अलॉय व्हील्स लगाए गए हैं। 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग के कारण इस कार का मुकाबला होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और फॉक्सवैगन वर्टस से माना जा रहा है। इस कार को 25 हजार रुपये की राशि देकर बुक किया जा सकता है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 11 लाख रुपये है।



### अब धमाल मचाने आ रही टाटा सिएरा ईवी

- टाटा सिएरा पिछले दिनों लॉन्च हुई चर्चित गाड़ियों में शुमार रही थी। इस कार को ग्राहकों ने कितना पसंद किया, इसका अंदाजा इसकी बुकिंग से लगाया जा सकता है, जिसने वेटिंग पीरियड लंबा कर दिया। अब टाटा सिएरा ईवी की लॉन्चिग आकर्षण के केंद्र में है। कंपनी इस इलेक्ट्रिक वेरिएंट को भी हाथोहाथ लिए जाने की उम्मीद लगाए है। टाटा सिएरा ईवी को अगले दो माह के भीतर लॉन्च किया जाएगा। यह कार रोज यात्रा करने वालों के लिए उन लोगों के लिए भरोसेमंद होगी, जिनके पास घर में चार्जिंग की सुविधा है और जो अपना मासिक ईंधन खर्च काफी कम करना चाहते हैं। सिएरा ईवी रेट्रो-प्रेरित डिजाइन को आधुनिक ईवी आर्किटेक्चर के साथ जोड़ती है। इसके इंटीरियर में टिकाऊ सामग्री और सिएरा श्रृंखला की खासियत वाला विशाल केबिन लेआउट होगा। एक बार चार्ज करने पर इसकी रेंज लगभग 500 किलोमीटर होने की उम्मीद है। डीसी फास्ट चार्जर से एक घंटे से कम समय में इसे 60 फीसदी तक चार्ज किया जा सकेगा। कंपनी का दावा है कि सिएरा ईवी ईंधन की लागत को खत्म कर देती है। कम रखरखाव और संचालन लागत इसे समान मूल्य वर्ग में पेट्रोल से चलने वाली कारों के मुकाबले बेहतर दावेदार बनाती हैं। इस कार की अनुमानित कीमत 18 से 24 लाख के बीच होने की उम्मीद है।



### ऑडी एसक्यू 8 में पावर और भव्यता का संतुलन

- जिन लोगों को लगता रहा है कि ऑडी स्टैंडर्ड क्यू 8 में ताकत की थोड़ी कमी है, तो एसक्यू 8 उम्मीदों पर खरी उतरने वाली है। एसक्यू 8 में इंजन तो 4 .0-लीटर ट्विन-टर्बो वी8 ही लगा है, लेकिन कम ट्यूनिंग के साथ, जो 507एचपी और 770 एएम का पावर जनरेट करता है। ऑडी का दावा है कि यह कार 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार 4 .1 सेकंड में पकड़ लेती है। इस एसयूवी में मैट्रिक्स एलईडी हेडलाइट्स, स्पोर्टी डिजाइन एलिमेंट्स और प्रीमियम केबिन जैसी सुविधाएं हैं और इसे कस्टमाइज्ड यूनिट के रूप में लाया गया है। यह स्टैंडर्ड क्यू8 और टॉप-रेंज आरएस क्यू8 के बीच सटीक रूप से फिट बैठती है, जिससे खरीदारों को एक आकर्षक मध्य विकल्प मिलता है। इसकी अनुमानित कीमत 1.50 से 1.90 करोड़ एक्स-शोरूम रहने वाली है।

अमृत विचार
अयोध्या, सोमवार, 16 मार्च 2026
www.amritvichar.com



**न्यूज ब्रीफ**

### एल्युमिनियम ढलाई बंद होने का हिंडाल्को ने खंडन किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज धातु विनिर्माता कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने रविवार को एल्युमिनियम ढलाई व्यवसाय बंद होने की खबरों का खंडन करते हुए कहा कि कंपनी के इस व्यवसाय की बिक्री या संचालन को नहीं रोका गया है। कंपनी ने कहा कि हाल ही में ग्राहकों को भेजी गई सूचना केवल संभावित आपूर्ति व्यवधान के संबंध में सामान्य व्यावसायिक जानकारी थी। वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में कंपनी के समग्र परिचालन या वित्तीय प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

### पंजाब : मान का उद्योग जगत से पूर्ण सरकारी सहयोग का वादा

**मोहाली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को उद्योगपतियों को पूर्ण सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन का आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य को एक प्रमुख औद्योगिक और निर्यात केंद्र बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर मान ने कहा कि इस आयोजन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की भागीदारी ने औद्योगिक विकास के लिए सही माहौल तैयार किया है और यह राज्य की आर्थिक प्रगति को तेज करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सम्मेलन के दौरान आए निवेश प्रस्तावों और तय परियोजनाओं की प्रगति का छह माह बाद फिर मूल्यांकन किया जाएगा।

# पेट्रोल-डीजल मूल्य स्थिर रखने का बोझ अब रिफाइनरी भी भुगतेंगी

## विपणन कंपनियां कर रही हैं रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क पर रोक लगाने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से खुद को हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने की तैयारी कर रही हैं। माना जा रहा है कि इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है।

पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गई हैं। हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिस वजह से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है। सूत्रों का कहना है कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है।

यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पाएंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा। सूत्रों के अनुसार, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन परिचालन के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं।



### इन रिफाइनरी पर असर

मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी एकल रिफाइनरियों का खुदरा बाजार में न के बराबर दखल है, वे अपना अधिकांश उत्पादन ओएमसी को बेचती हैं। ऐसे में उनके मार्जिन पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी रिफाइनरी भी प्रभावित होंगी। ये दोनों अपने उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा ओएमसी को बेचती हैं।

### युद्ध के बीच उचित कीमत पर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा कोल इंडिया

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता रहेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है। सीआईएल देश के कुल बिजली उत्पादन में 55 प्रतिशत का योगदान देती है और देश की मुख्य वाणिज्यिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत पूरा करती है। कंपनी के अधिकारी ने कहा कि गर्मियों में बिजली की मांग में अनुमानित वृद्धि को पूरा करने के लिए देश में पर्याप्त कोयले का भंडार है।

### अदाणी-टोटल गैस ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटाई

कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम प्रति मानक घन मीटर 119.90 से घटाकर 82.95 रुपये कर दिए हैं। कहा है कि यह संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

# आईआईए ने केंद्र से एमएसएमई इकाइयों में गैस संकट के समाधान की उम्मीद जताई

- एमएसएमई इकाइयों में प्रभावित हो रही हैं विनिर्माण गतिविधियां

**आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा- वास्तविक कमी से ज्यादा ये रसद-आपूर्ति श्रृंखला का मामला**

**बरेली, अमृत विचार:** एलपीजी और औद्योगिक गैस की आपूर्ति में रुकावट के कारण कई एमएसएमई इकाइयों ने विनिर्माण गतिविधियों के प्रभावित होने की बात कही है, जिस पर इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने भी चिंता जताई है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा है कि वर्तमान स्थिति गैस की वास्तविक कमी से कहीं अधिक रसद और आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित है। उन्होंने इसके समाधान के लिए केंद्र सरकार और संबंधित आपूर्ति एजेंसियों के हस्तक्षेप और समन्वय की उम्मीद जताई है।

आईआईए अध्यक्ष ने कहा है कि संस्था को इस समस्या के कारण बंद हुई औद्योगिक इकाइयों की संख्या के संबंध में पुष्ट आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं। हालांकि, उसने देश भर में अपने सदस्यों से गैस संकट के कारण हो रही परिचालन संबंधी कठिनाई, उत्पादन में व्यवधान या बंद होने की सूचनाएं मांगी हैं ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित मंच पर रखा जा सके। दिनेश गोयल ने कहा, गैस की कमी से भट्टियों, हीटिंग सिस्टम और प्रसंस्करण इकाइयों में गैस का उपयोग करने वाले उद्योग भी काफी प्रभावित होते हैं। इंडक्शन-आधारित भट्टियां और हीटिंग सिस्टम जैसे इलेक्ट्रिक विकल्प कुछ औद्योगिक प्रक्रियाओं में आंशिक समाधान ही प्रदान कर सकते हैं। उनकी व्यवहारिकता तकनीकी उपयुक्तता और बिजली लागत पर भी निर्भर करेगी। उन्होंने कहा, संस्था स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और हितधारकों के साथ संपर्क में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एमएसएमई के संचालन में गंभीर रूप से बाधा न आए।



### ये उद्योग सबसे ज्यादा संकट में

पैकेजिंग सामग्री निर्माण, प्लास्टिक घटक और एक्सट्रूजन इकाइयां, ऑटो पार्ट्स निर्माण इकाइयां, मशीनरी निर्माण और फेब्रिकेशन इकाइयां, रखरखाव और इंजीनियरिंग कार्यशालाएं, बिस्कुट और बन बनाने वाली बेकरी यूनिट और कांच और चूड़ी ढलाई इकाइयां, विशेष रूप से फिरोजाबाद में।

### भविष्य में गैस पर निर्भरता कम करने की भी कोशिश

आईआईए गैस आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम करने के लिए दीर्घकालिक समाधानों पर भी काम कर रहा है। बताया गया कि इस दिशा में उसने आईआईटी रुड़की, आईआईटी वाराणसी और आईआईटी धनबाद सहित प्रमुख तकनीकी संस्थानों के साथ परामर्श शुरू किया है। ताकि औद्योगिक गैस खपत कम करने की तकनीक, लघु एवं मध्यम उद्यमों की विनिर्माण प्रक्रियाओं के लिए वैकल्पिक ऊर्जा विकल्प और टिकाऊ उत्पादन प्रणालियों जैसी संभावनाओं का पता लगाया जा सके।

# यात्रा नीति के दुरुपयोग में फंसे एयर इंडिया के 4,000 कर्मचारी

- अब भारी जुर्माने के साथ वसूली जा रही है हड़पी गई धनराशि

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई हैं। इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारियों को चिह्नित किया गया है जिसके बाद एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने के साथ सुधारात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है। उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है। एयर इंडिया ने संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिए ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

### मुफ्त टिकट लेकर ऊंचे दाम पर दूसरों को बेचे

ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके परिजनों को मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है। कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया।

# विदेशी मुद्रा भंडार में 11.68 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा भंडार में 6 मार्च को समाप्त सप्ताह 11.683 अरब डॉलर की गिरावट रही और सप्ताहांत पर यह 716.81 अरब डॉलर रहा।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.88 अरब डॉलर बढ़कर 563.245 अरब रुपये रह गई। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा जापानी येन, ब्रितानी पाउंड और यूरो शामिल हैं जिनके मूल्य का निर्धारण डॉलर के मुकाबले उनके संदर्भ दर से होता है। स्वर्ण भंडार में 1.612 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई और यह 6 मार्च को 130.017 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.5 करोड़ डॉलर और विशेष आहरण अधिकार 14.6 करोड़ डॉलर घटकर क्रमशः 4.828 अरब डॉलर और 18.72 अरब डॉलर पर रहे।

# उपभोक्ता आयोग का आदेश असफल एटीएम लेनदेन पर मुआवजा देगा बैंक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित उपभोक्ता आयोग ने सेवा में कमी के मामले में एक्सिस बैंक को फटकार लगाते हुए उसे एक ग्राहक को राशि वापस करने और 10,000 रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया है। ग्राहक को आठ वर्ष पहले एक असफल एटीएम लेनदेन में 5,000 रुपये का नुकसान हुआ था।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एटीएम में ग्राहक के बैंक खाते से राशि डेबिट होने के बाद नकदी नहीं मिलने को गंभीर मामला बताया। कहा कि ऐसे लेनदेन की जांच करना और ग्राहक को तत्काल राहत देना बैंक की जिम्मेदारी है। आयोग ने पाया कि बैंक ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया, न लोकपाल के माध्यम से निष्पक्ष सुनवाई प्रदान की। यह असफल लेनदेन 19 अगस्त, 2018 का है। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष सतीश सप्रे और सदस्य मिलिंद केदार ने एकपक्षीय रूप से की, क्योंकि कानूनी नोटिस दिए जाने के बावजूद एक्सिस बैंक आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

# आयकर विभाग की मुकदमा प्रणाली में बदलाव किया जाए

- संसदीय समिति ने की विशेषज्ञ मुकदमा समिति बनाने की संस्तुति

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की एक समिति ने आयकर विभाग से उच्च न्यायालयों या उच्चतम न्यायालय में अपील दायर करने से पहले कर विवाद के मामलों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ मुकदमा समिति गठित करने को कहा है। समिति ने मुकदमेबाजी के प्रति विभाग के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव का आह्वान भी किया है।

वित्त मामलों की स्थायी समिति ने 2024-25 में उच्च न्यायालय के स्तर पर आयकर विभाग की सफलता दर महज 12.07 प्रतिशत और आईटीएटी स्तर पर 14.50 प्रतिशत रहने पर चिंता जताई है। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार आने वाले प्रतिकूल परिणाम प्रणालीगत कमजोरियों की ओर इशारा करते हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इसलिए केवल यांत्रिक तरीके से अपील दायर करने के मुद्दे को हल करने की आवश्यकता है। अक्सर व्यक्तिगत जिम्मेदारी या सतर्कता जांच से बचने के लिए ऐसा किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के समक्ष 3.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विवादित राशि वाले 23,230 मामले लंबित हैं। इसी तरह, उच्च न्यायालय में 5.65 लाख करोड़ रुपये के 41,321 मामले और उच्चतम न्यायालय में 25,403 करोड़ रुपये की मांग वाले 6,880 मामले लंबित हैं।

# स्थाई लाइसेंस देने का एफएसएसएआई का निर्णय परिवर्तनकारी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं संरक्षा प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा खाने-पीने की चीजों को व्यवसायियों को स्थायी लाइसेंस देने के निर्णय को परिवर्तनकारी बताया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि इससे व्यवसायियों को बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण नहीं कराना होगा और अनुपालना का बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि ये बड़े सुधार सरकार के उस विजन के अनुरूप हैं जिसके तहत नियामकीय प्रक्रियाओं को सरल बनाकर व्यापारियों, छोटे उद्यमियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।



मेरठ में रविवार को एक गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर रिफिल कराने के लिए लगी लोगों को लंबी कतार।

# देश में एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में घरेलू एलपीजी रिफिल बुकिंग में गिरावट आई है और यह अब लगभग 77 लाख पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से यह दावा करते हुए बताया गया है कि बुकिंग की स्थिति 13 मार्च को यह 88.8 लाख थी।

**सरकार ने किया दावा डीजल-पेट्रोल एलपीजी की कोई कमी नहीं**

सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और किसी तरह की कमी नहीं है। सरकार ने पश्चिम एशिया की स्थिति के प्रभाव पर जारी दैनिक अपडेट में बताया कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग का हिस्सा बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गया है, जो पहले 84 प्रतिशत था। इसका श्रेय तेल विपणन कंपनियों द्वारा डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने और लोगों को एलपीजी डीलरशिप पर लंबी कतारों में खड़ा होकर ज़रूरत से ज्यादा खरीदारी करने से रोकने वाले अभियान को दिया गया है। सरकार ने बताया कि देश की सभी घरेलू रिफाइनरी पूरी क्षमता पर काम कर रही हैं और पर्याप्त कच्चे तेल का भंडारण बनाए हुए हैं। सरकार ने कहा कि देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग पूरी करने के लिए इन ईंधनों का कोई आयात आवश्यक नहीं है।

**नए वित्तीय वर्ष में नए नियम**

# कुछ आसानी और कुछ मुश्किल

नया वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू होने के साथ एक अप्रैल से इस बार भी कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं। ये बदलाव मुख्य रूप से आयकर, बैंकिंग लेनदेन और सेवानिवृत्ति बचत से जुड़े हुए हैं। दावा किया गया है कि इन बदलावों से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों पर सकारात्मक असर पड़ेगा और उनके हाथ में अधिक बचत आएगी। इसके अलावा छोटे बैंकिंग लेनदेन सरल होंगे, हालांकि बड़े ट्रांजैक्शन और शेयर बाजार के सौदों पर सरकारी निगरानी और टैक्स का बोझ बढ़ सकता है।




### आयकर और टैक्स स्लैब

- नई टैक्स व्यवस्था अब डिफॉल्ट व्यवस्था होगी, इसके तहत 12 लाख तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।
- पुराने कानून की जगह इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू होगा, जिसमें धाराओं को 500 से घटाकर 333 कर दिया गया है।
- बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को भी उन शहरों में जोड़ा गया है जहां 50% छूट का दावा किया जा सकता है।
- नए नियमों में संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

कंपनियों की ओर से शेयर बायबैक से मिलने वाले पैसे पर डिविडेंड के बजाय कैपिटल गेन्स के रूप में टैक्स लगेगा।

### पैन कार्ड और लेनदेन के नियम

- बैंक या पोस्ट ऑफिस से साल भर में 10 लाख तक के नकद लेनदेन पर अब पैन अनिवार्य नहीं होगा।
- पांच लाख तक के वाहन, 20 लाख तक की संपत्ति की डील में अब पैन देना जरूरी नहीं होगा।
- एक लाख तक के बिल के लिए पैन डिटेल्स की जरूरत नहीं, पहले यह सीमा 50,000 रुपये थी।

### बचत और निवेश

- पीएफ निकासी के नियमों को सरल कर तीन श्रेणियों में सीमित किया गया है। एटीएम/यूपीआई के जरिए पीएफ निकासी की सुविधा शुरू होगी।
- ग्राहक अपने रिटायरमेंट कॉर्पस का 80% हिस्सा एकमुश्त निकाल सकेंगे, पहले यह 60% था। सिर्फ 20% का एन्युइटी लेना अनिवार्य होगा।

### अन्य बड़े बदलाव

- विदेश यात्रा पैकेज और पढ़ाई/इलाज के लिए विदेश पैसे भेजने (एलआरएस) पर टीसीएस की दरों को घटाकर 2% कर दिया गया है।
- 1.5 करोड़ तक टर्नओवर वाले खाद्य व्यापारियों के लिए अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन काफी, 50 करोड़ से ऊपर टर्नओवर पर सेंट्रल लाइसेंस।
- फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में ट्रेडिंग करने वालों के लिए सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स 0.02% से बढ़ाकर 0.05% कर दिया गया है।

### एनएचएआई का वार्षिक पास 75 रुपये महंगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने वार्षिक पास का शुल्क 75 रुपये बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया है।

- अब देने होंगे 3,075 रुपये, एक अप्रैल से लागू होगा नया शुल्क

एनएचएआई ने रविवार को बताया कि वार्षिक पास सुविधा 15 अगस्त, 2025 को शुरू की गई थी ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत मिल सके। अब यह शुल्क वर्तमान के 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,075 रुपये कर दिया गया है। यह संशोधन एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। एनएचएआई के अनुसार, यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरें तय करने और संग्रह) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। एनएचएआई ने कहा कि देश में 56 लाख से अधिक वाहन मालिक फास्टैग वार्षिक पास का लाभ उठा रहे हैं और इसका उपयोग लगातार बढ़ रहा है। नया शुल्क वैध फास्टैग वाले गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगा।

# प्रवासी भारतीयों ने डीएलएफ की 5,250 करोड़ की संपत्तियां खरीदीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में प्रवासी भारतीयों को 5,250 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं।

यह कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार, डीएलएफ लिमिटेड की वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग 16,176 करोड़ रुपये रही। इनमें से विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रवासी भारतीयों को 5,247 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची गईं। इस तरह कुल बिक्री में प्रवासी भारतीयों की हिस्सेदारी बढ़कर 32.5 प्रतिशत हो गई है।

# शीर्ष 10 कंपनियों का पूंजीकरण 4,48,478 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट से बीएसई की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 4,48,478 करोड़ रुपये कम हो गया है।

सबसे अधिक 89,306 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को हुआ। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के एमकैप में 61,715 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 59,082 करोड़ रुपये की गिरावट रही। आईटी क्षेत्र की कंपनी टीसीएस को 53,314 करोड़ रुपये और निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 42,205 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 38,689 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 33,290 करोड़ रुपये घट गया है।

सार्वजनिक बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 31,245 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 24,230.96 करोड़ रुपये कम हुआ। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर के एमकैप में 15,402 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,68,293 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक 12,57,392 करोड़ के साथ दूसरे और एयरटेल 10,28,432 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर रही।

**विश्लेषकों की राय** — कच्चे तेल की कीमतों के साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले का भी पड़ेगा प्रभाव

# ईरान में युद्ध के हालात से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों के मुताबिक इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। इसी कारण भूराजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा है कि इस संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी से भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है।



### उथल-पुथल से भरा रहा पिछला सप्ताह

- पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723.27 अंक या 8.27 प्रतिशत नीचे आ चुका है।
- पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के प्रभाव को देखते हुए विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वियतनाम में नेशनल एसेंबली को मतदान

**हनोई।** वियतनाम में मतदाताओं ने रविवार को नई नेशनल एसेंबली के चुनाव के लिए मतदान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा नेता तो लाम को देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर पुन: निर्वाचित किए जाने के दो महीने बाद यह मतदान हुआ। देश भर में लगभग 7.90 करोड़ मतदाता नेशनल एसेंबली के लिए 864 उम्मीदवारों में से 500 प्रतिनिधियों को चुनने के पात्र हैं। सभी उम्मीदवारों को कम्युनिस्ट पार्टी ने पहले ही मंजूरी दे दी है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एसेंबली पार्टी की राजनीतिक दिशा के अनुरूप बनी रहे। कम्युनिस्ट पार्टी राजनीतिक गतिविधियों को यह दलील देते हुए सख्ती से नियंत्रित करती है कि केंद्रीकृत नेतृत्व देश को बिना किसी बाधा के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बनाता है।

### इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में चार मरे

**रामल्ला।** बेस्ट बैंक के उत्तरी पश्चिमी तट में इजराइली सैनिकों ने एक कार पर गोलीबारी की, जिससे उसमें सवार दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी ने बताया कि ईद के लिए नए कपड़े खरीदने निकले परिवार पर शनिवार देर रात गोली चलाई गई। इजराइल ने कहा कि वह गोलीबारी की जांच कर रहा है। फलस्तीनी रेड क्रिसेंट राहत सेवा ने कहा कि अली और वाएद ओदेह और उनके चार बच्चों में से दो को सिर में गोली लगी थी। समूह ने कहा कि ओदेह परिवार के दो जीवित बच्चों को छर्रे के घाव लगे थे, जिनका उपचार बचाव दल ने घटनास्थल तक पहुंचने की अनुमति मिलने के बाद की। समूह ने आरोप लगाया कि इजराइल ने घटनास्थल पर एम्बुलेंस देरी से भेजी।

### किम ने देखा रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने शनिवार को पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा।

# यूएई के तीन शहरों के लिए एयर इंडिया ने रद्द कीं उड़ानें

- अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह के लिए संचालित की जा रही थीं विशेष उड़ानें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया और उसकी सहायक कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रविवार 15 मार्च की अपनी कई विशेष उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने रविवार को बताया कि यूएई हवाई अड्डा प्राधिकरण के निर्देश पर ये उड़ानें रद्द की गई हैं।

अबु धाबी, रस अल खैमा और शारजाह को जाने वाली विशेष उड़ानों को रद्द किया गया है। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में खेद व्यक्त करते हुए बताया गया है कि प्रभावित यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आगे की तारीखों के लिए टिकट बुक करा सकते हैं या पूरा रिफंड पा सकते हैं। इनके अलावा, दिल्ली से दुबई की एयर इंडिया की पांच में से चार और एयर इंडिया एक्सप्रेस की छह में से पांच उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज नियमित और विशेष के रूप से कुल 72 उड़ानों के परिचालन की सूचना दी थी। नियमित उड़ानें सऊदी अरब के जेद्दा और ओमान की राजधानी मस्कट के लिए उपलब्ध हैं। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने भी दुबई से परिचालन पर प्रतिबंध बढ़ाये जाने की सूचना दी है।

## ताइवान द्वीप के करीब चीनी सैन्य विमानों से हड़कंप

**हांगकांग।** ताइवान ने द्वीप के निकट बड़े पैमाने पर चीनी सैन्य विमानों की मौजूदगी देखी है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। ताइवान के मुताबिक पिछले दो हफ्तों में क्षेत्र में चीनी सैन्य विमानों की गतिविधि में आई भारी गिरावट के बाद यह वृद्धि देखी गई है।

इसने कहा कि शनिवार को मंत्रालय ने द्वीप के आसपास 26 चीनी सैन्य विमानों का पता लगाया, जिनमें से 16 विमान उसके मध्य और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। विमानों की संख्या में यह वृद्धि से विश्लेषक यह समझने में असमंजस में पड़ गए कि चीन की सेना आखिर क्या कर रही है।

# वीटो के चलते सुरक्षा परिषद संघर्ष रोकने में असमर्थ

- संरा प्रमुख गुतारेस बोले-सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि यह स्वीकार करना आवश्यक है कि सुरक्षा परिषद की व्यवस्था में समस्या है और यह वर्तमान दुनिया का प्रतिनिधित्व नहीं करती तथा स्थायी सदस्यों द्वारा वीटो का इस्तेमाल किए जाने के कारण संघर्षों को रोकने में असमर्थ है।

गुतारेस ने शनिवार को बेरूत में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक समस्या है।

आज सुरक्षा परिषद मौजूदा विश्व का प्रतिनिधित्व नहीं करती। यह दरअसल 1945 के बाद के विश्व का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि 15 देशों की परिषद में तीन स्थायी सदस्य यूरोप से, एक एशिया से और एक अमेरिका से हैं, जबकि अफ्रीका या लैटिन अमेरिका से कोई स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए, वीटो के कारण परिषद को वैधता और दक्षता दोनों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हमने बार-बार देखा है कि जब भी संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है और उसे रोकना आवश्यक होता है, तो कोई देश वीटो का इस्तेमाल कर लेता है और सुरक्षा परिषद कार्रवाई नहीं कर पाती। गुतारेस ने कहा कि दुर्भाग्य से, यह एक ऐसी चीज है जिसे हम बार-बार देख रहे हैं और मुझे उम्मीद नहीं है कि निकट भविष्य में स्थिति में कोई बदलाव आएगा।

बता दें कि पिछले दिनों से सुरक्षा परिषद की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान और यूक्रेन-रूस संघर्ष से लेकर पिछले कई संघर्षों में उसकी भूमिका लगभग निष्प्रभावी रही है। ऐसे में कई देशों ने संयुक्त राष्ट्र सहित सुरक्ष परिषद के क्रियाकलाप पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका सहित कई देशों ने तो संयुक्त राष्ट के होने को लेकर सवाल उठाए हैं कि संयुक्त राष्ट्र की जरूरत ही क्या है। भारत सहित कई देशों ने सुरक्षा परिषद में स्थायी देशों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।



### पांच स्थायी सदस्य

सुरक्षा परिषद में चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका वीटो शक्ति वाले पांच स्थायी सदस्य हैं, जबकि 10 अस्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए निर्वाचित होते हैं और उनके पास वीटो शक्ति नहीं होती। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करने के प्रयासों में दशकों से अग्रणी रहा है जिसमें इसकी स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की मांग शामिल है।

# कांग्रेस ने असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल 150 करोड़ रुपये हड़पे

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा-कांग्रेस के शासनकाल में राज्य में व्याप्त था भ्रष्टाचार

- कहा-भाजपा ने अपने10 साल के शासन में व्यवस्था को बदल दिया

**गुवाहाटी, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम में 15 वर्ष के अपने शासनकाल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य सेवा बजट से प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपये अपनी जेब में डाल लिए। शाह ने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा ने राज्य में अपने 10 साल के शासनकाल में इस क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है।

शाह ने 2,092 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखते हुए कहा कि 10 साल पहले असम की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था बदहाल थी क्योंकि कांग्रेस केवल अपने नेताओं के परिवारों की आर्थिक स्थिति के लिए काम कर रही थी।

केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि 2016 तक कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इस क्षेत्र में भ्रष्टाचार हुआ था और कहा कि 15 वर्षों तक, हर साल, राज्य के स्वास्थ्य बजट से 150 करोड़ रुपये उन्होंने अपनी जेब में डाल लिए। उन्होंने कहा कि इन रुपयों को नौ लाख ऐसे बच्चों के इलाज पर खर्च दिखाया गया जो कभी पैदा ही नहीं हुए और 390 आंगनवाड़ी केंद्रों पर खर्च दिखाया गया जिनका निर्माण कभी हुआ ही नहीं। शाह ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए काम करती है और उन्होंने राज्य की चिकित्सा सुविधाओं को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों के बराबर लाने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में असम चिकित्सा देखभाल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। इससे पहले शाह ने यहां 675 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का उद्घाटन किया। गोलाघाट और तिनसुकिया में निर्मित कैंसर केंद्रों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। इनमें से प्रत्येक केंद्र का निर्माण 135 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने दीफू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (220 करोड़ रुपये), जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (310 करोड़) और बारपेटा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (284 करोड़) में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की ऑनलाइन माध्यम से आधारशिला रखी। शाह ने गुवाहाटी में 218 करोड़ रुपये से बनने वाले स्वास्थ्य भवन और 115 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अभयपुरी जिला अस्पताल की भी आधारशिला रखी।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया। असम के सीएम हेमंत बिश्वा शर्मा भी मौजूद रहे।

### गृहमंत्री ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करने के उनके प्रयास में देश को बदनाम करने के उनके कृत्यों का कोई भी भारतीय समर्थन नहीं करता। उन्होंने नयी दिल्ली में हाल में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस के शर्ट उताकर विरोध प्रदर्शन करने और संसद भवन की सीढ़ियों पर चाय-पकौड़ा खाने के लिए गांधी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे।

## श्रीलंका में क्यूआर कोड से वाहनों को अब मिलेगा ईंधन

**कोलंबो।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के कारण तेल आपूर्ति मार्गों में आए व्यवधानों को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने रविवार से देश भर में वाहनों के लिए अनिवार्य क्यूआर कोड प्रणाली के माध्यम से ईंधन वितरण शुरू कर दिया है। ऊर्जा मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कदम देश के ईंधन भंडार का कुशल प्रबंधन करने और आर्थिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आज सुबह से प्रभावी हो गई है। अब किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना पंजीकृत क्यूआर कोड के वाहनों को ईंधन जारी नहीं किया जाएगा। सरकार ने इस प्रणाली के साथ-साथ वाहनों के लिए साप्ताहिक ईंधन कोटा भी निर्धारित किया है। इसके तहत बसों को 60 लीटर, कारों को 15 लीटर, मोटरसाइकिल को 5 लीटर, वैन को 40 लीटर और भारी वाहनों (लॉरी) को 200 लीटर ईंधन आवंटित किया गया है। इसके अलावा थ्री-व्हीलर्स के लिए 15 लीटर और विशेष प्रयोजन वाहनों के लिए 40 लीटर की सीमा तय की गई है। ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति में बाधा और घरेलू मांग में अचानक आई तेजी के कारण मौजूदा स्टॉक का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जरूरी हो गया था।

# पश्चिम बंगाल में पुजारियों और मुअज्जिनों का मानदेय बढ़ाया

- विधानसभा चुनाव के एलान के पूर्व ममता बनर्जी ने की घोषणा

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को राज्य में हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में वृद्धि की घोषणा की और कहा कि यह कदम राज्य की आध्यात्मिक एवं सामाजिक परंपराओं को बनाए रखने में उनकी भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से उठाया गया है।

बनर्जी ने अपने आधिकारिक व्हाट्सएप चैनल पर एक संदेश में कहा कि पुजारियों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल मानदेय 2,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब राज्य सरकार विभिन्न सामुदायिक समूहों को लक्षित कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार कर रही है।

राज्य की व्यापक कल्याणकारी पहलों के अंतर्गत बनर्जी के कार्यकाल में धार्मिक पदाधिकारियों के लिए मानदेय योजना शुरू की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पंजीकृत हिंदू पुजारियों और मुस्लिम मुअज्जिनों को सरकार से मासिक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसका उद्देश्य उन व्यक्तियों की सहायता करना है जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए समुदाय के मामूली योगदान पर निर्भर रहते हैं। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की नेता बनर्जी ने कहा कि यह निर्णय सांस्कृतिक रूप से विविध राज्य में सामाजिक सद्भाव एवं समावेशिता के प्रति उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल का राजनीतिक माहौल गरमा रहा है और पार्टियां विभिन्न सामाजिक समूहों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हर संभव प्रयास कर रही हैं। राज्य सरकार का कहना है कि यह योजना धार्मिक सेवा प्रदाताओं के लिए कल्याणकारी सहायता के रूप में बनाई गई है जबकि विपक्ष ने अतीत में इस नीति पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया है कि राज्य के धन का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए नहीं होना चाहिए। हालांकि, इस योजना के समर्थकों का कहना है कि मानदेय एक छोटा लेकिन सार्थक उपाय है।



# उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी हुआ ढेर

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए रात भर चले अभियान के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। कश्मीर पुलिस (जेकेपी) की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने केन्द्र शासित प्रदेश में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की पहली कोशिश शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर इलाके में विफल करने में सफलता हासिल की है।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डिग्गी 2 उरी नामक ऑपरेशन अभी भी जारी है। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा घुसपैठ की कोशिश की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, 14-15 मार्च की मध्य रात्रि को उरी सेक्टर के बुच्छर क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। सतर्क सैनिकों ने झाड़ियों में एक आतंकवादी की संदिग्ध गतिविधि देखी। घात लगाकर किए गए हमले की रणनीति में बदलाव किया गया और आतंकवादी को चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। सेना ने एके राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद तथा अन्य सामग्री बरामद किया है।



- सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किया एके राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद

## राष्ट्र के सर्वोच्च हित में कार्य कर रही है केंद्र की सरकार

**समालखा (हरियाणा)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को विश्व में शांति की अपील की और इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार राष्ट्र के सर्वोच्च हित में सभी कदम उठा रही है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले संघ की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की तीन दिवसीय बैठक पर प्रेसवार्ता के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर आरएसएस पदाधिकारी ने कहा कि हम दुनिया में शांति चाहते हैं। आम लोगों का जीवन शांतिपूर्ण और सुखमय होना चाहिए, और हम भी यही चाहते हैं।

आरएसएस के शीर्ष नेता ने कहा कि वे युद्ध के कारणों का विश्लेषण नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश की जनता के हित में हरसंभव प्रयास कर रही है। होसबाले ने यहां पत्रकारों से कहा कि देश के सर्वोच्च हित में जो उचित है, वही वे (भारतीय सरकार) कर रहे हैं तथा उनका कदम सही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद भारत के कुछ हिस्सों में भड़के विरोध प्रदर्शनों के बारे में पूछे जाने पर होसबाले ने कहा कि लोग किसी व्यक्ति की मृत्यु पर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन यह शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए।

# यूरोपीय यूनियन से अपने द्विपक्षीय संबंध को और मजबूत करेगा भारत

- दो दिवसीय यात्रा पर ब्रसेल्स के लिए रवाना हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के साथ वार्ता के लिए रविवार को ब्रसेल्स का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। जनवरी में दोनों पक्षों के बीच एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगने के बाद भारत की ओर से ब्रसेल्स का यह पहला उच्चस्तरीय दौरा है। ब्रसेल्स में ईयू का मुख्यालय है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर यूरोपीय आयोग की उपाध्यक्ष काजा कैलास के निमंत्रण पर बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स जा रहे हैं, जहां वह 27 देशों वाले ईयू के विदेश मंत्रियों से एक बैठक के दौरान बातचीत करेंगे। मंत्रालय ने कहा, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री यूरोपीय यूनियन के नेताओं और बेल्जियम तथा अन्य ईयू सदस्य देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें भी करेंगे। मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि ऐतिहासिक 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन के ठीक बाद हो रही विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत होने की उम्मीद है।



### जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक युर्गेन हाबरमास का निधन

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रसिद्ध दार्शनिक और सामाजिक विचारक युर्गेन हाबरमास का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन की जानकारी शनिवार को उनके प्रकाशक सुह्रकैंप वर्लाग ने दी। जर्मनी के डसेलडोर्फ में 1929 में जन्मे हाबरमास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के दौर में जर्मनी के सबसे प्रभावशाली दार्शनिकों और सार्वजनिक बुद्धिजीवियों में गिने जाते थे। उन्होंने 1960 के दशक में फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र और समाजशास्त्र का अध्यापन शुरू किया और उस समय पश्चिम जर्मनी के विश्वविद्यालयों में हुए छात्र आंदोलनों का समर्थन किया। हाबरमास को फ्रैंकफर्ट स्कूल का प्रमुख विचारक माना जाता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। अपने काम में लगातार सुधार करते रहें। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन** – आज अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। बनते कार्यों में विघ्न आने की संभावना है। अनावश्यक यात्रा करने से बचें।

**कर्क** – आज मन में संदेह की भावना न आने दें। परिजनों की चिंता हो सकती है। खर्चों को लेकर अत्यंत चिंतित रहेंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। धन के लेन-देन वाले कार्य कर सकते हैं। भविष्य को लेकर आप योजना बनाएंगे।

**कन्या** – आज गृह कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शांतिपूर्ण तरीके से आपके काम होंगे।

**तुला** – आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। छात्रों को शिक्षा में मनोनुकूल परिणाम मिलेगा। करियर में सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** – आज भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी उन्नति से उल्लासित रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी।

**धनु** – आज संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। भविष्य के विषय में आपको थोड़ा सोच-विचार करना पड़ेगा। परिजनों के व्यवहार से क्षुब्ध रहेंगे।

**मकर** – आज अपना व्यवहार संयमित रखें। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। किसी मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है।

**कुंभ** – आज दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। संतान के विवाह की चिंता दूर होगी। मित्रों के साथ हंसी-मजाक में समय बिताएंगे।

**मीन** – आज कार्यक्षमता में कमी महसूस होगी। अपनी कमियों में सुधार लाने का प्रयास करें। कारोबार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 16 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 09 .40 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**- धनिष्ठा पूर्ण रात्रि।

### सुडोकू - 89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

### सुडोकू -90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

**साक्षरता शिविर** न्यायमूर्ति सूर्यकांत बोले-लोग राहत और न्याय पाने की उम्मीद में आते हैं अदालत

# सेवाभाव से काम करें न्यायिक प्रणालियां : सीजेआई

**मंडी (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि न्यायिक परिसरों को अस्पतालों की तरह ही सेवाभाव की भावना से काम करना चाहिए, क्योंकि लोग न्याय और राहत की उम्मीद लेकर अदालतों में आते हैं।

मंडी के न्यायिक अदालत परिसर की आधारशिला रखने के बाद एक विधि साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुविधाओं में वृद्धि के साथ न्यायिक प्रणाली की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि चर्चा अक्सर मौलिक अधिकारों पर केंद्रित रहती है, लेकिन मौलिक कर्तव्य भी संविधान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया। बताया कि प्रस्तावित मंडी न्यायिक अदालत परिसर का निर्माण 9.6 हेक्टेयर क्षेत्र में 152 करोड़ से किया जाएगा। परिसर में चार ब्लॉक होंगे, जो न्यायाधीशों, वकीलों और आम लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को न्याय और अधिकार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है। कहा कि सरकार संविधान की भावना के अनुरूप समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम कर रही है।

### लोक अदालतों में 5.5 लाख लंबित वाद निपटे

उन्होंने बताया कि सरकार ने लोक अदालतों के माध्यम से लगभग 5.5 लाख लंबित मामलों का निपटारा किया है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि आज की चर्चा न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं।

## अरावली पहाड़ियों के लिए बनाई गई समिति के नामों को केंद्र ने दी मंजूरी

- परिभाषा तय करने के लिए गठित की गई है उच्चाधिकार समिति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उसे केंद्रीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा प्रस्तावित 10 सदस्यीय उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति पर कोई आपत्ति नहीं है, जिसे अरावली की पहाड़ियों और पर्वतमाला की एक समान परिभाषा तय करने का कार्य सौंपा गया है। शीर्ष अदालत में दाखिल एक हलफनामे में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति के लिए सुझाए गए नामों का समर्थन किया है। इस समिति में भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण(जीएसआई) और भारतीय सर्वेक्षण विभाग से जुड़े वर्तमान तथा सेवानिवृत्त नौकरशाहों के साथ-साथ शिक्षाविद भी शामिल हैं। हलफनामे में कहा गया है, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निवेदन करता है कि उच्च-स्तरीय समिति के गठन के लिए सुझाए गए उपरोक्त नामों पर यदि यह न्यायालय विचार करता है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है।



> सफलता का कोई सीक्रेट नहीं होता, सबकुछ कड़ी मेहनत से होता है। पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर्स ने जो सफलता हासिल की है उसके लिए वे बेहद कड़ी मेहनत करते हैं। जाहिर तौर पर केवल मैदान पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही नहीं बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वालों की कड़ी मेहनत शामिल है।
>
> –रोहित शर्मा

**हाईलाइट**

## मर्सीडीज के किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में दर्ज की पहली जीत



**शंघाई।** किमी एंटोनेली ने रविवार को हुई चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए। इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा। एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा।

## सेल्वा प्रभु ने एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17 .05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया।

## भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच 31 मार्च को

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज ने लिया संन्यास

**कराची।** भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। उन्होंने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

# संजू लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही जिता सकता है मैच : गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं।आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया।

गंभीर ने कहा हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और



89 रन बनाए। गंभीर ने कहा मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, ठीक है। हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था।

उन्होंने कहा मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है। हम बस और अधिक आक्रामक होना चाहते थे। पिछले डेढ़ साल से हमारी मानसिकता यही रही है कि मैदान पर उतरकर हम जितना हो सके उतना आक्रामक प्रदर्शन करें।

संजू को टीम में लाने का कारण दूसरे छोर से ऑफ-स्पिनर को नियंत्रित करना नहीं बल्कि इस बात पर आधारित था कि क्या हम पहले छह ओवरों में और अधिक आक्रामक हो सकते हैं। अभिषेक टूर्नामेंट के पहले तीन मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे लेकिन उन्होंने इसके बाद दो अर्धशतक लगाए जिनमें फाइनल में लगाया गया अर्धशतक भी शामिल है। आईपीएल 2014 में मेरा अनुभव उससे भी बदतर रहा था जब मैं लगातार चार मैचों में शून्य पर आउट हुआ। मैंने उससे बस इतना कहा था कि लोग आपके स्कोर देखेंगे और आपकी फॉर्म के बारे में बात करेंगे, लेकिन असल में आप खराब फॉर्म नहीं हो, बस रन नहीं बना पा रहे हैं।



# गिल और मंधाना को बीसीसीआई के शीर्ष पुरस्कार से नवाजा गया

### रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को यहां आयोजित बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग) चुना गया।

गिल ने प्रतिष्ठित 'पॉली उमरीगर पुरस्कार' जीता जबकि मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल का यह दूसरा 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' पुरस्कार है, इससे पहले उन्होंने 2023 में यह पुरस्कार जीता था। पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान भारतीय क्रिकेट में उनके बेहतरीन योगदान को देखते हुए दिया गया। गिल के लिए 2025 का साल बेहद शानदार रहा और उन्होंने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों में खुद को टीम के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज में से एक के तौर पर स्थापित किया। गिल ने कहा, मैं सबसे पहले यह पुरस्कार देने के लिए बीसीसीआई का धन्यवाद करना चाहता हूं। भारतीय क्रिकेट के कई महान और दिग्गज खिलाड़ी पहले यह सम्मान प्राप्त कर चुके हैं इसलिए यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। पिछले साल हमने भारतीय क्रिकेट टीम के रूप में जो हासिल किया, पांच आईसीसी ट्रॉफियां जीतना, वह वास्तव में शानदार था। मुझे नहीं लगता कि पहले ऐसा कभी हुआ होगा। इंग्लैंड दौरे पर कप्तान गिल ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में टीम की अगुवाई करते हुए 10 पारियों में 75.40 के औसत से कुल 754 रन बनाए जिससे वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। पिछले साल भारत की 'चैंपियंस ट्रॉफी' जीत में भी गिल ने अहम भूमिका निभाई थी। मंधाना ने 2025 का समापन कुल 1,703 अंतरराष्ट्रीय रनों के साथ किया। इसमें वनडे में 1,362 रन शामिल हैं जो किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। ऐसा करके मंधाना महिला वनडे क्रिकेट के इतिहास में एक ही कैलेंडर वर्ष में 1,000 रन बनाने वाली पहली बल्लेबाज बन गईं। मंधाना ने कहा मैं इस पुरस्कार के बारे में बात कर सकती हूं, लेकिन टीम का जिक्र किए बिना व्यक्तिगत उपलब्धियों के बारे में बात करना संभव नहीं है। भारत को अपना पहला महिला विश्व कप खिताब दिलाने में भी मंधाना ने अहम योगदान दिया। उन्होंने नौ मैचों में कुल 434 रन बनाए और टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में वह दूसरे स्थान पर रहीं।





नमन अवाड्र्स के दौरान टी-20 विश्व कप विजेता टीम के साथ कप्तान सूर्यकुमार यादव। महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेह राणा, रेणुका सिंह, शेफाली वर्मा और क्रांति गौड़।

## मैदान पर अब दिख रही है भारतीय क्रिकेट की असली क्षमता : राहुल द्रविड़

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि देश की समृद्ध क्रिकेट प्रतिभा अब मैदान पर असली सफलता में बदल रही है और वैश्विक टूर्नामेंटों में लगातार मिल रही जीत भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से मौजूद प्रतिभा को दर्शाती है। पिछले दो वर्षों में भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने पुरुषों के पिछले दो टी20 विश्व कप, महिला वनडे विश्व कप, पुरुष अंडर-19 विश्व कप और महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीते हैं। बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा यह सब कुछ सही लग रहा है, है ना? उन्होंने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अपार क्षमता रही है और अब वह मैदान पर भी दिखाई दे रही है। मैदान के बाहर हमारे पास वह सबकुछ था जिसकी हमें जरूरत थी और अब मैदान पर भी उस क्षमता का साकार होते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। द्रविड़ ने कहा कि यह सफलता कई कारकों के एक साथ आने का परिणाम है, खिलाड़ियों से लेकर प्रशासकों और प्रशंसकों तक, सभी ने इसमें योगदान दिया है। उन्होंने 1996 में अपने पदार्पण के समय को याद करते हुए कहा यह अभूतपूर्व रहा है। पिछले तीन दशकों में भारतीय क्रिकेट जिस तरह से आगे बढ़ा है, उसे देखना वाकई कमाल का रहा है। द्रविड़ ने कहा भारतीय क्रिकेट में हमेशा से अद्भुत प्रतिभा रही है।

## भारत अब ऐसा बार-बार करेगा : संजू सैमसन

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 विश्व कप खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने रविवार को कहा कि देश आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक क्रिकेट पर राज करने के लिए तैयार है। यहां बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 के मौके पर सैमसन ने भारत की जीत के सफर के दौरान अपने प्रदर्शन की तुलना एक फिल्म से की और कहा कि उन्हें अब भी इस पर यकीन नहीं हो रहा है। पिछले रविवार की जीत के बारे में पूछे जाने पर सैमसन ने कहा अब भी जब मैं सुबह उठता हूं तो सोचता हूं कि क्या सच में ऐसा हुआ है? ईमानदारी से कहूं तो यही अहसास है। उन्होंने कहा लेकिन मुझे लगता है कि हमारे देश में जिस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह जीत बार-बार दोहराई जाएगी। जिस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए भारत निश्चित रूप से अब ऐसा बार-बार करेगा। टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद सैमसन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने सिर्फ पांच पारियों में लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाया।

# वेस्टइंडीज के खिलाड़ी स्वदेश पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में हुआ विलंब

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बताया कि आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अब सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। उन्हें पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण यात्रा में आई रुकावटों की वजह से भारत में रुकना पड़ा था। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध ने यात्रा की योजनाओं को पूरी तरह से बिगाड़ दिया था जिसके चलते वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें कोलकाता में फंस गई थीं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दुबई में हवाई क्षेत्र और हवाई अड्डे बंद कर दिए गए थे। वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप में अपना आखिरी मैच एक मार्च को कोलकाता में खेला था। आईसीसी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि खिलाड़ियों का आखिरी समूह भी रवाना हो गया है। शनिवार को जारी एक बयान में सीडब्ल्यूआई ने पुष्टि की कि टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा रहे सभी खिलाड़ी और टीम प्रबंधन के सदस्य अपनी यात्रा पूरी करके अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गए हैं। सीडब्ल्यूआई ने कहा, ''''खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का आखिरी समूह पिछले कुछ दिनों में अपनी यात्रा पूरी करके अब सुरक्षित रूप से अपने-अपने गंतव्य तक पहुंच गया है।'''' वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस हफ्ते की शुरुआत में ही रवाना हो गए थे जबकि बाकी 16 खिलाड़ियों के लिए व्यावसायिक उड़ाने बुक की गई थीं। सीडब्ल्यूआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ की वापसी में मदद करने और तालमेल बैठाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड, क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्ड और अन्य संबंधित पक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा हम वेस्टइंडीज के प्रशंसकों और पूरे क्रिकेट जगत का भी उनकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद करते हैं।



घर पहुंचने की खुशी।

## गुलवीर ने न्यूयॉर्क में राष्ट्रीय हॉफ मैराथन रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के स्टार धावक गुलवीर सिंह ने अपने करियर में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए रविवार को प्रतिष्ठित न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया और साथ ही 21.1 किमी की दूरी का पुरुषों का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

सेना के इस 27 वर्षीय धावक ने 59 मिनट 42 सेकेंड का समय लेकर दौड़ पूरी की। वह दक्षिण अफ्रीका के एड्रियन वाइल्डशट से पीछे रहे जिन्होंने 59 मिनट 30 सेकेंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। मोरक्को में जन्मे अमेरिका के लंबी दूरी के धावक जुहैर तालबी 59 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का स्वाद चखाया

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)**

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज़ ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज़ पर पहली जीत है। सिनर ने ज्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है।इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है।

**इंडियन वेल्स**



दानिल मेदवेदेव व कार्लोस अल्काराज।

**रिकॉर्ड**

### 16 वर्ष के विंगर मैक्स डोमैन ने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम के लिए स्टॉपेज टाइम में किया गोल

# प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने मैक्स डोमैन

**लंदन, एजेंसी**

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।




### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची

1. मैक्स डोमैन : 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)
2. जेम्स वॉन : 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)
3. जेम्स मिलनर : 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड)
4. वायने रूनी : 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल)
5. रियो न्गुमोहा : 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)

